रविवार
16 जून 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



नियोजित शिक्षक को मिलेगी खुशखबरी, 26 जून से शुरू होगी सक्षमता परीक्षा

2

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

नारायणपुर में सुरक्षाबलों ने आठ नक्सलियों को किया ढेर, एक जवान शहीद

- अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी
- सुरक्षाबलों ने विस्फोटक वाले सीरीज आईईडी और एक कुकर बम बरामद किया

एजेंसी/रायपुर



छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। अभी मुठभेड़ जारी है। अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल शामिल हैं।

सीएम विष्णुदेव का नक्सली हमलें की दी जानकारी

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की भी दुःखद खबर आ रही है। घायल जवानों को तत्काल एयरलिफ्ट कर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया जा रहा है। ईश्वर से शहीद जवान की आत्मा की शांति और घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। नक्सलियों के खिलाफ हो रही कड़ी कार्रवाई से नक्सली विचलित हैं। उनके खात्मे के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तत्पर है और जब तक लक्ष्य पूरा नहीं हो जाता हम चुप नहीं बैठेंगे।

एक जवान शहीद, दो घायल

नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की सूचना प्राप्त हो रही है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नक्सलियों खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहा है।

आईईडी और एक कुकर बम बरामद

छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों ने 30-30 किलो विस्फोटक वाले सीरीज आईईडी और एक कुकर बम बरामद किया। जिला बल और 231 बीएन सीआरपीएफ के बम निरोधक दस्ते के संयुक्त अभियान के तहत ये कार्रवाई की गई है। अबूझमाड़ में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ पर नारायणपुर के एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि हमें दो दिन पहले सूचना मिली थी और विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी अभियान शुरू किया गया था। आज सुबह मुठभेड़ के बाद हमने आठ हथियारबंद नक्सलियों के शव बरामद किए।

राजगीर आ रहे हैं पीएम मोदी

नई दिल्ली। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 19 जून को राजगीर स्थित अंतर्राष्ट्रीय नालन्दा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम शामिल होने पहुंचेंगे। नालन्दा विश्वविद्यालय के नवनिर्मित कैंपस (परिसर) के उदघाटन समारोह में शिरकत करने को लेकर, पीएम मोदी का आगमन संभावित है। इस दौरान वह देश विदेश के स्टूडेंट्स को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का राजगीर में पहली बार आगमन होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार पीएम मोदी की राजगीर यात्रा बनारस से शुरू होगी। वह 19 जून को बनारस एयरपोर्ट से साढ़े 08 बजे गया के लिए उड़ान भरेंगे। इसके लिए कड़ी सुरक्षा रखी गई है।

राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन 250 मीटर गहरी खाई गिरी

टेंपो ट्रैवलर अलकनंदा में गिरा, 14 की मौत, एम्स जाकर सीएम ने लिया जायजा

एजेंसी/ऋषिकेश



उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं।हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था।दस लोग मौके पर ही मृत मिलेशनिवार को ऋषकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैरापिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशासन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गईं। मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घन्टे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। इधर, जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। हादसे पर डीएम, एसपी ने गहरा दुख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं डीएम ने कहा कि घटना की पूरी निगरानी रखी जा रही है। ताकि पीड़ितों को हर सहायता उपलब्ध कराया जा सके।

वाहन का नहीं था पंजीकरण

दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था। साथ ही यात्रियों का पंजीकरण भी नहीं था। ट्रिप कार्ड व पंजीकरण की बाध्यता सिर्फ चारधाम वाहनों व यात्रियों के लिए है। बताया जा रहा है कि जब ब्रहमपुरी में वाहन को पंजीकरण जांच के लिए रोका गया तो चालक ने चोपता तुंगनाथ ट्रिप पर जाने की बात कही। जिस पर वाहन को चेक पोस्ट से छोड़ दिया गया। वाहन में सभी सवार युवा थे। जो चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला की ट्रिप पर पर निकले थे। वाहन हरियाणा का था। जिसका एक साल पहले ही पंजीकरण किया गया था। वाहन के सभी दस्तावेज पूर्ण थे। वाहन में यात्री दिल्ली से बैठाए गए थे। प्रशासन का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। ताकि यह स्पष्ट हो सके कि कहां चूक हुई थी। जिससे इतनी बड़ी घटना हुई।

पीएम मोदी ने जताया दुःख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रप्रयाग जिले में हुए हादसे पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

सीएम ने हादसे पर जताया दुख

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रैवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नजदीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है। डीएम को घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं।

अमित शाह ने जताया दुख

सड़क दुर्घटना पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट साझा कर कहा कि मेरी संवेदनाएं इस हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों के साथ हैं। स्थानीय प्रशासन और एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं और घायलों को हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा पर बीजेपी सख्त, नड्डा ने जांच के लिए की कमेटी गठित

- ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्षी दलों के कार्यकताओं और मतदाताओं पर हमला करते हैं

केटी न्यूज/नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पश्चिम बंगाल में कथित राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए शनिवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। पार्टी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मूकदर्शक बने रहने का आरोप लगाया। इस समिति में पार्टी सांसद बिप्लब कुमार देब, रविशंकर प्रसाद, बृजलाल और कविता पाटीदार शामिल हैं। देब इस समिति के संयोजक हैं। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य शांतनु सेन ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा खारिज किये जाने के बाद भाजपा अब बहाने ढूंढ रही है। राज्य में लोकसभा की 42 सीट में से तृणमूल कांग्रेस ने 29, भाजपा ने 12 और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत दर्ज की।

ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई- भाजपा

भाजपा ने एक बयान में कहा कि ममता बनर्जी मूकदर्शक बनी हुई हैं, उनकी पार्टी के अपराधी बेखौफ होकर विपक्षी दलों के कार्यकताओं और मतदाताओं पर हमला करते हैं और उन्हें डराते-धमकाते हैं। यहां तक कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भी इन ज्यादतियों पर संज्ञान लिया है और 21 जून तक केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की तैनाती बढ़ा दी है तथा मामले की सुनवाई 18 जून को तय की है। भाजपा ने कहा कि देशभर में लोकसभा चुनाव हुए, लेकिन पश्चिम बंगाल को छोड़कर कहीं से भी राजनीतिक हिंसा की कोई घटना सामने नहीं आई। परंतु पश्चिम बंगाल हिंसा का गढ़ बना हुआ था। आये दिन कार्यकर्ताओं पर हमले के वीडियों को दिखाई पड़ते थे। रोकने वाला कोई नहीं था।

चुनाव बाद की हिंसा की चपेट में राज्य

भाजपा ने आरोप लगाया कि राज्य चुनाव बाद की हिंसा की चपेट में है। इसी तरह की हिंसा हमने 2021 के विधानसभा चुनाव के बाद देखी थी। इन आरोपों के जवाब में तृणमूल कांग्रेस के नेता ने कहा कि भाजपा उम्मीदवारों ने चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष बताया था। लेकिन निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, वे अब बहाने बना रहे हैं और चुनाव बाद हिंसा की झूठी कहानी गढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ छिटपुट घटनाएं हो सकती हैं, जिनका कारण पारिवारिक या स्थानीय विवाद हो सकते हैं। भाजपा अपनी कमी को छुपाने के लिए हिंस की बात उठा रही है। जबकि सच्चाई है कि भाजपा का प्रदर्शन काफी खराब था।

हमलों के कारण बेघर हो गए हैं लोग

इस बीच, पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कूचबिहार जिले में भाजपा के उन कार्यकताओं से मुलाकात की, जो चुनाव के बाद तृणमूल कांग्रेस के कथित हमलों से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यदि राज्यपाल सी वी आनंद बोस मुझे समय देते हैं, तो मैं रविवार को राजभवन में उनसे उन 100 लोगों के साथ मिलूंगा, जो तृणमूल कांग्रेस के हमलों के कारण बेघर हो गए हैं। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने चुनाव बाद की हिंसा से प्रभावित लोगों के साथ राजभवन के बाहर पांच दिन तक धरना देने के लिए कोलकाता पुलिस से अनुमति मांगी है।

मणिपुर सीएम के आवास में लगी आग, बुझाने में लगे तीन दमकल

एजेंसी/गंगटोक

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के सरकारी बंगले के पास राज्य सचिवालय परिसर की एक इमारत में शनिवार शाम को भीषण आग लग गई। यह जानकारी पुलिस ने दी। एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए दमकल की कम से कम तीन गाड़ियों को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के आधिकारिक बंगले के पास शनिवार को एक खाली पड़ी इमारत में आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने एक घंटे के भीतर आग पर काबू पा लिया। आग की घटना के बाद मुख्यमंत्री के बंगले की सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी, हालांकि आग कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि यह इमारत गोवा के पूर्व मुख्य सचिव दिवंगत आईएएस अधिकारी टी किपगेन के परिवार की थी। पिछले साल मणिपुर में हिंसा भड़कने के बाद से यह घर खाली पड़ा है।

पटना में दिनदहाड़े पिस्टल दिखाकर बेखौफ अपराधियों ने एक्सिस बैंक से लूटा 19 लाख

एजेंसी/पटना



खौफ बदमाशों ने लूट की बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। अपराधियों ने बिहटा के देखूली स्थित एक्सिस बैंक की शाखा को अपना निशाना बनाया है। शनिवार को बैंक खुलते ही बदमाशों ने धावा बोल दिया और बैंककर्मियों को बंधक बनाकर करीब 19 लाख लूटकर फरार हो गए। बैंककर्मियों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर कई थानों की पुलिस टीम के साथ पुलिस के आला अधिकारी पहुंचे हैं और मामले की छानबीन की जा रही है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। दिनदहाड़े हुई लूट की इस वारदात के बाद इलाके के लोगों में हड़कंप मच गया है। चार नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। मामले की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। बिहटा-मनेर मुख्य मार्ग पर बिहटा थाने से तीन किलीमीटर दूरी पर देवकुली गांव स्थित एक्सिस बैंक में लूट हुई है। हथियार के बल पर बैंक के तिजोरी से 17.50 लाख, ग्राहक से 41 हजार और फाइनेंस कर्मी से 1 लाख 45 हजार लूट लिए। सुबह 11.41 बजे अपराधी बैंक में घुसे थे और सिर्फ 10 मिनट में लूट की बड़ी घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए।



जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की

इटली में पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी, बाइडन ने लगाया गले

केटी न्यूज/लखनऊ



जी7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच नेशन सत्र में दुनिया भर के नेताओं ने एक साथ फोटो खिंचवाई। जी7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की। पीएम ने सभी देशों के साथ कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी और इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी की सेल्फी और नमस्ते सबसे ज्यादा चर्चा में रहा। पीएम मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इंसियो लूला दा सिल्वा, तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति को गले लगा लिया। इटली में जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पीएम मोदी ने जापान के पीएम किशिदा से मुलाकात की। पीएम मोदी ने कहा कि शांतिपूर्ण, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के बीच मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। हम बुनियादी ढांचे और सांस्कृतिक संबंधों को भी औरआगे बढ़ाना चाहते हैं।वैश्विक नेताओं से मुलाकात करते हुए पीएम मोदी ने आज इटली की प्रधानमंत्री और जी7 शिखर सम्मेलन की मेजबान जार्जिया मेलोनी से मुलाकात की। खास बात यह है कि इटली की पीएम ने भारतीय अंदाज में नमस्ते करके पीएम मोदी का स्वागत किया। जी-7 सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्रीय के सचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी के साथ एक दूसरे का अभिवादन स्वीकार किया। जी-7 के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन से मिलना हमेशा सुखद होता है। जी 7 के मौके पर पीएम मोदी ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। इस मौके पर पीएम मोदी ने लोगों की सेवा करने के लिए पोप की तारीफ की। इटली में प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषिसुनक से मुलाकात की। मैंने भारत-ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच सेमीकंडक्टर, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे क्षेत्रों में संबंधों को गहरा करने की काफी गुंजाइश है।

बोले प्रशांत किशोर...एक दिन भी टेंट में रहे तेजस्वी तो अगले दिन खटिया से उठ नहीं पाएंगे

केटी न्यूज/पटना



जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर के ऊपर बीते दिन तेजस्वी यादव ने हमला करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर अपने जिला अधिकारियों को पैसे देते हैं पदयात्रा में चल रहे लोगों को 5 स्टार की सुविधा देते हैं इसी पर प्रशांत किशोर ने तेजस्वी यादव को आईना दिखाते हुए कहा कि माननीय नेता तेजस्वी यादव ने कहा प्रशांत किशोर के लोग पदयात्रा के समय 5 स्टार टेंट में रहते हैं। मैं इतने लोगों के सामने बोल रहा हूं क्योंकि आप वो हैं जो खुद उन टेंट में रह रहे हैं। 1 दिन तेजस्वी यादव को टेंट में रहना हो तो अगले दिन खटिया से उठेंगे नहीं। तेजस्वी यादव को बाहर से उजला चमकता हुआ दिखता है तो उन्हें 5 स्टार लगता है। तेजस्वी यादव को पता नहीं है कि वहां पर लड़के किन परेशानी में अपना जीवन खफा रहे हैं, मगर ये बात तेजस्वी यादव को समझ नहीं आएगा। तेजस्वी यादव ने बिहार को 5 स्टार जैसा छोड़ा कहां है।

5 स्टार टेंट में रहें यही सपना लेकर तो आज वो इन टेंट में रह रहे हैं। इस कड़ी धूप में वह हेलीकॉप्टर पर नहीं चलते है। बल्कि गरीब जनता के साथ उनके हक के लिए पैदल मार्च करते है। जब तक जनता की समस्या को नहीं समझेंगे। उनके दर्द को नहीं जानकारी ले पाएंगे। तब तक उसका सामाधान नहीं कर सकते है। नेता व अधिकारी एससी कमरा में बैठकर योजना बना रहे है। इसलिए योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही है। जब नेता व अधिकारी एससी से बाहर आएंगे। तभी योजनाओं को मूर्त रूप दिया जा सकता है। इसके लिए तेजस्वी को केवल मंच से भाषण नहीं देना होगा। भाषण देने के बाद एससी में चले जाते। वह टेंट में आकर जनता के साथ रात गुजारें। तब उन्हें उनके दुःख दर्द का एहसास होगा।

विपक्ष का काम है भ्रम फैलाना : गिरिराज सिंह



पटना। बिहार में पिछले कुछ दिनों से लगातार अपराध के मामले में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। ऐसे में इस बढ़ते अपराध ग्राफ को लेकर बिहार के नेता विपक्ष तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया है और कहा है कि साजिशन यादव समाज के लोगों की हत्या करवाई जा रही है। इसके बाद अब इस ममाले में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पलटवार किया है। गिरिराज सिंह ने कहा है कि अपराधियों की कोई जात नहीं होती है। गिरिराज सिंह ने कहा कि क्रिमिनल की कोई जात नहीं होती। अपराधियों की कोई जात नहीं होती। जनता ने जिसे व्हीलचेयर पर बैठाकर झुनझुना थमा दिया वो आज इस तरह की बात कर रहे हैं। अब जनता सब समझती और जानती है की कौन क्या कर रहा है और क्या नहीं कर रहा है। इसलिए इस मामले में अधिक नहीं कहा जा सकता है। इसके अलावा बिहार से मोदी मंत्रिमंडल में आठ सदस्यों को शामिल करने के बाद भी बेहतर मंत्रालय नहीं दिए जाने को लेकर उठ रहे सवाल पर गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मंत्रियों को विकास का जिम्मा दिया है हम लोग देश के साथ-साथ बिहार का विकास करेंगे और इसको नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। उधर, एनडीए की सरकार अधिक दिन नहीं चलने के दावों को लेकर गिरिराज सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि विपक्ष का काम है भ्रम फैलाना।

नीट परीक्षार्थी बिहार के अलग-अलग जिलों, अभिभावकों से भी होगी पूछताछ

नीट पेपर लीक मामले में ईओयू का बड़ा एक्शन, 9 परीक्षार्थियों को भेजा नोटिस

- प्राइवेट स्कूल में पहले से ही कुछ स्टूडेंट को प्रश्न पत्र रटवाने का मामला सामने आया

केटी न्यूज/पटना



बिहार में नीट (यूजी) पेपर लीक मामले की जांच कर रही आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ा एक्शन लिया है। ईओयू ने 9 परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा है। यह सभी नीट परीक्षार्थी बिहार के अलग-अलग जिलों के हैं। इनलोगों को अभिभावकों के साथ पूछताछ के लिए ईओयू कार्यालय बुलाया है। पुलिस की छानबीन में सॉल्वर गिरोह के पास 13 परीक्षार्थियों के रोल कोड मिले थे। इनमें से चार को पुलिस ने उसी समय गिरफ्तार कर लिया था। वहीं शेष नौ की जानकारी मिलने के बाद अब पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दरअसल, इस बार देश भर में पांच मई को नीट की परीक्षा आयोजित करवाई गई थी। ऐसे में पटना में एक सॉल्वर गिरोह के द्वारा एक प्राइवेट स्कूल में पहले से ही कुछ स्टूडेंट को प्रश्न पत्र रटवाने का मामला सामने आया था। पुलिस की छानबीन में सॉल्वर गिरोह के पास 13 परीक्षार्थियों के रोल कोड मिले थे। इनमें से चार को पुलिस ने उसी समय गिरफ्तार कर लिया था बाकि के नौ परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी के लिए ईओयू ने एनटीए को पत्र लिखा था। उसके बाद एनटीए ने अपने जवाब में मांगे गए परीक्षार्थियों का प्रवेश-पत्र भेजा था। इसके जरिए ईओयू को परीक्षार्थियों के मोबाइल नंबर और पते की जानकारी मिल गई। इसी पते पर नोटिस भेजकर परीक्षार्थियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इसके अलावा एनटीए से अन्य जानकारी के लिए फिर से पत्राचार भी किया जा रहा है। परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों से सॉल्वर गिरोह से उनके जुड़ाव के बारे में सवाल किया जाएगा। यह पूछा जाएगा कि सॉल्वर गिरोह तक उनके रोल-कोड कैसे पहुंचे। एनटीए से मिली जानकारी के आधार पर नीट के नौ परीक्षार्थियों को नोटिस भेजा गया है।

बीजेपी केंद्र में रहे तो पेपर लीक होना तय: तेजस्वी

पटना। नीट परीक्षा में धांधली को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। मामले की जांच और परीक्षा को रद्द करने की मांग की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का कहना है कि दिल्ली,पटना, झारखंड के कई सेंटरों पर एक ही क्रम में बैठे अभ्यर्थियों के 720 में से 720 नंबर आना इस परीक्षा पर संदेह पैदा करता है। वही प्रदर्शनकारियों का यह भी कहना है कि जो छात्र लेट से परीक्षा केंद्र पर पहुंचा उसे बोनस अंक किस आधार पर दिये गये इसे लेकर अभी तक किसी तरह का स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। छात्र नीट भर्ती परीक्षा को तत्काल रद्द करने की मांग कर रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में तेजस्वी यादव सामने आए हैं। तेजस्वी यादव का कहना है कि नीट पेपर लीक बहुत ही गंभीर विषय है। हिरासत में अपराधी कबूल रहा है कि पेपर लीक किया गया है। अभ्यर्थी, अभिभावक, विद्यार्थी, युवा सभी चिंतित हैं। पूरी व्यवस्था सशंकित है पर एनडीए सरकार नख से शिख तक अहंकार में इतनी डूबी है कि देश में परीक्षाओं की विश्वसनीयता की सरासर अनदेखी करते हुए पेपर लीक के सबूत सार्वजनिक होने, जाँच-गिरफ्तारी और साजिशकताओं द्वारा जुर्म कबूलने के बाद भी यह मानने को तैयार ही नहीं हैं कि नीट परीक्षा में कुछ धांधली भी हुई है। तेजस्वी ने आगे कहा कि सब सबूत सामने है लेकिन केंद्रीय शिक्षा मंत्री इतने अनभिज्ञ है कि मानने को तैयार ही नहीं हैं कि कुछ गड़बड़ हुआ भी है। अहंकारी मोदी सरकार कुंभकर्णी नींद में ऐसे सोई है कि लाखों अभ्यर्थियों के सपनों में आग भी लग जाए तो इन्हें परवाह नहीं।

छापेमारी करने गई पुलिस पर हमला, तलवार से काट दी दारोगा की अंगुलियां

पटना। बिहार में बालू माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बालू के अवैध कारोबार में लगे बदमाश लगातार पुलिसकर्मियों को अपना निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला पश्चिम चंपारण के बेतिया से सामना आया है, जहां छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर बालू माफिया के लोगों ने हमला बोल दिया और तलवार से वार कर दारोगा की अंगुलियां काट ली और आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा लिया। दरअसलल, पूरा मामला मटियारिया के हौदा डुमरा गांव के नया टोला की है, जहां पुलिस टीम छानेमारी करने के लिए पहुंची थी। पुलिस टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था, तभी बालू माफिया के समर्थकों ने हमला बोल दिया और दारोगा पर तलवार से हमला कर उसके हाथ की दो अंगुलियां काट दिया और आरोपी को पुलिस की गिरफ्त से छुड़ा कर अपने साथ ले भागे। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायल दारोगा को इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया है। बालू माफिया के हमले में दो और जवान शंभू खतईत और शंभू प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनका इलाज भी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।



बीजेपी का ध्यान विधानसभा चुनाव पर, तैयारी शुरू

पटना। देश भर में लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुका है। इसके साथ नई सरकार का गठन कर मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिया गया है। इसके बाद आप बीजेपी उन राज्यों पर फोकस करने में लग गई है जहां आगामी साल में विधानसभा का चुनाव होना है। ऐसे में सबसे बड़ा नाम बिहार का है जहां अगले साल विधानसभा का चुनाव होना है और इस बार भाजपा को लोकसभा चुनाव में 9 सीटों का नुकसान झेलना पड़ा है। लिहाजा भाजपा अभी से ही यहां एक्टिव हो गई है। दरअसल, लोकसभा चुनाव में 70 प्रतिशत सफलता हासिल करने वाली भाजपा की बिहार इकाई विधानसभा चुनाव को लेकर सक्रिय हो गई है। पार्टी के तरफ से बुलाई गई बैठक में जिला अध्यक्ष जिला प्रभारी लोकसभा प्रभारी एवं लोकसभा संयोजक से लेकर विधानसभा विस्तारक को अभी से ही क्षेत्र में काम शुरू करने का दायित्व सौंप दिया गया है।


नियोजित शिक्षक को मिलेगी खुशखबरी, 26 जून से शुरू होगी सक्षमता परीक्षा, संशोधित कार्यक्रम हुआ जारी

केटी न्यूज/पटना



बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने सक्षमता परीक्षा 2024 2.0 की तिथि जारी कर दी है। परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर द्वारा की गई है। घोषित तिथि के अनुसार यह परीक्षा 26 जून, 2024 से 28 जून 2024 तक आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में 85 हजार से भी अधिक शिक्षक शामिल हों सकते हैं। यह परीक्षापरीक्षा केंद्रों पर ऑनलाइन मोड में किया जाएगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा बताया गया है कि सक्षमता परीक्षा 2024 2.0 के लिए एडमिट कार्ड भी जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा 1-5) शिक्षक अभ्यर्थियों, मध्य विद्यालय के (कक्षा 6-8) के शिक्षक अभ्यर्थियों, माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा 9-10) के शिक्षक अभ्यर्थियों एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के (कक्षा 11-12) के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए आयोजित इस परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे, जिसके लिए 2:30 घंटे का समय निर्धारित है।

वहीं, इस परीक्षा में परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए जिन शिक्षक आवेदकों का आवेदन पत्र ऑनलाइन विधि से उनके जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से समिति को प्राप्त हुआ है, उनका प्रवेश पत्र समिति की वेबसाइट पर जल्द ही अपलोड कर दिया जायेगा। वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर एवं उस पर लॉग इन आइडी में अपना आवेदन नंबर एवं पासवर्ड में अपनी जन्मतिथि अंकित कर लॉगिन कर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। उधर, माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन 18 जून को किया जाना था, जोकि अब 20 जून को पुनर्निधारित कर दिया गया है। बिहार एसटीईटी परीक्षा का आयोजन 20 जून को पूर्वनिर्धारित केंद्रों पर दो पालियों में किया जाएगा। इसके लिए अलग से एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा। उम्मीदवारों को पहले जारी प्रवेश पत्र ही साथ लाना होगा। वहीं सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहेंगे।



दर्दनाक : अयोध्या से रामलला का दर्शन कर छपरा लौटने के दौरान बगही में हुआ हादसा

कार में लगी भीषण आग, पति के सामने जिंदा जल गई पत्नी

केटी न्यूज/पटना



छपरा में एक दर्दनाक हादसे में पति के सामने की उसकी पत्नी की मौत हो गई। अयोध्या से रामलला के दर्शन कर वापस लौट रहे पति-पत्नी की कार में अचानक आग लग गई। जिसमें पति तो किसी तरह से बच गया लेकिन पत्नी की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना तरैया थाना क्षेत्र के एसएच 104 स्थित बगही गांव के पास की है। मृतका की पहचान अवतार नगर के पकवलिया गांव निवासी दीपक राय की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि दीपक राय और उनकी पत्नी सोनी देवी अयोध्या गए थे। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद दोनों वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान बगही गांव के पास स्विफ्ट डिजायर कार में अचानक आग लग गई। कार में आग लगने के बाद दीपक तो किसी तरह से कार से बाहर निकल गया लेकिन पिछली सीट पर सो रही सोनी देवी अंदर ही फंस गई। आग लगने के बाद कार का दरवाजा लॉक हो गया था। लाख कोशिश के बाद भी दीपक अपनी पत्नी सोनी को कार से बाहर नहीं निकाल पाया और उसके सामने ही सोनी की जलकर मौत हो गई। उधर, ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कार में लगी आग को बुझाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले के छानबीन में जुट गई है।

घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया है और उनका रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं दीपक राय का कहना है कि वह अपनी पत्नी के साथ आ रहे थे। भगवान के दर्शन के बाद वह लोग काफी खुश थे। परंतु उन्हें क्या पता था कि यह पत्नी के साथ अंतिम तीर्थ यात्रा होगी। उनका कहना है कि मैंने लाख प्रयास किया। परंतु बचाने में असफल रहा। आग की लपटों ने उसे बचाने नहीं दिया। रोते ही पति का कहना है कि आगे की उसकी जिन्दगी कैसे चलेगी।

इंजीनियरिंग छात्रों के खाने में निकला सांप का टुकड़ा, 10 से अधिक बीमार

पटना। बिहार हमेशा से ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बना रहता है। इसी कड़ी में अब एक ताजा मामला बांका से निकल कर सामने आ रहा है। जहां जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर दूर लकड़ी कोला स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में भोजन खाने से करीब 10 छात्र बीमार हो गए। सबसे बड़ी बात यह है कि इस मामले में छात्रों का कहना है कि उनके खाने में मरे हुए सांप का टुकड़ा पाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, इंजीनियरिंग कॉलेज में भोजन खाने के बाद छात्र अचानक से बीमार होने लगे। जिसके बाद इन्हें अस्पताल में एडमिट करवाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने इलाज किया। हालांकि सभी छात्र खतरे से बाहर बताए गए हैं। बीमार होने वालों में गणेश प्रसाद, महेश कुमार, सुन्नी कुमार, सरोज कुमार, अभिनव कुमार, रूपेश कुमार, जैमी, अमित राज, अमन कुमार, अश्वनी कुमार आदि शामिल हैं। वहीं, इस मामले में ड्यूटी पर तैनात डा. रविकांत ने बताया कि 10 से अधिक छात्र देर रात अस्पताल आए थे।

प्रखंड में फाइलेरिया के प्रसार दर को जानने के लिए एनबीएस जरूरी: डॉ. श्रीवास्तव

केटी न्यूज/बक्सर

- एनबीएस की तैयारी को ल चौसा में बीसीसी की बैठक
- लोगों को जागरूक करने के लिए चलेगा अभियान
- एनबीएस के लिए प्रखंड में बनाए जायेंगे दो साइट



जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नाइट ब्लड सर्वे का संचालन किया जाना है। जिसको लेकर प्रखंडों में भी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस क्रम में बीते दिन चौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि नाइट ब्लड सर्वे के लिए प्रखंड के दो गांवों का चयन किया जाना है। जिसमें एक सेंटिनल और एक रैंडम साइट बना कर लोगों के खून का सैंपल लिया जाएगा। चयनित स्थलों पर रात 8रू30 से 12 बजे तक की अवधि के दौरान व्यक्तियों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे। जिसे जांच के लिए लैब भेजा जाएगा। चूंकि खून में फाइलेरिया के परजीवी रात में ही सक्रिय होते हैं इसलिए नाइट ब्लड सर्वे से सही रिपोर्ट का पता चल पाता है। जिसे शत प्रतिशत पूरा करने के लिए नाइट ब्लड सर्वे को चार सदस्यीय टीम बनाई गई है। नाइट ब्लड सर्वे की गतिविधियों का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर माइक्रो फाइलेरिया प्रसार के दर को जाना सके।

डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माइक्रो फैलेरिया के प्रसार को रोकना है। जिसके लिए नाइट ब्लड सर्वे के दौरान सामान्य और स्वस्थ दिखने वाले व्यक्तियों की भी जांच जरूरी है। फाइलेरिया या हाथीपांव के लक्षण सामान्य रूप से शुरू में दिखाई नहीं देते हैं। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद इसके लक्षण लगभग पांच से दस सालों बाद दिखाई दे सकता है। इसलिए सामान्य और स्वस्थ दिखने वाले व्यक्ति भी नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम के तहत अपने रक्त के नमूने की जांच अनिवार्य रूप से कराएं। हालांकि, इस बात का खास ध्यान रखना है कि सर्वे के दौरान 20 वर्ष व उससे अधिक उम्र के पुरुषों और महिलाओं का ही सैंपल लिया जाए। इससे कम उम्र के लोगों का सैंपल नहीं लिया जाएगा।

एनबीएस के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी : उन्होंने कहा कि नाइट ब्लड सर्वे के दौरान दोनों साइट्स पर 300-300 लोगों के सैंपल लिए जायेंगे। इसके लिए जरूरी है कि चयनित साइट्स के गांव में लोगों को इस संबंध में जानकारी हो, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों का ब्लड सैंपल लिया जा सके। इस क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि नाइट ब्लड सर्वे के एक दिन पहले सेंटिनल और रैंडम साइट के गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें लोगों को फाइलेरिया के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें नाइट ब्लड सर्वे और सर्वजन दवा सेवन अभियान की महत्ता के संबंध में बताया जाएगा। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग के फ्रंटलाइन वर्कर्स के साथ साथ जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। जिनके माध्यम से स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक किया जा सकेगा। साथ ही, विभाग के निदेर्शानुसार नाइट ब्लड सर्वे के दौरान पंचायती राज संस्थानों के जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी लाइट व अन्य मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था करेंगे। इसके लिए आप सभी संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर समय से सभी आवश्यक सामग्री व वायस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर लें। ताकि, सर्वे का सफल संचालन किया जा सके।

बैठक में आईसीडीएस विभाग की पर्वेक्षिका रेखा देवी, जीविका के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, बीएचएम बीसीएम मंजू कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के अविकल्प मिश्रा व रंजीत कुमार, आशा फैसिलिटेटर, लैब टेक्नीशियन व अन्य लोग मौजूद रहे।

फाइलेरिया का कोई ठोस इलाज नहीं

बैठक में वीबीडीएस गुड्डू पाठक ने बैठक में शामिल लोगों को बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी रोग है, जो एक कृमि जनित मच्छर से फैलने वाला रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। आमतौर पर फाइलेरिया के लक्षण स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं देते, लेकिन बुखार, बदन में खुजली व सूजन की प्रारंभिक समस्या वा दिखाई देती है। इसके अलावा पैरों और हाथों में सूजन, हाथी पांव और हाइड्रोसील की सूजन, फाइलेरिया के लक्षण हैं। फाइलेरिया हो जाने के बाद धीरे- धीरे यह गंभीर रूप लेने लगता है। इसका कोई ठोस इलाज नहीं है। लेकिन इसकी नियमित और उचित देखभाल कर जटिलताओं से बचा जा सकता है।

भीषण गर्मी में जाम से कराह रहे लोग, अधिकारी अलाप रहे अलग अलग सुर

सिस्टम फेल : गोलम्बर पर 48 घंटे से जाम का कहर जारी, नहीं मिला निजात

- जाम के कारण स्थानीय लोगों के साथ दुकानदारों में बढ़ती जा रही है नाराजगी

केटी न्यूज/बक्सर



गोलंबर स्थित चौक पर चारों ओर से लगा वाहनों का जाम।

पिछले 48 घंटे से बक्सर गोलंबर के पास से दलसागर स्थित टोल प्लाजा तक जाम लगा है। इस भीषण गर्मी में एनएच 922 के एक लेन पर जाम लगने से वाहन चालकों तथा यात्रियों को भारी फजीहत का सामान करना पड़ रहा है। शनिवार को भी सुबह से शाम तक गोलंबर से टोल प्लाज तक जाम लगा रहा। जबकि संबंधित अधिकारी इससे निजात दिलाने के बजाय अलग-अलग सुर अलापते रहे।

जाम के कारण सुबह में जिला मुख्यालय में अपने दफ्तर या नौकरी पेशा पर जाने वाले कर्मियों, मजदूरों, कोचिंग जाने वाले छात्र छात्राओं तथा किसी जरूरी काम या ईलाज के लिए आने जाने वालों को पूरे दिन भारी फजीहत झेलनी पड़ी। लोगों को इसी भीषण मौसम में चिलचिलाती दोपहरी में भी घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा। जिससे लोगों में व्यवस्था के प्रति गहरी नाराजगी है। वहीं स्थानीय निवासियों व दुकानदारों को भी हर दिन लगने वाले जाम से परेशानी बढ़ गई है। दुकानदारों की मानें तो महीनों से यह समस्या बनी हुई है, जिस कारण दुकानदारी भी चौपट हो रही है। यदि हालात ऐसे ही रहे तो लोगों का आक्रोश जल्द ही प्रशासन को झेलना पड़ सकता है।

परिवहन विभाग पर उठा सवाल : हर दिन ट्रकों के लगने वाले जाम से परिवहन विभाग की कार्यशैली पर पर सवाल खड़ा हो गया है। इन ट्रकों की जांच पड़ताल के साथ ही परिवहन व्यवस्था को दुरूस्त रखना भी परिवहन विभाग की जिम्मेवारी है, लेकिन विभाग अपनी इस जिम्मेवारी पर खरा नहीं उतर रहा है। जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

अलग अलग राग अलाप रहे जिम्मेवार

इस संबंध में जहां यातायात के संबंधित पदाधिकारी जाम का कारण उत्तर प्रदेश पुलिस का रवैया बताते हैं तो दूसरी तरफ टोल प्लाजा के प्रबंधक इसे प्रशासनिक लापरवाही करार देते हैं। जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि आखिर गोलंबर से टोल प्लाजा तक हर दिन लगने वाले जाम का असर कसूरवार कौन है। जबकि जाम से जूझते लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन इस परेशानी को दूर करने की कोई पहल नहीं करता है तो किसी न किसी दिन चिलचिलाती धूप में खड़े लोगों के लिए यह जाम जानलेवा भी साबित हो जाएगा।



“ हर दिन लगने वाले जाम के कारण न्यायालय में आने वाले अधिवक्ताओं से लेकर वादकारियों को भी इस जाम से हर दिन दो-चार होना पड़ता है। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी पता नहीं क्यों इस समस्या को देखकर आंख मूंदे रहते हैं।

– राघव कुमार पांडेय, अधिवक्ता



“ गोलंबर पर लगने वाले भीषण जाम में कई बार एंबुलेंस में फंस जाती है, जिससे कि रोगियों को काफी परेशानी होती है। ट्रैफिक विभाग अधिकारी प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम को खत्म करने को लेकर कोई कार्य योजना नहीं बना पा रहे हैं।

– गौतम कुमार



“ चुरामनपुर, पड़री जैसे इलाकों में सवारियों को लेकर जाने में रूह कांप जाती है। आने- जाने में कहीं जाम में फंस गए तो फिर कब तक निकलेंग इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में मानसिक परेशानी के साथ आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है।

– आनंद पांडेय



“ टोल प्लाजा की तरफ से 1 मिनट में 3 से ज्यादा वाहनों को छोड़ा जाता है, लेकिन आगे जाकर गोलम्बर के समीप वाहनों को आगे भेजने की गति रूक जाती है। जिससे कि जाम की समस्या बनी रहती है। जाम का कारण प्रशासनिक विफलता है।

– दीपक सिंह, प्रबंधक, टोल प्लाजा



“ गोलंबर पर लगने वाला जाम उत्तर प्रदेश की पुलिस की लापरवाही का नतीजा है। दिनभर पुल पर ट्रकों की लंबी कतार लगी रहती है। हमारे पदाधिकारी जाम को खत्म करने की कोशिश करते हैं, लेकिन मूल वजह उत्तर प्रदेश की पुलिस के द्वारा ट्रकों को अनावश्यक रूप से रोका जाना है।

–रजिया सुल्ताना, यातायात पुलिस उपाधीक्षक

खनन पदाधिकारी से मारपीट मामले में दो गिरफ्तार, मुख्य आरोपित है फरार

बक्सर। खनन पदाधिकारी के साथ मारपीट के मामले में मुफस्सिल पुलिस ने शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, आज भी मुख्य आरोपित पुलिस के गिरफ्त से दूर है। जिन्हें पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

सदर एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनो आरोपी में एक नगर थाना के सोहनी पट्टी निवासी विशाल कुमार मिश्रा तथा दूसरा नदाव के रहने वाले मनु यादव है। जो बालू कारोबारी है। वही, उन्होंने बताया कि इस मामले में दो नामजद सारिमपुर निवासी नेता जी व रिंकू खान व चार अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिनमे सभी अज्ञात की पहचान कर ली गई है। जिसमें दो गिरफ्तार कर लिए गए जबकि, दो सिकरौल थाना क्षेत्र के त्रिलोकी व कमलेश है। हालांकि, अभी मुख्य आरोपित के अलावा त्रिलोकी व कमलेश फरार है। बता दे बीते मंगलवार की सुबह चार बजे के आसपास मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जासो रोड में महदह के समीप अवैध बालू लदी ट्रकों की जांच के दौरान खनन पदाधिकारी को सभी छह बालू कारोबारी सह बालू माफियाओं द्वारा लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया था और सभी आरोपित फरार हो गए थे। जहा गम्भीर अवस्था मे खनन पदाधिकारी का सदर अस्पताल में इलाज कराया गया। इस घटना को लेकर जिला प्रशासन पूरे एक्टिव में हो गई। जहां मुख्य आरोपित के घर छापेमारी व अज्ञात लोगों की पहचान व धर-पकड़ के लिए छापेमारी की जाती रही।

एक नजर

मचा हड़कंप : बालू के अवैध कारोबार को लेकर डीएम ने की छापेमारी, हिरासत में एक



बक्सर। अवैद्य बालू के उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण व रोकथाम हेतु जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल के नेतृत्व में 15 जून को अहले सुबह 03:00 बजे से लेकर सुबह 08:00 बजे तक जासो गोलंबर से नदांव होते हुए महदह, बक्सर कोईलवर बांध इटाढी-धनसोई पथ एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल प्लाजा से वीर कुंवर सेतु पर सघन छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में कुल 18 वाहनों को जप्त किया गया तथा 55,28,291 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही, 01 अभियुक्त को हिरासत में भी लिया गया है, जिसके द्वारा सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न किया जा रहा था। जब्त वाहनों पर परिवहन विभाग एवं खनन विभाग के द्वारा सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सदर अनुमण्डल पदाधिकारी धीरेंद्र कुमार मिश्र, सदर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी बक्सर धीरज कुमार एवं खान निरीक्षकों एवं पुलिस बल भी उपस्थित थे।


सूचना : 30 जून तक आधार सीडिंग नहीं कराने वाले जिले के राशनकार्ड धारकों का कटेगा नाम

बक्सर। जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत आच्छादित राशन कार्ड में अंकित प्रत्येक सदस्यों का आधार सीडिंग कराना अनिवार्य कर दिया है। उन्होंने बताया है कि प्रत्येक सदस्यों के लिए आधार सीडिंग की अनविर्यता हो जाने के बाद लाभुक परिवारों के राशन कार्ड से बिना आधार सीडिंग वाले सदस्यों का नाम हटाया जाएगा। उन्होंने सभी राशन कार्डधारियों को निर्देश दिया है कि संबंधित जन वितरण प्रणाली की दुकानों में जाकर अपने परिवार के सभी सदस्यों का आधार सीडिंग व सत्यापन 30 जून तक निश्चित रूप से करा लें। ताकि भविष्य में खाद्यान्न की प्राप्ति में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हों। लाभुकों को किसी प्रकार की कठिनाई होने पर अपने संबंधित प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी एवं एसडीओ अथवा जिला आपूर्ति पदाधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

दुस्साहस : डुमरांव के शक्ति द्वार के समीप से बाइक की चोरी, अज्ञात पर केस दर्ज

डुमरांव। खरीदारी करने आये एक युवक की बाइक उचक्कों द्वारा शक्ति द्वार के समीप से चोरी कर ली गयी। इस मामले में पीड़ित अकालूपुर अहिरवरन राय के डेरा निवासी विजय प्रसाद गोंड के पुत्र संजीव कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर चोरों की शिनाख्त करने में जुट गयी है। पीड़ित ने पुलिस को दिए गये आवेदन में बताया है कि वह अपने बजाज प्लेटिना बाइक को लेकर डुमरांव में किराना सामानों की खरीदारी करने आया था। वह शक्ति द्वार के समीप सामान खरीद रहा था। इसी दौरान बाइक गायब हो गयी। पीड़ित ने बाइक की काफी खोजबीन किया लेकिन कोई सुराग नही मिला। थक-हारकर पीड़ित ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है। डुमरांव पुलिस ने बताया कि पुलिस मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी हैं।

शांति समिति की बैठक में थानेदार बकरीद पर शरारती तत्वों पर पुलिस की रहेंगी पैनी नजर



बक्सर। बकरीद को लेकर शनिवार को नगर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें बकरीद पर्व को शांति व सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बकरीद पर उपद्रवी व शरारती तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में बकरीद के त्योहार को पूरी तरह से शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए बुद्धिजीवियों तथा गणमान्य लोगों ने अपनी-अपनी बात रखी। बीडीओ ने बताया कि थाना क्षेत्र में आने वाले विभिन्न मस्जिदों के समीप बकरीद के दिन एहतियात के तौर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे। इसके अलावा पुलिस बल द्वारा लगातार गश्ती भी की जायेगी। त्योहार के मौके पर शरारती तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर होगी। अगर कोई भी किसी तरह का अफवाह फैलाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस शराबियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करेगी। नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि शरारती तत्व और शराबियों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी। पर्व को शांतिपूर्ण मनाने में जिलेवासियों की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया कि शहर के विभिन्न मस्जिदों पर सुरक्षा और भीड़ को देखते हुए अलग-अलग समय पर नमाज अदा करने को कहा गया है। इसके लिए समय सारणी तैयार किया गया है। सभी लोगों से समय पर नमाज अदा करने को कहा गया है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि भाईचारे के साथ पर्व को मनाएं। साथ ही जिला प्रशासन का सहयोग करें। वहीं उपस्थित लोगों ने भी पुलिस को हर तरह से सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।

डुमरांव के नये थानाध्यक्ष बने शंभू कुमार भगत बक्सर सर्किल की इंस्पेक्टर बनी प्रशिक्षु डीएसपी

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव की निवर्तमान थानाध्यक्ष रही प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राणा का तबादला हो गया है, अब वे बक्सर सर्किल इंस्पेक्टर के दायित्व का निर्वहन करेंगी। जबकि उनके जगह भोजपुर जिले के तेज तरार्रा इंस्पेक्टर व अपने बेहतर कार्यों के लिए विभाग से सम्मानित हो चुके शंभू कुमार भगत को डुमरांव का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। शंभू कुमार शुक्रवार की शाम ही यहा का पदभार ग्रहण कर चुके है। वे 2009 बैच के पुलिस पदाधिकारी है।

बता दें कि डुमरांव आने से पहले शंभू कुमार आरा के चर्चित प्रोफेसर दंपति हत्याकांड का सफल उद्भेदन तथा भोजपुर में सोन नद में सक्रिय बालू माफियाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही कुख्यात इनामी अपराधी उमाशंकर मिश्र को गिरफ्तार करने जैसा काम कर चुके है। जिसके लिए इन्हें सम्मान भी मिला था। इसके अलावे इनकी गिनती तकनीकी रूप से दक्ष पुलिस पदाधिकारियों में की जाती है तथा साइबर क्राइम के संबंध में इनकी जानकारी भी काफी अच्छी है। डुमरांव पहुंचने के बाद केशव टाइम्स से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मेरी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करना, अपराध पर पूरी तरह से लगाम लगाना तथा अपराधियों की गिरफ्तारी होगी। इसके अलावे शराब तथा मादक पदार्थों के तस्करी पर भी रोक लगाई जाएगी। उन्होंने पुलिस पब्लिक फ्रेंडली सिस्टम पर कहा कि बिना सबके सहयोग के अपराध पर काबू पाना आसान नहीं होगा।

सभी विभाग एवं बैंकर्स समन्वय स्थापित कर जिले के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें: डीएम

केटी न्यूज/बक्सर



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय समन्वय समिति की समीक्षात्मक बैठक कलेक्ट्रेट परिसर अवस्थित सभाकक्ष में की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी बैंक के प्रतिनिधि को माननीय उप मुख्य (वित्त) मंत्री की अध्यक्षता में वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में दिए गए निदेर्शों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। वित्तीय वर्ष 2023-24 के त्रैमासिक मार्च 2024 के सीडी रेशिओ, एसीपी, पीएमईजीपी, कृषि ऋण एवं अन्य योजनाओं पर चर्चा किया गया। बक्सर जिला एसीपी में पूरे राज्य में 37वें स्थान पर है। जिसके आलोक में जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। साथ ही, वितीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। सभी बैंकों के प्रतिनिधि को अपने-अपने बैंक में कितने आवेदन लंबित है, उसकी समीक्षा करते हुए ससमय लंबित आवेदनों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के जिला समन्वयक पदाधिकारी को निर्देशित किया कि प्रत्येक महीना के 15 तथा 30 तारीख को प्रखंड स्तर पर विशेष वित्तीय सहायता कैंप का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को बैंकों द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। सभी बैंक के समन्वयक को निर्देशित किया गया कि शाखा द्वारा पंजी 09 एवं पंजी 10 का मिलान कर सर्टिफिकेट केस की संख्या के भिन्नता को दूर करें। उन्होंने सभी विभाग एवं बैंकर्स आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जिले के विकास में अहम भूमिका निभाने का कार्य करते हुए जिलें के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड के तरफ से ग्रामीण क्षेत्रों में किया जा रहे कार्यों का विस्तार से जानकारी दिया गया। साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2024-25 के पोटेंशियल लिंकेज क्रेडिट प्लान (पीएलपी) के बारे में चर्चा की गई।

बक्सर संसदीय क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी रहे मिथिलेश तिवारी ने आभार यात्रा के दौरा रामगढ़ क्षेत्र में कहा-

मैं कहीं जाने वाला नहीं हूं, अब यहां पर खूंटा गाड़ कर रहूंगा

- नरेंद्र मोदी को पीएम बनाए जाने पर लोगों को दिया धन्यवाद

केटी न्यूज/बक्सर



भले ही मैं बक्सर से चुनाव हार गया हूं, लेकिन देश की जनता ने केन्द्र में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का काम किया है। यह देवतुल्सय जनता तथा सभी एनडीए कार्यकताओं के लिए गर्व की बात है। मुझे चार लाख से अधिक लोगों ने मत दिए है। जिनका मैं आभारी हूं। उक्त बातें बिहार भाजपा के महामंत्री तथा बक्सर संसदीय सीट से पार्टी प्रत्याशी रहे मिथिलेश तिवारी ने शनिवार को कही। वे संसदीय क्षेत्र के रामगढ़ में आभार यात्रा के दौरान कार्यकताओं और आम लोगों को संबोधित किए। उन्होंने कहा कि प्रधामंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने पर मैं सभी कार्यकताओं और मतदाताओं को दिल से आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं कही और जाने वाला नही हूं, अब मैं पूर्ण रुप से बक्सर का हो गया हूं तथा यहा खूंटा गाड़ कर रहूंगा। आगामी विधानसभा चुनाव में बक्सर लोकसभा के सभी 6 विधानसभा सीट को जीतना ही सभी एनडीए कार्यकताओं का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि राजद समर्थक बीएलओ ने बहुत से भारतीय जनता पार्टी के वोटरों का नाम वोटर लिस्ट से डिलीट कर दिया था ताकि राजद को इसका सीधा फायदा मिल सके और जिला प्रशासन ने सेंसेटिव बूथ का लिस्ट किसी व्यक्ति विशेष के कहनें पर जारी किया था।

तिवारी ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा में उपचुनाव होने वाले हैं जिसको जीतना हर एक भाजपा कार्यकर्ता का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बक्सर लोकसभा के विकास के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं, भले ही मैं चुनाव हार गया लेकिन 4 लाख 8 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने जो मुझपर और भाजपा पर भरोसा और विश्वास जताया है उनके लिए मैं हर पल, सदैव तैयार और तत्परता रहूंगा। बैठक को सम्बोधित करते हुए रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक अशोक सिंह और भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष कैमूर मनोज जायसवाल ने कहा कि बक्सर लोकसभा से एनडीए की हार कार्यकताओं सहित मतदाताओं की हार है। बक्सर लोकसभा से राजद भ्रम फैलाकर जीत दर्ज किया है। मौके पर पूर्व बबलू तिवारी, प्रमोद मिश्र, आनंद सिंह, संदेश चौधरी, तरुण सिंह, कृपा शंकर चौबे, दीनानाथ सिंह, श्रीराम राय, अंबिका बिन्द, अशोक सिंह, हृदया राम, अमित पांडेय सहित कई अन्य भाजपा और एनडीए के कार्यकर्ता मौजूद थे।

डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल की लुंज-पुंज व्यवस्था से एसडीओ खफा

एसडीओ ने अस्पताल का किया निरीक्षण, ओपीडी सेवा से कई डॉक्टर रहे नदारद, पूछा स्पष्टीकरण

- एसडीओ के निर्देश पर डॉक्टर कक्ष से एयर कूलर निकाल कर आपातकालीन वार्ड में लगाया

केटी न्यूज/डुमरांव

अनुमंडलीय अस्पताल का एसडीओ राकेश कुमार ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कई खामिया उजागर हुई तो कई डॉक्टर नादारद पाए गए। डा. बिरेन्द्र कुमार की ओपीडी सेवा में मौजूद रहे, उनके कक्ष के आगे मरीजों की भीड़ लगी रही। भीड़ देख एसडीओ ने रोस्टर के अनुसार ओपीडी सेवा में तैनात अन्य डॉक्टरों की खोजबीन शुरू की। ओपीडी सेवा से गायब मिले डा. आलोक कुमार, डा. शिवकुमार चौधरी, बच्चा के डॉक्टर डा. सतीश कुमार से स्पष्टीकरण की मांग की गई। वहीं ओपीडी सेवा में मौजूद चिकित्सक डा. सजनी प्रिया, डा. जुनैद अख्तर के कक्ष में जाकर



अस्पताल का निरीक्षण करते डुमरांव एसडीओ।

उनसे बात की। फिर उन्होंने नवजात बच्चा और उसकी मां के इलाज के लिए बना एमएनसीयू का ताला खुलवाकर जांच किया। फिर बच्चा के डाक्टर को उसमें बैठने की व्यवस्था करने का आदेश दिया।

डॉक्टर मिले अनुपस्थित : एसडीओ के निरीक्षण में ओपीडी सेवा में जहा पांच चिकित्सकों को रोस्टर के अनुसार रहना चाहिए, लेकिन मात्र तीन ही मौजूद थे। अनुपस्थित चिकित्सकों में डा. शिवकुमार चौधरी, बच्चा के डॉक्टर डा. सतीश कुमार गायब मिले। निरीक्षण के दौरान साथ चल रहे अस्पताल प्रबंधक से एसडीओ ने पूछा की गायब डाक्टरों की कोई सूचना है तो उन्होंने बताया की शिवकुमार चौधरी छुट्टी पर हैं और बच्चा के डाक्टर डा. सतीश कुमार बगैर कोई सूचना के गायब हैं। फिर उन्होंने प्रबंधक से पूछा की छुट्टी गए डाक्टर की जगह पर किसी को ड्यूटी पर लगाया गया है कि नहीं, इस पर मैनेजर ने कहा कि नहीं। एसडीओ ने इसे गंभीरता से लेते हुए सारी बातों को नोट्स किया।

नहीं मिला आपातकालीन सेवा में एयर कूलर : एसडीओ जब आपातकालीन सेवा में भर्ती मरीज को देखने गए तो वार्ड में एयर कूलर नहीं लगा हुआ था, मरीज गर्मी से हलकान थे। वहीं स्वास्थ्य कर्मियों के ड्यूटी रूम में कूलर चल रहा था। एसडीओ ने उसमें से कूलर निकलवाकर आपातकालीन वार्ड में लगवाया। कूलर लगने से मरीजों को काफी राहत मिली।

एमएनसीयू का किया निरीक्षण : नवजात बच्चा और उसकी मां के इलाज के लिए पांच साल से एमएनसीयू कक्ष बनकर तैयार है, लेकिन उसका उपयोग नहीं हो रहा है। एसडीओ ने प्रबंधक से एमएनसीयू में हीट वेभ से बीमार मरीजों को भर्ती करने के लिए कहा। फिर इसमें बच्चा के डाक्टर को बैठने की बात कही। बता दें की एमएनसीयू वार्ड में कुल 12 बेड लगे हुए हैं। इस भवन में सभी कुछ उपलब्ध था।

सफाई कर्मियों ने वेतन नहीं मिलने की शिकायत : अनुमंडलीय अस्पताल में एनजीओ के माध्यम से सफाई होती है। सफाई कर्मियों का चार माह से वेतन बंद है। वेतन नहीं मिलने की शिकायत सफाई कर्मियों ने एसडीओ से पहले भी किया था। लिहाजा एसडीओ ने उनसे पुछ की वेतन आपलोगों को अभीतक नहीं मिला है, मैने तो पत्र को इस संबंध उच्च अधिकारियों को लिख दिया था। सभी कर्मियों ने उनके समक्ष अपनी मजबूरी बतायी। एसडीओ ने उन्हें समझाते हुए कहा कि जल्द ही इस कार्रवाई की जाएगी। एसडीओ एक घंटा तक अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करते रहे। जबतक रहे कर्मियों व डाक्टरों में अफरातफरी का माहौल कायम रहा।

ग्रामीण चिकित्सकों को रोग पहचान की दी गई जानकारी

डुमरांव। पीएचसी में ग्रामीण चिकित्सकों को विभान्न प्रकार रोगों की जानकारी के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को डब्लुएचओ की टीम ने आयाजित किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में ग्रामीण चिकित्सकों को लकवा, खसरा, गलाघोंटू, काली खाँसी एव नवजात टेटनस बीमारी को विस्तार से बताया गया।

ग्रामीण चिकित्सकों को बताया की पिछले छह माह के अंदर 15 वर्ष से कम आयु के बच्चे के शरीर के किसी भी हिस्से में अचानक कमजोरी और लुंज-पुंज लकवे का लक्षण हो जाना या किसी भी उम्र के व्यक्ति, जिसमें पालियों का संदेह बना रहता है। वहीं किसी उम्र का व्यक्ति जिसमें बुखार और शरीर का लाल चकते हो या किसी चिकित्सक या स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा उस व्यक्ति में खसरा या रूबेला का संदेह किया जाता है। गलाघोंटू के संबंध में बताया गया फिर काली खांसी और नवजात टेटनस के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण देने वालों में डीईओ डा. वीपी सिंह, डा. प्रेम पीवी, डा. आरबी प्रसाद मौजूद रहे।

एक नजर

केसठ के रामपुर में कोयले से भरे ट्रॅक में लगी भीषण आग, धूं-धूं कर जल गया ट्रक



केसठ। शनिवार को डुमरांव राजवाहा मार्ग पर रामपुर गांव के समीप एक ईट भट्ठा पर कोयले से भरी खड़ी ट्रॅक में अचानक भीषण आग लग गई। जिसके कारण आस पास आफरा तफरी मच गया। आग की लपटे देख ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड की सूचना दी, मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन तबतक पूरी ट्रक जल चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार रामपुर गांव के समीप बुलंद इंट भट्ठा पर कोयले से भरा एक ट्रक खड़ा था, जिसमें अचानक आग लग गई। जिसके कारण आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई। आग की लपटे को देख ग्रामीणों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी तथा अपने स्तर से भी बुझाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में आई फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटो मशक्कत कर आग पर काबू पा इसे आस पास के गांवों में फैलने से बचा लिया। हालांकि इस अगलगी में किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। ग्रामीण बताते है कि ट्रक ईंट भट्ठा के लिए कोयला ले कर आया था। जो भट्ठा के पास उतरने के लिए खड़ी थी। तभी इंजन में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते इंजन धूं-धूं कर जलने लग गया। ग्रामीणों की माने तो इंजन में लगी बैटरी के स्पार्क से निकली चिंगारी से आग लगी थी। वही ग्रामीण बताते है कि समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया गया होता तो आग की आगोश में पूरा ईंट भट्ठा तथा आस पास के गांव भी आ जाते। हालांकि कोयले में आग नहीं लगी थी। आग पर काबू पाए जाने के बाद लोग फायर बिग्रेड की तत्परता की सराहना कर रहे थे।

कार्रवाई : अवैध रूप से बालू लदे दो ट्रक जब्त

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के बक्सर मुख्य नहर मार्ग स्थित बड़का गांव के पास से अवैध बालू लदे एक ट्रक को पुलिस ने जब्त किया है। साथ ही इसकी सूचना खनन पदाधिकारी को देने के साथ ट्रक मालिक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गश्त के दौरान नहर मार्ग पर बड़का गांव के पास एक बालू लदे ट्रक को पकड़ा गया। इधर पुलिस देखते ही ट्रक चालक अपनी वाहन छोड़ भाग निकला। जिसके बाद उक्त ट्रक को पुलिस हिरासत में लेने के बाद थाना लाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक पर बिना चलन का अवैध बालू लदा हुआ है। वही बासुदेवा ओपी पुलिस ने डुमरांव-बिक्रमगंज हाईवे स्थित आथर गांव के पास से एक ओवरलोडेड ट्रक को जब्त किया है। ओपीध्यक्ष ने बताया कि जब्त ट्रक पर कार्रवाई के लिए इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को भेज दी गई है।

जर्जर स्टेशन रोड, दे रहा दुर्घटनाओं को आमंत्रण

डुमरांव। शहर के बीच से गुजरने वाला स्टेशन रोड जर्जर हो चुका है। खासकर लालगंज कड़वी से लंगटू महादेव मंदिर तक करीब तीन किलोमीटर तक यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। जिससे वाहनों चालकों की परेशानी बढ़ गई है। इस पथ पर हर दिन बाइक व टेम्पो जैसे वाहन पलट रहे है। सबसे खराब स्थिति लालगंज कड़वी मोहल्ले के ठाकुरबाड़ी के पास है। जहा करीब 10 मीटर की लंबाई में सड़क पर बड़े बड़े गड्ढें उभरे है। जहां अक्सर बाइक चालक फिसलकर गिरते है तो ऑटो व ई रिक्शा भी दुर्घटना का शिकार हो रहे है। अभी पिछले दिनों ही इस जगह पर यात्रियों से भरी एक ई रिक्शा पलट गई थी। जिसमें एक महिला यात्री का हाथ टूट गया था। स्थानीय निवासी संजय राय ने बताया कि यहा हर दिन दुर्घटनाएं होती है। वही लोगों ने बरसात पूर्व इस पथ के मरम्मत की मांग की है।

शिक्षकों को मिला ऑन लाइन एफएलएन स्कूल किट का प्रशिक्षण

केसठ। शिक्षा विभाग के निर्देश के आलोक में प्रखंड के नामित शिक्षकों को एफएलएन स्कूल किट के उपयोग के लिए ऑन लाइन प्रशिक्षण दिया गया। ऑनलाइन प्रशिक्षण में प्रखंड के विभिन्न प्रारंभिक विद्यालयों में चौथी एवं पांचवीं कक्षा को पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण में एफएलएन स्कूल किट के प्रयोग की विस्तार से जानकारियां दी गई। इस प्रशिक्षण को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बिहार शिक्षा परियोजना परिषद, पटना के पत्र के आलोक में एफएलएन स्कूल किट के उपयोग विषय पर विभिन्न प्रारंभिक स्कूलों के वर्ग चार एवं पांच के बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए पत्र जारी कर निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश राम ने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभिक कक्षाओं में टीएलएम के माध्यम से बच्चों को पढ़ने के लिए विभिन्न प्रकार के टिप्सों की जानकारियां की गई। जिससे शिक्षकों का क्षमतावर्द्धन होगा और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। इस पर प्रशिक्षण में प्रखंड के कुल 27 विद्यालयों से 54 नामित शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के लिए शिक्षा विभाग ने लिंक जारी किया था। लिंक से जुड़कर प्रशिक्षण लेना था।

हंगामेदार रही नये ईओ के साथ बोर्ड की पहली बैठक

केटी न्यूज/बक्सर



शनिवार को बक्सर नगर परिषद के नये चेयरमैन अमित कुमार के आने बाद बोर्ड की पहली बैठक आयोजित हुई। यह बैठक काफी हंगामेदार रही तथा सदस्यों ने पिछली बैठक में चयनित योजनाओं के क्रियान्वयन नहीं होन पर जमकर हंगामा मचाया। बैठक में वर्तमान बजट सत्र में विकास कार्यों को गति देने पर भी विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की शुरूआत पिछली बोर्ड की ली गई योजनाओं पर चर्चा के साथ शुरू हुई। पूर्व में शुरू हुए कार्यों को पूरा नहीं होने को लेकर भी पार्षदों ने हंगामा किया।

विकास कार्यों को गति देने एवं पेंडिंग कार्यों को पूरा कराने को लेकर पार्षदों ने आवाज बुलंद की। वार्ड पार्षद दीपक सिंह ने कहा कि वार्ड में लंबित कार्यों को गुणवत्तापूर्ण पूरा नहीं किया जाता है तो वे लोग आत्मदाह के लिए मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने पूर्व में एजेंडा में लिये गये वार्ड के कार्यों को पूरा कराने में नगर परिषद प्रशासन पर उदासीनत बरतने का आरोप भी लगाया। दीपक ने कहा कि नगर परिषद प्रशासन की उदासीनता से वार्ड के लोग सवाल करने लगे है।

इस दौरान वार्ड पार्षदों ने सभी वार्ड में पूर्व के लिये गये एजेंडा के तहत कार्यों को अबतक नहीं कराने को लेकर आवाज बुलंद किया गया। वहीं बैठक में नगर परिषद द्वारा कुछ एजेंडा पारित किया गया, जिसपर विशेष रूप से चर्चा भी की गई। इनमें किला मैदान के उत्तर में कचरे के डम्प के ऊपर खाली पड़े जगह में मेला के दौरान जुटने वाली वाहनों के लिए पार्किंग बनाने पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही स्टेशन रोड एवं पीपी रोड पर बने डिवाइडर पर गमला लगाकर पौधा लगाने, नगर के सभी मुख्य मार्गों पर पौधा लगाने, रामरेखा घाट पर हनुमान मंदिर से गंगा घाट तक रोड़ पर धौलपुर का लाल पत्थर लगाने और नाले के साथ स्लैब निर्माण कार्य और रामरेखा घाट द्वार को हटाकर नए लाल पत्थर का द्वार बनाने के कार्य पर विचार विमर्श किया गया। विकास कार्य की अधिकता को देखते हुए बोर्ड के द्वारा जेई को रखने पर विचार विमर्श किये जाने, पार्षदों और नगर की जनता द्वारा आए आवेदनों पर विचार विमर्श करने के साथ ही स्टेशन रोड़, कोईरपुरवा स्थित राम जानकी पोखरा में महर्षि विश्वामित्र पार्क बनाने और पोखरा के बीच महर्षि विश्वामित्र जी की प्रतिमा स्थापित करने पर विचार विमर्श किया गया। जबकि मॉडल थाना पर बने रैन बसेरा के बाउंड्री के अंदर से नगर के गरीब एवं असहाय लोगों के लिए भोजन उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श, गौरी शंकर मंदिर के बगल में पोखरा का जीवन जीर्णोद्धार एवं बाउंड्री का कार्य करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में सशक्त समिति के अध्यक्ष सह चेयरमैन कमरून निशा एवं सदस्यों में बबन सिंह, अंजू सिंह, राजू कुमार राय, दीलिप कुमार के साथ रिंकी गुप्ता, दीपक सिंह, हिटलर, रेखा देवी समेत अन्य पार्षद शामिल रहे।

मस्जिद व मदरसा के रास्ते में जलजमाव से परेशानी



केटी न्यूज/डुमरांव

नगर परिषद पर्व-त्योहारों में भी सफाई करने में कोताही ब्रत रहा है। नयाभोजपुर के वार्ड 9 और 10 के लोगों को आने-जाने वाले रास्ते में नाली का पानी गिरकर जलजमाव का रूप ले लिया है। लोगों को इस रास्ते से गुजरने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसी रास्ते से लोग नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद में जाते हैं। साथ ही इसी रास्ते पर मदरसा होने के कारण बच्चों और लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में सहज अनुमान लगया जा सकता है कि रास्ते में नाली का पानी गिरने और जलजमाव होने से लोग कितनी परेशानियां को सामना करते हैं। मंगलवार को ईद है, लोग नमाज पढ़ने के लिए पाक-साफ हो कर इसी रास्ते से गुरेंगे, फिर उन्हें नाली के पानी से होकर ही गुजरना पड़ेगा। इसको लेकर लोगो में काफी आक्रोश है।

नया भोजपुर के लोगों का कहना है कि मंगलवार को ईद पर्व पड़ेगा, लेकिन इस तरफ नगर परिषद का ध्यान ही नहीं है। नयाभोजपुर के सोनू खान, पप्पु कुरैशी, कौसर कुरैशी, मंसूर कुरैशी, साहीना खातून, बिन्नी खातून का कहना है कि इसके लिए कईबार नप के चेयरमैन और ईओ को पत्र भी दिया जा चुका है, लेकिन इस पर कोई संज्ञान नहीं लिया गया। ईद को नमाज पढ़ने लोग कैसे जाएंगे, सभी चिंतित है। इस संबंध में जब चेयमैन सुनीता गुप्ता से बात की गई तो उन्होंने बताया की शीघ्र ही जलजमाव और नाली के गिरने वाली पानी की समस्या को दूर कर दिया जाएगा।



बकरीद 17 को, खरीदारी को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल

अनुमंडल क्षेत्र में बकरों की बढ़ी डिमांड






केटी न्यूज/डुमरांव

- भीषण गर्मी व लू के बावजूद बकरीद को लेकर मुस्लिम भाईयों में है विशेष उत्साह

बकरीद का पर्व आगामी 17 जून को मनाया जाएगा। इसको लेकर बाजार में खरीदारों की भीड़ जुटने लगी है। बच्चों को नए कपड़े दिलाने के साथ लोग टोपी, इत्र आदि की खरीददारी कर रहे है। महिलाएं भी पर्व के लिए घरेलू उपयोग की सामग्री की खरीददारी करने के लिए बाजार पहुंच रहीं है।

बकरीद को लेकर बाजार में खरीदारी शुरू हो गई है। तेज धूप के बावजूद महिलाएं शापिंग माल्स व दुकानों पर महिलाएं खरीदारी करते दिखाई दी। शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के भी लोग बाजार में खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। जेनरल स्टोर की दुकानों में महिलाएं कंगन चूड़ी की मैचिंग में व्यस्त थी तो कपड़े के दुकानों पर युवक कुर्ता, पायजामा, टोपी, जींस, टीशर्ट आदि खरीदते दिखे। गर्मी के चलते दिन में कम लोग ही निकल रहे हैं लेकिन शाम होते ही बाजार में चहल पहल बढ़ जाती है। बाजार में सिल्क, सिफॉन, जारजेट, प्योर सिफॉन, सिक्वेंस साड़ी खूब पसंद की जा रही है। कपड़ा व्यवसायी अविनाश सिंह ने बताया कि खरीदारी के लिए ग्राहक आने लगे हैं। इस बार सिल्क व कॉजीवरम की साड़ियों की नई वैरायटी आई है जो महिलाओं को खूब लुभा रही है। इसके अलावा सूट, कुर्ती, लैगी, सलवार सूट, रेडीमेड पैंट, सरारा, प्लाजो, क्राप टॉप आदि बाजार में मौजूद है। वहीं बाजार में कन्नौज का गुलाब व बेला इत्र की खूब मांग है। इसके अलावा शमामा इत्र भी लोग खूब पसंद कर रहे हैं। दुकानों पर इत्र की खुशबू फैली हुई है। बाजार में अलीगढ़ की रंग-बिरंगी स्टाइलिश टोपियों की खूब मांग है। सबसे अधिक बिक्री पारंपरिक डिजाइन की सादी और रंग-बिरंगी टोपियों की हो रही है।

बाजार में बढ़ गई है बकरे की डिमांड : बकरीद पर परंपरा के अनुसार कुबार्नी दी जाती है। अधिकतर मुस्लिम परिवार इस पर्व पर बकरे की बली देते है। जिस कारण बकरे की डिमांड बढ़ गई है। करीब एक पखवाड़ा पहले से ही बकरे की खरीद बिक्री तेज हो गई है। बकरा का व्यवसाय करने वाले सोहराब कुरैशी ने बताया कि इस बार बकरे की मांग अधिक है। भीषण गर्मी के बावजूद लोगों में पर्व का उत्साह चरम पर है। उन्होंने कहा कि डिमांड पूरी करने के लिए बाहर से भी बकरे मंगवाए गए है।



भोजपुर में विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से छात्र की मौत

- इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में तोड़ा दम
- पुलिस ने शव का सदर अस्पताल में कराया पोस्टमार्टम

केटी न्यूज/आरा





जिले के संदेश थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव में शनिवार की सुबह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से एक छात्र की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मृत छात्र संदेश थाना क्षेत्र के बाड़ा गांव निवासी श्रीमन नारायण सिंह का 20 वर्षीय से पुत्र अमरजीत कुमार है एवं स्नातक का छात्र था। इधर मृत छात्र के पिता श्रीमन नारायण सिंह ने बताया कि वह राजमिस्त्री हैं और शनिवार की सुबह काम पर गए हुए थे। इसी बीच उनका बेटा गांव में स्थित छलका की ओर टहलने के लिए निकला था। जहां बिजली का तार पहले से टूट कर गिर पड़ा था। टहलने के दौरान वह उसी विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना उन्हें दी। सूचना पाकर वह फौरन वहां पहुंचा और उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात परिजन द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंचे और शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने एक भाई व एक बहन में बड़ा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां हीरामुनी देवी एवं एक छोटी बहन मिनी कुमारी है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृत छात्र की मां हीरामुनी देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, दूसरी ओर गांव के लोगों में बिजली कंपनी के ऊपर आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कंपनी की लापरवाही के कारण ही ऐसे हादसे होते हैं।

एक नजर

149 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 25 प्रतिशत गरीब बच्चों को होगा नामांकन

सासाराम। रोहतास जिले में 149 निजी स्कूलों में गरीब आर्थिक रूप से कमजोर अभिभावकों के बच्चे को निःशुल्क पठन-पाठन कराने हेतु शिक्षा विभाग तत्पर है। शिक्षा विभाग के रोहतास जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि जिले में 149 निजी स्कूलों में राइट-टू एजुकेशन के तहत गरीब आर्थिक रूप से कमजोर 25 प्रतिशत बच्चे को नामांकन लिए जाएंगे। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस व्यवस्था के तहत नजदीकी स्कूलों में प्रथम वर्ग से नामांकन लिए जाता है।राइट टू एजुकेशन के तहत बच्चे की नामांकन से लेकर आठवीं कक्षा तक निशुल्क शिक्षा देने का प्रावधान है। जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के अभिभावकों को करना है। जहां लॉटरी सिस्टम से चयनित 25 फीसदी बच्चों को नामांकन लिया जाएगा। इसको लेकर रोहतास जिला शिक्षा विभाग लगातार अभियान चल रहा है। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चे भी शिक्षा से वंचित नहीं रहे।

15 दिनों में हुई मामले की सुनवाइ, सासाराम के किशोर को मिली मां की ममता

सासाराम। सखी वन स्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन सासाराम के तत्परता से एक किशोर को मां की ममता की छांव मिला। मामला सासाराम के गौल्क्षणी के एक परिवार से जुड़ा हुआ है। जहां एक मां को अपने नन्हे मासूम को पाने के लिए अंततः कानून का सहारा लेना पड़ा। विवाहिता मुस्कान तिवारी ने बताया कि वर्ष 2019 में उसकी शादी गौल्क्षणी निवासी मुन्ना उपाध्याय से हुई थी। जहां ससुराल पक्ष ने आए दिन उसे प्रताड़ित करता था, जिससे वह अपने मासूम किशोर के साथ मायके नोखा थाना क्षेत्र के गम्हरियां चली गई। जहां से ससुराल वालों ने चकमा देकर किशोर को ले भागे। तब से विवाहिता ने अपने मासूम बच्चे को पाने के लिए काफी परेशानी रही। अंततः विवाहित ने सखी वन स्टॉप सेंटर सह महिला हेल्पलाइन सासाराम केंद्र प्रशासक आफरीन तरन्नुम के पास शिकायत दर्ज कराई। केंद्र प्रशासक आफरीन तरन्नुम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कॉर्डिनेटर सुनीता कुमारी को मामले में काउसलिंग करने का निर्देश दी। महिला हेल्पलाइन सह सखी वन स्टॉप सेंटर की तत्परता से विवाहिता के ससुराल पक्ष को नोटिस किया गया। जहां 15 दिनों में विवाहिता के मासूम किशोर को ससुराल पक्ष ने सौंपा तो विवाहिता ने केंद्र के प्रति आभार व्यक्त की। महिला हेल्पलाइन सह सखी वन स्टॉप सेंटर रोहतास के केंद्र प्रशासक आफरीन तरन्नुम ने बताया कि विवाहित ने अपने मासूम किशोर के लिए शिकायत दर्ज कराई जहां दोनों पक्षों के राजा मंद से विवाहिता कि मासूम को ससुराल पक्ष ने सौंप दिया है। यह मामला में 15 दिनों में सुनवाई कर निष्पादन किया गया।

बागेश्वर धाम से लौटने के दौरान ट्रेन में संदेहास्पद स्थिति हुई वृद्ध महिला की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी सवारी गाड़ी के इंजन से सटे तीसरे बोगी में शुक्रवार की रात संदेहास्पद स्थिति में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृत वृद्ध महिला रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के घुसेयां खुर्द गांव वार्ड नंबर 7 निवासी स्व. कैलाशपति चौधरी की 69 वर्षीय पत्नी फुलवंती कुंवर हैं। इधर मृतक के बड़े बेटे प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि वह 8 जून को गांव के ही एक महिला के साथ ट्रेन से मध्यप्रदेश के बागेश्वर धाम घूमने गई थी। इसके बाद वह 14 जून की रात ट्रेन से आरा स्टेशन ट्रेन से उतरी। उसके बाद आरा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर बिक्रमगंज जाने के लिए सवारी गाड़ी पर चढ़ी थी। उसी बीच ट्रेन में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद आरा रेल पुलिस द्वारा इसकी सूचना उनके परिजनों को दी गई। सूचना पाकर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे। जिसके पश्चात पुलिस ने अपने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत अत्यधिक वृद्ध होने के कारण स्वाभाविक मौत होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जाता है कि मृतका को तीन पुत्र प्रमोद,संतोष,प्रदीप व दो पुत्री रितु एवं संगीता है। घटना के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना मृतका के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

खबरें फटाफट

जमीनी विवाद में मारपीट एक घायल

जहानाबाद। मखदुमपुर प्रखंड के तरहुआ गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गए हैं। घायल व्यक्ति गांव निवासी रंजीत कुमार बताए जाते हैं। जिनका इलाज रेफर अस्पताल मखदुमपुर में कराया गया है। जानकारी के अनुसार रंजीत कुमार का पड़ोसी से जमीनी विवाद चल रहा था जिसमें शनिवार को बातों बात में मारपीट हो गई जिसमें वह घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों ने उन्हें इलाज के लिए मखदूमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है।

ट्रक व कार में सीधी टक्कर, तीन घायल

जहानाबाद। टेहटा बाईपास के समीप बीती देर रात ट्रक और कार में सीधी टक्कर हो गई, घटना में कार चालक सहित तीन लोग घायल हो गए, घायलों में सुनीता सिंह, काशीनाथ सिंह एवं कार चालक जयप्रकाश यादव शामिल है। ये लोग गया के रहने वाले हैं और किसी काम से पटना गए हुए थे वहीं पटना से लौटने के दौरान टेहटा बाईपास के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से कार की सीधी टक्कर हो गई, घटना के बाद ट्रक चालक घटनास्थल पर ही ट्रक को छोड़कर फरार हो गया, मौके पर पहुंची टेहटा थाने की पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जिसके बाद सभी को पटना रेफर कर दिया गया है।

एसपी से लेकर जवान होंगे सम्मानित, वार्षिक पारितोषिक वितरण के लिए शाहाबाद के 108 पुलिस कर्मी चयनित

चर्चित तीन कांडों का उद्भेदन करने वाले 64 पुलिस कर्मी को डीआईजी करेंगे सम्मानित

- प्रोफेसर दंपती हत्या कांड में 17, बालू तस्करों से एसएलआर बरामदगी में 25 व ईनामी की गिरफ्तारी में 22 पुलिस कर्मी किए जाएंगे पुरस्कृत

केटी न्यूज/आरा



भोजपुर में चर्चित प्रोफेसर दंपती हत्या सहित तीन कांडों के उद्भेदन करने में सराहनीय कार्य करने वाले 64 पुलिस कर्मी पुरस्कृत किए जायेंगे। वार्षिक पारितोषिक वितरण दिवस के अवसर पर सभी को क्षेत्रीय मुख्यालय में परेड आयोजित कर डीआइजी की ओर से सम्मानित किया जाएगा। उसके तहत वरीय अफसरों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। इंस्पेक्टर से सिपाही संवर्ग तक के कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र के साथ पुरस्कार के तौर पर नकद राशि भी दी जायेगी। उसके लिए मुख्यालय की ओर से शाहाबाद रेंज के 108 पुलिस कर्मियों को चयनित किया गया है। उनमें भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव, तत्कालीन एएसपी चंद्रप्रकाश, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और तत्कालीन नगर थानाध्यक्ष शंभू भगत, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित 64 पुलिस कर्मी शामिल हैं। वहीं पुरस्कार और सम्मान के लिए एक साथ 64 पुलिस कर्मियों का चयन किए जाने से भोजपुर के पुलिस महकमे में काफी खुशी देखी जा रही है।

पुलिस मुख्यालय की ओर से इस संबंध डीआइजी को पत्र भेजा गया है। उसके अनुसार आरा के नवादा क्षेत्र के कतीरा मोहल्ले में प्रोफेसर दंपति का चाकू से गोदकर हत्या का उद्भेदन, कोईलवर में बालू तस्करों के पास से एसएलआर सहित काफी संख्या में हथियार बरामदगी और हत्या के फरारी व 50 हजार के ईनामी उमाशंकर मिश्र की गिरफ्तारी को लेकर जिले के 64 पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के चयनित किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रोफेसर दंपती हत्याकांड की चाकू से गोदकर हत्या करने और आभूषण लुटने के मामले में पुलिस टीम द्वारा अवलोकन करने के बाद अपराध कर्मी तपन डे को असम से गिरफ्तार किया गया था। उसमें एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय काम किया था। टीम में इंस्पेक्टर शंभू भारत, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, तत्कालीन दारोगा संजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, सिपाही अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार और सुकेश कुमार शामिल थे। सभी को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है।

हत्या में फरार की गिरफ्तारी में 22 पुलिस होंगे पुरस्कृत

शाहपुर के करनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी गवाह हत्या कांड में फरार व पचास हजार के इनामी उमाशंकर मिश्र की गिरफ्तारी के लिए भी 22 पुलिस कर्मी सम्मानित किए जायेंगे। उनमें एसपी प्रमोद कुमार यादव, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, इंस्पेक्टर शंभू भगत, तत्कालीन दारोगा राकेश कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, राजू कुमार यादव, संतोष कुमार, सिपाही कमलेश कुमार, अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार, सुकेश कुमार, रतन कुमार, प्रियतम कुमार, मदन कुमार और ओम प्रकाश शामिल हैं।

बालू माफियाओं पर कार्रवाई व हथियार बरामदगी में 25 पुलिस कर्मियों को मिलेगा सम्मान

बालू माफिया पर कारवाई और तस्करों के पास से एसएलआर सहित काफी संख्या में हथियार की बरामदगी को लेकर भोजपुर के 25 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाना है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार सात जुलाई 23 को एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक घाट से छापेमारी कर आठ बालू तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। तब तस्करों के पास से एक एसएलआर, पांच राइफल, दो देसी कट्टा, एक पिस्टल, 86 गोलियां, खोखे और सात लाख रुपए नगद बरामद किया गये थे। छापेमारी मेंएसपी प्रमोद कुमार यादव के अलावे, तत्कालीन एएसपी चंद्र प्रकाश, इंस्पेक्टर शंभू भारत, तत्कालीन दारोगा अविनाश कुमार, राकेश कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, राजू कुमार यादव, संतोष कुमार, सिपाही कमलेश कुमार, अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार, सुकेश कुमार, रतन कुमार, प्रियतम कुमार, मदन कुमार और ओम प्रकाश शामिल हैं। सभी को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है।

आरा में दिनदहाड़े सीएसपी केंद्र पर एक लाख बीस हजार रुपए की लूट

केटी न्यूज / आरा



भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के गजराजगंज ओपी अंतर्गत चौकीपुर गांव स्थित दक्षिण ग्रामीण बैंक के सीएसपी केंद्र पर शनिवार की दोपहर बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने धावा बोल एक लाख बीस हजार रुपए की लूट कर ली। घटना दोपहर करीब डेढ़ बजे की बताई जा रही है। दिनदहाड़े इस घटना के बाद आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं लूट की घटना को अंजाम देने के बाद तीनों अपराधी बाइक पर सवार होकर हथियार लहराते हुए आराम से फरार हो गए।

उधर घटना की सूचना पाकर प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी एवं गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और सीएसपी संचालक से मिल घटना की पूरी जानकारी ली। वही पुलिस सीएसपी केंद्र एवं आसपास के इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के वीडियो व फुटेज को खंगाल रही है। उसके आधार पर अपराधियों की धर पकड़ को लेकर लगातार छापेमारी कर रही है। इधर सीएसपी संचालक संजय कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर वह अपने लड़के को सीएसपी केंद्र पर बैठाकर बैंक जाने के लिए निकले थे। अभी वह रास्ते में ही थे। तभी उन्हें खबर मिली के एक बाइक पर सवार तीन हथियारबंद अपराधी उनके सीएसपी केंद्र पर आ धमके और उनके बेटे को पहले थप्पड़ जड़ा। उसके बाद हथियार के बल पर उनके सीएसपी केंद्र के काउंटर में रहे एक लाख बीस हजार तीन सौ साठ रुपए लूटकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही वह फौरन वहां पहुंचे। इसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वही इस लूट की पूरी वारदात सीएसपी केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी है। सीसीटीवी में कैद वीडियो में साफ तौर से दिखाई दे रहा है कि तीन हथियारबंद अपराधी मुंह में गमछा बांधे हुए सीएसपी केंद्र पर आए और बाद हथियार के बल पर काउंटर में रखें रुपए लूट कर फरार हो गए।

नाबालिग को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार, गया जेल

काराकाट। रोहतास जिला के नान्हो गांवमें एक युवक को एक लड़की से प्यार हुआ और प्यार के बाद दोनों ने शादी कर ली लेकिन बाद में लड़की के सर्टिफिकेट ने युवक को जेल भिजवा दिया। बता दे कि यह मामला काराकाट थाना क्षेत्र के नान्हो गांव से जहां की एक नाबालिग युवती रहती थी। उसी युवती के घर के सामने एक नवनिर्मित घर में ईंट जोड़ने यानी राजमिस्त्री के काम करने आया युवक से प्यार हो जाता है। वही मई माह में सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के करमा गांव निवासी बिहारी चन्द्रवंशी के बेटा नितेश कुमार पिछले महीने 27 मई को युवती के साथ फरार हो गया और भोजपुर जिला के बखौरापुर मंदिर में दोनों ने

बीमारी के कारण हुई विवाहिता की मौत

आरा। शहर के टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ले में शुक्रवार की देर शाम बीमारी के कारण एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतका टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार निवासी रवि शंकर उर्फ अमित कुमार की 24 वर्षीया पत्नी मुनी कुमारी है।

इधर रोहतास जिला के नासरीगंज थाना क्षेत्र के धनावं गांव निवासी व मृतका के पिता गोविंद प्रसाद ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी मुनी कुमारी की शादी वर्ष 2019 में 3 फरवरी को टाउन थाना क्षेत्र के बाबू बाजार मोहल्ला निवासी स्व. अरुण कुमार के पुत्र रवि शंकर उर्फ अमित कुमार से लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ की थी। शादी के एक वर्ष बीत जाने के बाद उसके पति द्वारा पलग एवं सोफे की मांग करने लगा। जिसके बाद उन्होंने कर्ज लेकर पलंग व सोफा दिया था। उसके बाद उसने दो साल तक उनकी बेटी को ठीक से रखा। इसके बाद उसके पति द्वारा सोने की चैन का मांग करने लगा। इसी बीच मंगलवार को उसने फोन कर सूचना दी के उनकी बेटी की काफी तबीयत खराब है और आप लोगों को यहां नहीं आना है। इसके बाद वे लोग उसके ससुराल नहीं आए। तभी शुक्रवार की रात उसने फोन कर सूचना दी के आपकी बेटी की मृत्यु हो गई है। सूचना पाकर परिजन उसके ससुराल बाबू बाजार पहुंचे।

सबसे अधिक सारण के 93 प्रतिशत टीबी मरीजों ने सहायता लेने में जताई अपनी सहमति

लहलादपुर व तरैया प्रखंड के सभी टीबी मरीजों को लिया जाएगा गोद

केटी न्यूज/छपरा



भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी जैसी बीमारी को जड़ से मिटाने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा राज्य और जिला स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को टीबी जैसी बीमारी की जानकारी हो। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ रत्नेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि राज्य में सबसे अधिक यानी 93 प्रतिशत सारण के टीबी मरीजों ने किसी भी प्रकार की सहायता लेने के लिए अपनी सहमति जताई है। क्योंकि जिले में 3327 टीबी मरीजों का इलाज चल रहा है, जिसमें 3097 यानी 93 प्रतिशत टीबी रोगियों ने सरकारी सहायता, गोद लेने या अन्य किसी भी प्रकार का सहयोग लेने में अपनी सहमति दी है। जबकि समस्तीपुर में सबसे कम 24 प्रतिशत टीबी रोगियों ने आर्थिक या अन्य प्रकार से सहयोग लेने में अपनी सहमति दी है। सदर अस्पताल सहित कई अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में टीबी की जांच व दवा निःशुल्क उपलब्ध है। इसके अलावा अन्य सहयोगी संस्थाओं द्वारा टीबी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) के लिए कार्य किया जा रहा है।

सबसे मशरख में सबसे कम टीबी मरीजों ने सहायता लेने के लिए जताई सहमतिः यक्ष्मा विभाग के जिला योजना समन्यवक हिमांशु शेखर ने बताया कि सारण जिले की बात करें तो लहलादपुर और तरैया प्रखंड के टीबी मरीजों ने शत प्रतिशत सहायता लेने में अपनी सहमति दी है। इसी प्रकार सबसे कम दरियापुर में 120 टीबी मरीजों में से 105 यानी 87.5 प्रतिशत टीबी मरीजों ने गोद लेने या अन्य प्रकार की सहायता लेने में अपनी सहमति जताई है। सारण जिले में 3327 टीबी रोगियों का इलाज किया जा रहा है। जबकि डीटीसी यानी सदर अस्पताल में सबसे अधिक 1267, गड़खा में 202, मढ़ौरा में 172, सोनपुर में 168, बनियापुर में 158, अमनौर में 130, जलालपुर में 126, दरियापुर में 120, मशरख में 120, इसुआपुर में 119, मांझी में 117, तरैया में 89, दिघवारा में 87, नगरा में 78, रिविलगंज में 73, एकमा में 69, पानापुर में 66, परसा में 63, मकेर में 61 जबकि सबसे कम लहलादपुर में 42 टीबी मरीजों का उपचार विभागीय स्तर पर किया जा रहा है।

यक्ष्मा विभाग ने किया अपीलः निक्षय मित्र बनने के लिए communitysupport.nikshay.in पर लॉगिन करने के बाद प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान पर क्लिक करने के बाद निक्षय मित्र के आवेदन पत्र पर क्लिक कर अपनी पूरी जानकारी देते हुए आसानी से इस अभियान के साथ जुड़ा जा सकता है। इसके अलावा भी कोई भी इच्छुक व्यक्ति या संस्था निक्षय मित्र बनने के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान या संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर



भृगु धरती में रेगिस्तान जैसी गर्मी, कर्फ्यू जैसा नजारा, जेठ में सेठ भी हुए पस्त

♦ मौसम के कारण हर रोज जिले में करीब दो करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित

केटी न्यूज / बलिया



दिन भर का तापमान
08:30 बजे - 37 डिग्री
09:30 बजे - 38 डिग्री
10:30 बजे - 40 डिग्री
11:30 बजे - 42 डिग्री
12:30 बजे - 43 डिग्री
01:30 बजे - 44 डिग्री
02:30 बजे - 44 डिग्री
03:30 बजे - 44 डिग्री
04:30 बजे - 44 डिग्री
05:30 बजे - 43 डिग्री
06:30 बजे - 42 डिग्री

जेठ की गर्मी से जनपदवासी हलकान है, शनिवार को सुबह होते ही तेज धूप की शुरूआत और दोपहर में चमड़ी को झुलसाने वाली गर्मी रही। दोपहर में सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहा। मौसम की मार कारोबार पर भी पड़ रही है। शनिवार को हाल रहा कि सुबह 8:30 बजे ही पारा 37 डिग्री पहंच गया। दोपहर होते ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसा नजारा रहा। जेष्ठ माह में तेज धूप और लू का सितम जारी है। बढ़ते तापमान से हर कोई परेशान है। शनिवार की सुबह नौ बजते ही तेज धूप से लोग परेशान रहे। बाजार में सन्नाटे जैसी स्थिति रही। बढ़ते तापमान का असर कारोबार पर भी पड़ रहा है। एक अनुमान के मुताबिक, मौसम के कारण हर रोज जिले में करीब दो करोड़ रुपये का कारोबार प्रभावित हो रहा है। लू चलने से लोगों को सफर करना भी मुश्किल हो गया है। सुबह से तेज धूप निकले से लोग घरों में रहने को मजबूर रहे। पहले बाजार में हमेशा चहल-पहल रहती थी, अब वहां दोपहर होते ही सन्नाटा हो जाता है। इसका असर छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों पर पड़ रहा है। जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. पंकज झा व डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि गर्मी अपने उच्च स्तर पर है। मरीजों व तीमारदारों को गर्मी में सिर्फ पानी के भरोसे न रह कर दिन में नींबू की शिकंजी के अलावा ओआरएस लेना

70 प्रतिशत व्यापार प्रभावित

बलिया। व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष मंजय सिंह ने बताया कि सामान्य दिनों में छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों का पूरे जिले में करीब सात से आठ करोड़ तक का कारोबार होता था। लेकिन, मौसम की मार से करीब 70 प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुआ है। किराना, फल, सब्जी व अन्य छोटे दुकानदारों को मौसम के कारण काफी परेशानी हो रही है।

गश खाकर गिर रहे लोग, 108 मरीज भर्ती

बलिया। जिले में पारा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। भीषण गर्मी से सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ती जा रही है। न्यूनतम तापमान ज्यादा होने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही है। घर से बाहर निकलने वाले लोग राह चलते गश खाकर गिर रहे हैं। इमरजेंसी में कुल 182 मरीजों में 108 मरीजों को चिकित्सकों ने भर्ती कर लिया।

एक नजर

ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला में जिलाधिकारी हुए शामिल, की प्रशंसा



बलिया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज में चल रहे ग्रीष्मकालीन चित्रकला कार्यशाला के समापन समारोह का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने बच्चों की कलाकृतियों को एकटक निहारते हुए उन्होंने कहा कि यदि मैं आज चित्रकला प्रदर्शनी में न आता तो बलिया की एक अच्छी चीज देखने से वंचित रह जाता।उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की भूरि - भूरि प्रशंसा की। उन्होंने इस विधा में पारंगत बच्चों से कहा कि यह हुनर आपके साथ जीवन पर्यंत रहेगा। उन्होंने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने डॉ इफ्तेखार खां के प्रयास को भी खूब सराहा। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जनपद के पुलिस अधीक्षक ने बच्चों की कलाकृतियों को सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में अपार संभावनाएं हैं इन्हें उचित मार्गदर्शन मिले तो ये भविष्य में एक बेहतर कलाकार बन सकते हैं। मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज में चल रहे 25 दिवसीय कला प्रशिक्षण कार्यशाला का आज समापन हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कला प्रदर्शनी को देखा और उसकी सराहना की। ?अभिभावक अपने बच्चों द्वारा बनाए गए कलाकृतियों को देख बहुत ही खुश नजर आए। इस कार्यक्रम में रितु यादव और ज्योति यादव ने अपने हाथों बनाई बुके देकर अतिथियों का स्वागत किया।अनुग्रह नारायण ने जिलाधिकारी और निधि मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को अपने हाथों बनाई पेंटिंग भेंट की । मुरली मनोहर टाउन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ अखिलेश सिन्हा ने मुख्य अतिथि एवं अन्य लोगों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी ने किया। इस मौके पर चित्रकार शमशाद आलम इदरीश, इरशाद अहमद अंसारी, मु.कैफ खां,प्रोफेसर डॉ.शशि ओझा, मनोज कुमार, उपस्थित रहे ' अनस खान, अनम अली, कैवीं सिंह, अमन वर्मा, धैर्य, जागृति, आयुषी, अंशिका आदि ने सहयोग किया।

पैमाइश के दौरान हुई मारपीट, बलवा का मुकदमा

गाजीपुर। करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के सरदरपुर गांव में भूमि पैमाइश के दौरान गांव के दो पक्षों के बीच आज जमकर मारपीट हुई। जिसमें आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस प्रकरण में पुलिस बलवा का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। क्षेत्र के सरदरपुर गांव में चकरोड निर्माण के लिए एसडीएम मुहम्मदाबाद के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल आशुतोष कन्नौजिया पुनीत राय तथा रमेश राय मौके पर पहुंच गए। माप व निशान देही करने लगे लेकिन ग्राम समाज की अराजी नंबर 28 व 29 पर जंजीर गिराते ही गांव के दो पक्षों के बीच गाली गल्लौज व मारपीट होंने लगी। मौके की नजाकत देख लेखपालजनों ने भागकर किसी तरह जान बचाया। मौके से उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद को मामले से अवगत कराया गया।

घायल प्रथम पक्ष की तहरीर पर दूसरे पक्ष के सतेंद्र यादव, दामोदर यादव, उपेंद्र यादव, पुनीत यादव, रविन्द्र यादव, अखिलेश यादव व मनोहर यादव के खिलाफ धारा 147 व 323 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दूसरा पक्ष भी तहरीर लेकर थाने पहुंचा, सतेंद्र यादव को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने से इंकार करते हुए थाने से भगा दिया। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ बलवा की धारा लगाकर मुकदमा दर्ज कर घायलों को इलाज व मेडिकल जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र गोड़ऊर ले गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मारपीट में आठ लोग घायल हुए हैं। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

चोरी की तीन बाइक संग दो चोर गिरफ्तार



बलिया। अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उभांव पुलिस ने चोरी की तीन बाइकों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम व पता निखिल गुप्ता पुत्र मनोज कुमार गुप्ता निवासी बहादुरपुर कारी, थाना गड़वार, बलिया एवं सचिन कुमार राजभर पुत्र रामअवध राजभर निवासी खटया खडंगी थाना सिकन्दरपुर बलिया बताया। अभियुक्तों ने बताया कि अपाची बाइक को हम लोगों ने 13 जून 2024 को जमुआंव चट्टी से चोरी किया था। इसे बेचने के लिए सिवान जा रहे थे। अभियुक्तों के निशानदेही पर झाड़ी में छिपाकर रखी एक हीरो ग्लैमर काला रंग जिसे थाना बैरिया क्षेत्र से चोरी किया गया था। इसके अलावा लाल रंग की अपाची जो थाना गड़वार क्षेत्र से चोरी किया गया था, उसे भी बरामद किया गया।

जिलाधिकारी ने सरयां स्थित गौशाला का किया आकस्मिक निरीक्षण

मऊ । जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने आज तहसील एवम् विकास खंड मोहम्मदाबाद गोहना के सरयां ग्राम पंचायत स्थित गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निराश्रित गोवंशों के लिए हरे चारे,पीने के पानी तथा पर्याप्त छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान शासन द्वारा गौशालाओं हेतु जारी नए दिशा निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन करने के भी निर्देश जिला अधिकारी द्वारा दिए गए।इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी को नियमित पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने एवं उनके स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने गौशालाओं की नियमित साफ सफाई तथा निराश्रित गोवंशों को गर्मी के दौरान प्रतिदिन फव्वारे से नहलाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने शासन द्वारा जारी नए दिशा निदेर्शों के अनुपालन में लापरवाही करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस दौरान डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ एवं खंड विकास अधिकारी मोहम्मदाबाद गोहना भी उपस्थित रहे।

खबरें फटाफट

मुख्यमंत्री के निदेर्शों से अधिकारियों को कराया अवगत

बलिया। तहसील दिवस के बाद जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया। कहा कि सभी विभागों को लेकर मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट दिशा निर्देश हैं। बकरीद के त्यौहार में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है वे उसे सकुशल संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।गंगा दशहरे पर गंगा घाटों की साफ सफाई, बैरिकेडिंग और आवश्यकता पड़ने पर प्रकाश व्यवस्था को ग्रामीण क्षेत्रों में डीपीआरओ, बीडीओ के सामंजस्य स्थापित कर और नगरीय क्षेत्रों में अधिशासीय अधिकारी नगर निकायों में कराना सुनिश्चित करेंगे।

बकरीद : पुलिस कप्तान के नेतृत्व में नगर में निकला रूट मार्च

गाजीपुर। ईद -उल -अजहा (बकरीद) व गंगा दशहरा पर शान्ति एवं सद्भाव बनाए रखने के लिए आज सायंकाल पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ नगर मे पैदल गश्त व रूट मार्च कर लोगों से मिलजुल कर शान्ति के साथ त्योहार मनाने की अपील की। इसके पूर्व पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कोतवाली परिसर में बैठक कर उप निरीक्षकगण से उनके क्षेत्र के विषय में तथा मुख्य आरक्षी व आरक्षीगण से उनके बिट के विषय में जानकारी ली गई। पुलिस कर्मियों के बिट बुक का निरीक्षण किया गया। उनकी कार्यप्रणाली को और भी बेहतर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। रूट मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बलवंत चौधरी, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, प्रभारी निरीक्षक पवन उपाध्याय, शाहनिन्दा चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडेय, एसएसआई सुनील शुक्ला मय पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

सांप के काटने से किसान की मौत

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव में 46 वर्षीय सुदर्शन यादव अपनी धान की नर्सरी को देखने गए थे। खेत से लौटते वक्त घास की मेढ़ी पर ही सर्प ने डंस लिया। इसके बाद आनन-फानन में घर आया। घटना की सूचना परिजनों के दी।परिजनों ने तत्काल सुदर्शन यादव को लेकर मऊ अस्पताल जा रहे थे कि रास्ते में किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना दुल्लहपुर थाने पर दी गई। जिसमें पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

तहसील बांसडीह में 113 मामलों में महज पांच मामलों का ही हुआ निस्तारण

♦ जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े

केटी न्यूज/बांसडीह



उप जिलाधिकारी ने सुनी पीड़ितों की फरियाद

सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने तहसील बांसडीह में संम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद , चकबंदी, विकास , विद्युत , समाज कल्याण, कृषि, मार्केटिंग, लोक निर्माण,एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कुल 113 मामले आए। इसमें पांच मामलों का मौके पर निस्तारण हुआ। अन्य सभी मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए जिलाधिकारी ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें, ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े। उन्होंने कड़े तेवर में चेतावनी दी कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा, सीएमओ डॉ विजयपति द्विवेदी,बीएसए मनीष सिंह, उप जिलाधिकारी अभिषेक प्रियदर्शी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

जमानियां। स्थानीय तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस शनिवार को संपन्न हुआ। उन्होंने जन समस्याएं सुनी और समय अवधि में निस्तारण करने के निर्देश दिए। दो माह बाद पुनः तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें जनता की समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में माह के प्रथम व द्वितीय शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया है। इस दौरान भूमि बंटवारा सीमांकन आदि समस्याओं को लेकर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचे फरियादी। उपजिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को बहुत ही गंभीरता के साथ सुना और संबंधित विभाग के कर्मी और अधिकारी से मौके पर ही उनका निराकरण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य बसंत यादव ने उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंपते हुए मांग किया की पशु चिकित्साधिकारी हफ्ते, दो हफ्ते बनारस से जमानियां पशु चिकित्सालय केंद्र पर आते हैं। ऐसे में पशु पालकों को काफी दिक्कत होती है। जबकि केंद्र में आवास होने के बाद भी चिकित्सक द्वारा घोर लापरवाही की जाती है। इस पर उपजिलाधिकारी ने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस तथा किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिलाने के लिए तत्परता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि चिकित्सक से जवाब मांगी जाएगी। जब तक फरियादी संतुष्ट नहीं हो जाता। कार्य को धरातल पर दिखाना होगा। इस दौरान तहसील संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनका मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार देवेंद्र कुमार, एसडीओ विजय कुमार, विद्युत विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।

325 में से केवल पांच मामलों का हुआ निस्तारण

चंदौली। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक डॉ० अनिल कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर सकलडीहा तहसील सभागार में जनता की समस्याएं सुनीं और त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 325 मामले आए जिसमें से केवल पांच मामलों का निस्तारण मौके पर किया जा सका। कुछ प्रकरणों में टीम गठित कर मौके पर त्वरित निस्तारण हेतु भेजा गया तथा शेष प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण हेतु निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप कार्य करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त शिकायतों का त्वरित निदान करें,हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा । संयुक्त टीम अपनी जांच आख्या प्रोफार्मे पर संयुक्त हस्ताक्षर से उपलब्ध कराए। सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न होने के पश्चात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने सभी जनपदस्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की गई।बैठक में जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया की भूमि संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस विभाग और राजस्व विभाग आपस मे ताल-मेल बनाते हुवे संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाए और गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करते हुवे संयुक्त रिपोर्ट भेजे तथा निस्तारण में लिए गए निर्णय का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। निर्णय का अनुपालन न करने वाले या किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न करने वाले पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।रिपोर्ट आख्या प्रस्तुत करने के लिए प्रोफार्मा पूर्व में उपलब्ध कराया गया है जिसपर संयुक्त रिपोर्ट तैयार की जानी है साथ ही टीम और विवादित भूमि की फोटो भी लेनी है।

सरकार के निर्देश के बाद भी 25 केवी का ट्रांसफार्मर 72 घंटे बाद भी नहीं बदला

♦ ग्रामीणों ने किया विरोध, बोले.. दस हजार विभाग को दिया वह भी हजम ?

केटी न्यूज /गाजीपुर



गाजीपुर। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद और बड़ागांव में पुराने जच्चा -बच्चा केंद्र के पास 25 केवी का ट्रांसफार्मर 12 जून को ही जल गया। जिससे 150 घर अंधेरे में हैं। साथ ही भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों के पंखे भी नहीं चल रहे हैं। बच्चे भी परेशान है। अजीज आकर ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के पास खड़े होकर विरोध प्रदर्शन जताया की शिकायत करने के बाद भी न तो ट्रांसफार्मर बदला गया, न ही इसकी क्षमता वृद्धि कराई गई। लोगों ने बिजली विभाग पर आरोप लगाया कि चंद उसूलकर क्षमता वृद्धि 63 केवीए करने के लिए सौ, डेढ़ सौ का चंदा इकट्ठा कर विभाग को 10000 दिया गया। आज तक क्षमता वृद्धि नहीं कराया गया। साथ महीने में दो बार ट्रांसफार्मर जलता है और लोगों को भू भीषण तापमान में और अंधेरे में रहने को परेशान होने पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि 72 घंटा से ऊपर हो गया ना तो ट्रांसफार्मर बदला गया ना ही नई ट्रांसफार्मर का क्षमता वृद्धि कर लगाया गया। उन्होंने कहा कि आने वाला दिनों में ट्रांसफार्मर नहीं लगा तो गाजीपुर आजमगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग के चक्का जाम करने के लिए विवश होंगे जिसकी जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।

बिजली विभाग की कुलदीप नैय्यर से बात हुई। उन्होंने कहा कि कुछ कई ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के लिए एस्टीमेट भेजा गया था?। जिसमें निजामुद्दीनपुर सहित कई जगहों पर तो हो गया लेकिन बड़ा गांव का अभी तक रुका हुआ है। उन्होंने जो पैसा देने का आरोप लगाया है वह गलत है। बिजली विभाग में क्षमता वृद्धि करने के लिए या जल जाने के लिए विभाग को चंदा का पैसा देना गलत बात है जिसको पैसा दिए हैं। उसे पैसा मांगे और विभाग को लिखित शिकायत पत्र जमा कराए ताकि दोषी पर कार्रवाई किया जा सके। इस मौके पर विरोध जताने वालों में समाजसेवी अजय यादव, मनीष विश्वकर्मा, राम लखन प्रजापति, लालजी यादव, रविंद्र यादव, खरपतूराम,सैफ हुसैन, नौशाद अहमद, रामब्रत प्रजापति, चंदन कंनौजिया,शमशाद, अमित चौरसिया, राकेश चौहान, मेराज अहमद, अकरम अंसारी, सतेन्द्र गोड़, आरिफ, रमेश कंनौजिया, टिल्लू शाह, जुनेद अली, उपेंद्र गोड़ सहित अन्य लोग रहे। बिजली विभाग के एसडीओ मिठाई लाल ने कहा कि पैसा देने की बात गलत है ऐसा कहीं नहीं होता है। क्षमता वृद्धि की प्रक्रिया चल रही है जल वृद्धि बढ़ाई जाएगी।और जला ट्रांसफार्मर को भी जल्द बदला जाएगा।

गंगा में डूबने से 19 वर्षीय युवक की मौत

चंदौली। अलीनगर थाना क्षेत्र के भुपौली पंप कैनाल के समीप शनिवार की सुबह गंगा नदी में स्नान करते समय डूबने से 19 वर्षीय अरविंद शर्मा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं मौत का समाचार सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अलीनगर थाना क्षेत्र के जमुनीपुर गांव निवासी गुड्डू शर्मा का 19 वर्षीय पुत्र अरविंद शर्मा अपने दोस्तों के साथ भुपौली पंप कैनाल के समीप गंगा नदी में शनिवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे स्नान करने के लिए गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया। जब काफी देर तक वह पानी से बाहर नहीं निकला तो उसके दोस्तों ने शोरगुल मचाना शुरू किया। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

डीएम ने योग सप्ताह का किया शुभारंभ

आप रोजाना करें योग सदा रहेंगे निरोग: जिलाधिकारी

केटी न्यूज/बलिया



आयुष विभाग द्वारा चंद्रशेखर उद्यान में आयोजित योग सप्ताह शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने महर्षि पतंजलि की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। यहां पर योग प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न आसनों का योगाभ्यास कराया गया। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दसवें अंतराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को होना है।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने बताया कि लोग इस आधुनिक जीवन में बहुत व्यस्त है, जब मस्तिष्क को आराम नहीं मिलता तो यह योग ही हमारे मस्तिष्क को 8 घंटे की नींद जितना आराम देता है, योग द्वारा कई प्रकार की न्यूरो बीमारियों को ठीक होते देखा गया है और आजकल के युग में न्यूरो बीमारियों से ग्रसित लोग योग को ज्यादा महत्व देते हैं। क्योंकि योग उन्हें एक प्रकार से बीमारी से सुकून प्राप्त करवाता है। योग में बताए गए आसन हमारे शरीर की सभी नसों और तंत्रिकाओं को खींचती है। जिनसे हमारी नसें सही रूप से कार्य कर सकें। योग में अलग अलग आसन मस्तिष्क के अलग अलग तंत्रिकाओं को सक्रिय करती है और उन्हें ठीक करती है। यह एक बहुत सटीक कारण है की अन्य देशों में योग को क्यों एकदम से अपना लिया। क्योंकि वो यह जानते है की योग बहुत कारगर है मानव शरीर को स्वस्थ रखने हेतु। इसीलिए योग आधुनिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं। इस मौके पर सीडीओ ओजस्वी राज, परियोजना निदेशक उमेश मणि सहित अन्य अधिकारी एवं आम नागरिक मौजूद रहे।

सपा प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या सांसद को सुरक्षा देने की मांग की

केटी न्यूज चंदौली

समाजवादी पार्टी का एक दल शनिवार को अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद पासी की सुरक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि अयोध्या से निर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद पासी को जान का खतरा है, जिसे देखते हुए उन्हें अतिविशिष्ट सुरक्षा व्यवस्था देकर उनकी सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस दौरान जिलाध्यक्ष सत्यनारायन राजभर ने कहा कि भाजपा सरकार में दलितों पर अत्याचार हो रहा है। अब तक आम दलित परिवार व लोगों को निशाना बनाया जाता था, लेकिन आज अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी को हराकर जनसमर्थन से जीत दर्ज करने वाले दलित समुदाय के अवधेश प्रसाद पासी को जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। उन्हें लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह के आपत्तिजनक बयान दिए जा रहे हैं जिससे उनके खिलाफ हो रहे षड्यंत्र का पता चलता है। सयुस के पूर्व महासचिव दिलीप पासवान ने कहा कि हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में अयोध्या लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद पासी ने जीत दर्ज की है। उनकी जीत के बाद सामने को बांटने का षड्यंत्र करने वाले व धर्म का धंधा चलाने वाले तथाकथित संत (बाबा) व कुछ अवांछनीय किस्म के लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके अयोध्या के नवनिर्वाचित सांसद के एक-दो माह में मौत की बातें कहीं जा रही है। ऐसे तथाकथित लोगों का सोशल मीडिया पर वक्तव्य उनके षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत हो रहा है। ऐसे में नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद पासी के जान-माल का खतरा बना हुआ है। क्योंकि उन्होंने प्रतिष्ठित रामजन्म भूमि अयोध्या से भाजपा के सवर्ण जाति के दबंग प्रत्याशी को शिकस्त दी है। ऐसे में लोग इस हार को पचा नहीं पा रहे हैं और तमाम तरह की अनाब-शनाब बातें और षड्यंत्र करके अवधेश प्रसाद पासी को किसी भी कीमत पर अयोध्या सांसद की कुर्सी से हटाने का कुचक्र रच रहे हैं। मांग किया कि अयोध्या से निर्वाचित दलित समुदाय के सांसद अवधेश प्रसाद पासी के जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए उन्हें अतिविशिष्ट श्रेणी की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया करायी जाए।

कुवैत से प्रवीण का शव पहुंचा वाराणसी परिजनों में मचा चित्कार, मंत्री ने दी सांत्वाना

- रिहायशी बिल्डिंग में लगी आग से दम घुटने से हुई थी मौत
- मणिकर्णिका घाट पर होगा अंतिम संस्कार मौजूद रहे अधिकारी

केटी न्यूज / वाराणसी

कुवैत अग्निकांड में जान गंवाने वाले छतरीपुर शिवपुर निवासी प्रवीण माधव सिंह का शव वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह तड़के इंडिगो एयरलाइंस के विमान से पहुंचा। एयरपोर्ट के कार्गो एरिया में पहुंचा शव लेने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रोटोकॉल प्रभारी भाजपा शैलेश पांडेय, एडीएम एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार पिंडरा विकाश पांडे व सीआईएसएफ के अधिकारी सहित अन्य लोग पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट से एंबुलेंस से मृतक के शव को पहले घर पर ले जाया गया। उसके बाद मणिकर्णिका घाट के लिए ले जाया गया। जहां अंतिम संस्कार हुआ।









मां, पत्नी और बेटी की रोने की आवाज से गूंज उठा घर

प्रवीण का शव परिजन घर लेकर पहुंचे तो माहौल गमगीन हो गया। शव को देखते ही पत्नी रूपा सिंह और मां मंजू सिंह शव से लिपट कर रोने लगी। पिता जगदीश की आंखों से आंसू गिरने लगे, जिन्हें परिजन और उनके परिचित संभालने में लगे हुए थे। बेटी मनीषा का रो-रो के बुरा हाल है। प्रवीण माधव सिंह शिवपुर थाना के छतरीपुर इलाके की मां गायत्री धाम कॉलोनी के रहने वाले थे। दो महीने पहले ही प्रवीण घर आया था। अगस्त में आने की प्लानिंग थी। प्रवीण की दो बेटियां हैं। दोनों वाराणसी में ही पढ़ाई करती हैं। पत्नी रूपा सिंह भी वाराणसी में ही रहती हैं। शादी 2012 में हुई थी। प्रवीण मूल तौर पर गाजीपुर के रहने वाले थे। प्रवीण के परिजनों ने बताया कि वो करीब 10 साल से कुवैत में ही सेल्स कोआर्डिनेटर के पद पर नौकरी कर रहे थे। प्रवीण के भाई विकास ने बताया- कुवैत छोड़कर प्रवीण वाराणसी में अपना काम भी शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। यहां पर बिजनेस करना चाह रहे थे। हमारी कंबाइंड फैमिली है। परिवार के 3 और रिश्तेदार के 10 लोग कुवैत में रहते हैं। कुवैत गवर्नमेंट बहुत सख्त मानी जाती है। लेकिन, कमियां कहीं न कहीं हैं। उसे खत्म करना होगा।

कैबिनेट मंत्री ने परिजनों को ढाढस बंधाया

बुधवार को कुवैत में हुए अग्निकांड में प्रवीण माधव सिंह की मौत हो गई थी। प्रवीण माधव सिंह वहां एनबीटीसी कंपनी में पिछले दस सालों से कार्यरत थे। इस समय प्रवीण सेल्स कोआर्डिनेटर थे। शव सुबह नई दिल्ली से वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचा। जहां परिजनों और प्रशासनिक अधिकारियों ने उसे रिसीव कर घर लेकर पहुंचे। इस दौरान कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर भी मौजूद रहे। उन्होंने परिजनों को ढाढस बंधाया।

प्रवीण का कल कुवैत से भारत पहुंचा था शव

बुधवार की सुबह कुवैत के दक्षिणी इलाके में स्थित एक रिहायशी बिल्डिंग में आग लगने से 40 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई। इसमें ज्यादातर की दम घुटने से मौत हुई। इसमें वाराणसी के शिवपुर इलाके के प्रवीण माधव सिंह की भी मौत हो गई। जो कुवैत की एनबीटीसी कंपनी में पिछले दस सालों से काम कर रहे थे। इस समय सेल्स कोआर्डिनेटर के पद पर तैनात थे। प्रवीण सहित 40 भारतीयों का शव केरल के कोच्चि शुक्रवार की सुबह पहुंचा था।

गोरखपुर के अंगद और जयराम पहुंचा शव मचा चित्कार

गोरखपुर। कुवैत में हुए अग्निकांड में गोरखपुर के अंगद गुप्ता और जयराम गुप्ता की भी जलकर मौत हो गई। रोजी-रोटी कमाने गए लोगों के मौत की खबर सुनकर सिर्फ दोनों परिवारों में ही नहीं, बल्कि पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता का शव शनिवार सुबह दिल्ली से गोरखपुर एयरपोर्ट लाए गए। इसके बाद दोनों शव उनके घर ले जाए गए। शव पहुंचते ही परिवार वाले लिपटकर रोने लगे। हर तरफ सिर्फ चीखें ही सुनाई दे रही। अंगद गुप्ता पिछले 8 साल से कुवैत में रहकर काम करते थे। अभी एक महीने पहले ही अंगद की मंगाफ शहर में एक प्राइवेट कंपनी में कैशियर की नौकरी लगी थी। बुधवार (12 जून) को मंगाफ शहर के एक बहुमंजिला बिल्डिंग में हुए इस अग्निकांड में उनकी मौत हो गई।

खबरें फटाफट

विश्व योग दिवस पर टेरी पीजी कालेज के छात्रों ने ली शपथ

गाजीपुर। विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर राज्यपाल के दिशा निर्देशन में शपथ ग्रहण का एक विशाल आयोजन किया जा रहा है, जिसका लक्ष्य गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करना है। इस महत्वपूर्ण आयोजन में ह्लडॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊह्व द्वारा आयोजित योग ऑनलाइन शपथ ग्रहण का आयोजन तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान, पीजी कॉलेज, गाजीपुर के सभागार में आयोजित किया गया। इसमें संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। सबने स्वयं तथा अपने परिवार के साथ नियमित रूप से योगाभ्यास कर योग को जीवन शैली के रूप में आत्मसात करने की शपथ ली। संस्थान के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह, अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश शासन ने राज्यपाल एवं प्रोफे० जेपी पाण्डेय, कुलपति, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित करवाए जा रहे। इस विशाल शपथ ग्रहण आयोजन को सफल बनाने के लिए समस्त शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों एवं जनपद के समस्त नागरिकों से इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित किया।

जनपद के प्रतिभाशाली युवा रोशन मिश्र कनाडा में आमंत्रित

चंदौली। जनपद में प्रतिभाग गाने की कमी नहीं है। इसी क्रम में चहनियां विकासखंड के डेवड़ा रोहन मिश्र को कनाडा में आमंत्रित किया गया। उक्त युवक ने जनपद ही नहीं पूरे देश का नाम अपने गांव के साथ रोशन किया है इसे लेकर गांव में काफी हर्ष है। बताते हैं कि सांख्यिकी विभाग, विज्ञान संस्थान, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शोध छात्र चहनिया विकासखंड के ग्राम डेवड़ा के निवासी रोहन मिश्र को कनाडियन सांख्यिकीय विज्ञान संस्थान, ओटावा द्वारा तीन दिवसीय सर्वे सैम्पलिंग में माडर्न मेथाड्स पर ओटावा विश्वविद्यालय में आयोजित वर्कशॉप में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

प्रधानमंत्री के जनसभा स्थल मेंहदीगंज का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पीएम के दौरे से पहले काशी में लिया तैयारियों का जायजा

- अफसरों संग सीएम ने की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश
- 18 जून को वाराणसी आ रहे पीएम मोदी, करेंगे किसान सम्मेलन को संबोधित

केटी न्यूज/वाराणसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दौरे पर शुक्रवार शाम वाराणसी पहुंचे। सीएम योगी ने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाराणसी आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। सीएम योगी सबसे पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के संग मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जनपदों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विकास की सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इससे पहले सीएम का हेलीकाप्टर सेवापुरी के मेहंदीगंज स्थित पीएम मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल पर उतारा। सीएम योगी ने यहां पीएम की सुरक्षा, जनसभा स्थल पर पार्किंग, जनता के आवागमन, नेताओं के रूट समेत प्रमुख बिंदुओं की जानकारी ली। इस दौरान मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी सीएम योगी को दी। वहीं लोक निर्माण विभाग के चीफ इंजीनियर को मूवमेंट से संबंधित सभी सड़कों को चेक करने और मरम्मत करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने दिया। इसके अलावा जनसभा स्थल पर हेलीपैड को पूरी तरह जन्तु-जानवरों से मुक्त रखने का निर्देश दिया। इस दौरान बीजेपी जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े मौजूद रहे। बता दें कि तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है। पीएम मेहदीगंज में जनसभा और किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह बाबा विश्वनाथ का दर्शन करेंगे व मां गंगा की आरती में भी शामिल होंगे। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी व प्रशासनिक अमला तैयारियों में जुटा हुआ है। इसी क्रम में सीएम योगी स्वयं वाराणसी पहुंचकर तैयारियों जायजा लेने पहुंचे हैं।



भी मुख्यमंत्री ने देखा और बैरिकेडिंग की उचित व्यवस्था करने के लिए अफसरों को निर्देशित किया। साथ ही डीएफओ को कार्मिकों की ड्यूटी लगाकर चिह्नित स्थल को

सीएम आधी रात काशी में ग्राउंड पर उतरे, रोपवे के धीमे काम पर अफसरों को लगाई फटकार पूछे कब तक सौ फिसदी होगा काम!

केटी न्यूज/ वाराणसी

यूपी में लोकसभा चुनाव के बाद सीएम योगी एक्शन में हैं। शुक्रवार शाम को मिजार्पुर और बांदा में राजस्व अफसरों को सस्पेंड कर दिया। फिर शुक्रवार शाम को काशी पहुंचे। वहां अफसरों के साथ बैठक की। देर रात 11 बजे ग्राउंड पर उतर गए। काशी में पीएम के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट रोप-वे का निरीक्षण किया। रोप-वे के धीमे काम को देखकर सीएम नाराज हो गए।अफसरों को फटकार लगाई। पूछा कि अब कब तक 80 फिसदी काम पूरा हो जाएगा और कब तक सौ फिसदी काम होगा! उन्होंने एक-एक पॉइंट पर अफसरों से सवाल-जवाब किए। वक्त से काम खत्म करने के लिए अफसरों से मजदूरों की संख्या बढ़ाने की कहा। सीएम ने वाराणसी के जाम पर भी चिंता जताई। अफसरों को नया प्लान बनाने का निर्देश दिया। वाराणसी जोन के अफसरों और विधायकों के साथ मीटिंग की। रात 11 बजे सीएम अचानक रथ यात्रा रोपवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने रोपवे स्टेशन पर पार्किंग, लिफ्ट एवं कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। ट्रैक और प्लेटफार्म भी देखा। अफसरों से सवाल किए तो उन्होंने जवाब दिया कि



अब तक तीन स्टेशन पर काम जारी है। सीएम ने दो शिफ्ट में काम चलाने का निर्देश दिया। सीएम करीब 1 घंटे रुके। कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक 3.75 किमी लंबा रोपवे मई 2025 तक चालू होना प्रस्तावित है। दूसरे राउंड में सीएम ने वाराणसी जोन के अफसरों और विधायकों के साथ मीटिंग की। अफसरों से विधायकों की शिकायतों, सुझाव और सूचनाओं को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए। शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान करने के लिए भी अफसरों से कहा है। हर काम की जवाबदेही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीएम ने विधायकों से कहा- जनता के बीच जाएं। उनकी समस्याएं सुने और समाधान करने की कोशिश करें।

एक नजर

सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 278 शिकायतें,28 का मौके पर हुआ निस्तारण

जौनपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में तहसील केराकत सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कुल 278 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व विभाग के 165, पुलिस विभाग के 70, विकास विभाग के 18 एवं अन्य के 25 है जिसमें से मौके पर ही 28 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पुलिस एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। इस अवसर पर अतिरिक्त उप जिलाधिकारी केराकत ज्ञान प्रकाश, तहसीलदार महेंद्र सिंह, पीडी जयकेश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी विजय कुमार यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल, जिला दिव्यांगजन अधिकारी दिव्या शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर भीषण हादसा, दो की मौत, आठ जख्मी

गाजीपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग- 24 वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर शनिवार की दोपहर भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और आठ लोग जख्मी हो गए। मृतकों के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है। बता दें कि मरदह थाना क्षेत्र अंतर्गत महेगवां गांव के पास वाराणसी की तरफ से मऊ जा रही चार पहिया पिकअप ने सड़क पर खड़ी मैजिक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें चालक समेत 13 लोग घायल हो गए। बताते चलें कि मऊ जनपद के घोसी थाना अंतर्गत जमालपुर निवासी सलमान-12, फिरोज- 42, अरशद-20, साइना-08, सलीम-30, मुख्तार-65, करामद -40, बेलाल-18, अनारूल- 55, अयुब-25, समसुदीन- 65 व कुसम्हीं दोहरीघाट निवासी वाहन चालक अभिषेक-23 चार पहिया वाहन के टक्कर से घायल हो गए। सभी को आनन-फानन में राहगीरों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरदह पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सात लोगों को जिला अस्पताल गाजीपुर और तीन लोगों को जिला अस्पताल मऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि दो लोगों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चालक अभिषेक को पुलिस थाने लेकर चली गई। दोनों वाहनों को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। उधर जिला अस्पताल गाजीपुर में इलाज के दौरान मुख्तार- 65 तथा अयुब- 25 की मौत हो गई। दोनों शवों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कारगिल शहीद शेषनाथ की मनी 26वीं पुण्यतिथि

गाजीपुर। नंदगंज थाना क्षेत्र के धरवां के अमर शहीद शेषनाथ पार्क में शनिवार को कारगिल शहीद शेषनाथ की 26वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एक दिन पूर्व रामचरितमानस का अखंड पाठ के साथ हवन यज्ञ आदि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अमर शहीद शेषनाथ की आदमकद प्रतिमा पर पत्नी सरोज देवी व पुत्र शिवा ने परिजनों के साथ पुष्प का हार अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद शेषनाथ की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। समारोह के मुख्य अतिथि श्री 1008 महामंडलेश्वर त्रिवेड़ी दास महाराज ने अपने संबोधन में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गाजीपुर बलिदानियों की धरती है। देश को जब भी जरुरत पड़ी है, तब गाजीपुर के रणबांकुरों ने दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए हैं। शेषनाथ यादव की शहादत अविस्मरणीय है। जिस पर हम सभी क्षेत्र सहित जनपदवासियों को नाज है।विशिष्ट अतिथि गजाधर प्रसाद शर्मा ने शेषनाथ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शेषनाथ एक होनहार, ईमानदार विद्यार्थियों में से एक थे। वे शुरू से ही देश की सेवा के लिए लालायित रहें। कार्यक्रम के अध्यक्ष गाजीपुर समाचार के सम्पादक संजय कुमार ने कहा कि बाघी गांव का सपूत शेषनाथ ने अपनी दिलेरी व वीरता से जनपद का नाम रोशन किया है। लेकिन पति के अभाव में उनकी धर्मपत्नी सरोज देवी ने अपने छोटे छोटे बच्चों व परिजनों के साथ जो पीड़ा झेली है। उसका दर्द तो वहीं समझती होगी। शेषनाथ की वीरता और शहादत को गाजीपुर आजीवन याद रखेगा। समारोह के पूर्व डीआईजी बालिकरन यादव, महासभा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव, सन फ्लावर पब्लिक स्कूल के संरक्षक गोरख यादव, लोरिक बिंद ने भी अपने संबोधन में शहीद शेषनाथ को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश के लिए शहादत देना एक गौरव की बात है।

बारातियों से भरी बोलेरो अनियंत्रित होकर पलटी दो की मौत, पांच घायल

केटी न्यूज / जौनपुर।

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बछुआर गांव में शुक्रवार देर रात बारात से घर वापस जाते समय एक बोलेरो गाड़ी व ट्रैक्टर के बीच हुई टक्कर में अनियंत्रित होकर बोलेरो सड़क किनारे खाई में पलट गई। हादसे में दो बरातियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए।ह्व टना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद अराजकतत्वों ने बोलेरो गाड़ी में आग लगा दी।



अफसरों की गणेश परिक्रमा कर चुके मूरतदास ने अब डीएम व एसपी से लगाई न्याय गुहार

50 लाख की भूमि मात्र एक लाख में लेने वाले प्रापर्टी ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- हाफ टाइम के बाद बसिला की टीम ने डिग्घी की टीम को एक गोल दागकर बना ली बढ़त

केटी न्यूज/बलिया

यह कहावत आपने जरूर सुनी होगी कि न्याय बिकता है..! शायद यही वजह है कि पिछले छह साल से न्याय के लिए भटक रहे पीड़ित की आवाज कोई सुनने को तैयार नहीं है। पीड़ित ने मंगलम प्रापर्टी ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गुहार लगाने वाले पीड़ित का आरोप है कि उसकी 50 लाख रुपये की जमीन मात्र एक लाख रुपये देकर छह साल पहले रजिस्ट्री करा ली गईं, बाकी पैसे रजिस्ट्री के तत्काल बाद देने को कहा गया था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब पीड़ित जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के दरबार में न्याय की गुहार लगाने पहुंचा है। मामला नगरा थाना अंतर्गत बेल्थरारोड मार्ग का है।

बता दें कि बेल्थरारोड मार्ग निवासी मूरतदास ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक से मिलकर अपनी जमीन की रकम वापस दिलाने की मांग की। अधिकारियों को पत्रक भी सौंपा है।

पीड़ित मूरतदास का आरोप है कि वर्ष 2018 में ,मंगलम प्रॉपर्टी ग्रुप के डायरेक्टर विनय शंकर जायसवाल द्वारा उनके जमीन को 50 लाख में तय कर एक लाख नगद देते हुए अपने ग्रुप के रमाकांत और रामनारायण के नाम से रजिस्ट्री करा ली और तब से अब तक मुझे बकाए के 49 लाख रुपये नहीं दिए गए। इसी बीच विनय शंकर जायसवाल द्वारा उस जमीन को खुद के नाम पर भी ट्रांसफर करा लिया गया और मेरे पैसे का कोई निवारण नहीं निकाला गया है। मैं थाने सहित अन्य अधिकारियों के यहां जाकर परेशान हो चुका हूं। अब उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहा हूं।





मैंने जमीन मूरतदास से नहीं, रामायण से ली है : विनय शंकर

विनय शंकर जायसवाल ने कहा कि मैं रामायण से जमीन खरीदा हूं और उनका उचित मूल्य उनको दे दिया हूं। जमीन रजिस्ट्री के वक्त जिलाधिकारी का परमिशन भी लिया गया है। मैं एक राजनीतिक व्यक्ति हूं और कुछ विपक्षियों द्वारा मेरे छवि को खराब करने के लिए यह सब साजिशें की जा रही है।

सुभाषितम्

हमेशा याद रखो कि आपका अपना सफल होने का संकल्प ही किसी भी चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। - अब्राहम लिंकन

साधु के भेष में सीता का अपहरण के कारण हुआ रावण का वध

-सनत जैन

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख इंद्रेश कुमार ने हाल ही में बयान देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ परिवार के बीच में जो मतभेद थे, उनको उजागर कर दिया है। यह मतभेद इतने बढ़ चुके हैं, जिसमें संघ और भारतीय जनता पार्टी को बचाने के लिए अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधी लड़ाई लड़ी जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रेश कुमार ने जयपुर में कहा भगवान सभी के साथ न्याय करते हैं। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में जिस पार्टी को राम की भक्ति से शक्ति का प्रसाद मिलना था। भगवान राम ने जिन्हें शक्ति दी थी। उनसे शक्ति छीन ली है। उन्होंने सीधे भाजपा को इंगित करते हुए कहा, भगवान राम ने बड़ी पार्टी के रूप में भाजपा को आशीर्वाद दिया था। जब भाजपा में अहंकार आ गया, भगवान राम की मयार्दाओं का उल्लंघन किया। मयार्दाओं का उल्लंघन करने और अहंकार के कारण भगवान राम ने भाजपा को 234 सीटों पर लाकर खड़ा कर दिया है। भाजपा के 2024 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन पर इन दिनों संघ प्रमुख मोहन भागवत और इंद्रेश कुमार द्वारा दिए गए बयानों के कारण भारत की राजनीति में तूफान आ गया है। राजनीतिक हल्कों में इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में संघ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरियां बढ़ती चली जा रहीं थीं। सत्ता का विराट स्वरूप प्रधानमंत्री के आसपास था। सत्ता की सारी शक्तियां उनके पास थीं। जिसके डर और भय के कारण विरोध करना उस समय किसी के लिए संभव नहीं था। जिसने भी विरोध किया, उसे राजदंड सहना पड़ा। इसका फायदा उठाते हुए नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी ने भाजपा संगठन में मनमाने तरीके से नियुक्तियां कीं। सरकार ने अपने हिसाब से नीतियां बनाईं। भाजपा संगठन और संघ का कोई भी अंकुश सरकार के ऊपर नहीं रहा। जिसके कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनियंत्रित हो गए। अपार शक्ति के कारण विश्वासघात की प्रवृत्ति और अहंकार के कारण वर्तमान स्थिति का निर्माण हुआ। भारतीय जनता पार्टी की स्थिति में संघ और भाजपा संगठन को बचाए रखने के लिए संघ ने अब मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी में सांस्कृतिक और वैचारिक पृष्ठभूमि के कारण संघ की मातृ संगठन के रूप में हमेशा से पूजनीय भूमिका थी। हिंदू महासभा जनसंघ और भाजपा में, हमेशा से संघ का प्रभुत्व रहा है। संघ द्वारा जो नीतियां बनाई जाती थीं राजनीतिक पार्टी के रूप में जनसंघ और भाजपा उन विचारों को आगे बढाने का काम करती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में इस परंपरा को खत्म कर दिया। भाजपा के स्पष्ट बहुमत पाने का पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं ले लिया। दूसरे कार्यकाल में और ज्यादा सफलता मिली। उसके बाद सारी मयार्दा तोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयंभू हो गए थे। वह अपने ही मातृ संगठन से अलग होकर स्वयं निर्णय करने लगे थे। इंद्रेश कुमार के अनुसार, भगवान राम के साथ विश्वासघात करते हुए नरेंद्र मोदी अहंकारी हो गए थे। ऐसी स्थिति में भगवान को सबक सिखाना ही था। 2024 के लोकसभा चुनाव में भगवान राम ने कर्म फल के रूप में नरेंद्र मोदी के अहंकार को समाप्त किया है। विश्वास घात करने की सजा के रूप में उन्हें स्पष्ट बहुमत तक नहीं पहुंचने दिया। जब रावण का वध हुआ था। उस समय रावण ने भगवान शिव से पूछा था, भगवान आपने मेरी रक्षा नहीं की। इस पर भगवान शिव ने अपने सबसे बड़े परम भक्त रावण को कहा था, मैंने तुम्हें एक रक्षा के रूप में वरदान दिया था। तुम्हारी रक्षा करने का वचन दिया था। राक्षस के स्वरूप में रहते हुए तुम जो भी कर रहे थे। उसमें तुम्हारी रक्षा के लिए मैं वचनबद्ध था। लेकिन तुमने साधु के भेष में सीता माता का अपहरण करके उस वरदान को भंग कर दिया था। जिसके कारण मैं तुम्हारी रक्षा नहीं कर सका। कुछ इसी तरह की स्थिति अब संघ परिवार और भारतीय जनता पार्टी के बीच में देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 साल पुरानी संस्था को बचाये रखने और अपने राजनीतिक संगठन भाजपा को बचाने के लिए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सरकार मतलब नरेंद्र मोदी से अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन संघ परिवार ने बना लिया है। इसके दो ही परिणाम हैं।

चिंतन-मनन

उपाय भी ठीक से हो



एक सास ने बहू से कहा, बहूरानी ! मैं अभी बाहर जा रही हूं। एक बात का ध्यान रहे, घर में अंधेरा न घुसने पाए। बहू बहुत भोली थी। सास चली गई, सांझ होने को आई। उसने सोचा कि अंधेरा कहीं घुस न जाए, सारे दरवाजे बंद कर दिए। सब खिड़कियां बंद कर दीं। दरवाजे के पास लाठी लेकर बैठ गई। सोचा- दरवाजा खुला नहीं है, कोई खिड़की खुली है, कहीं भी कोई छेद नहीं। आएगा तो दरवाजा खटखटाएगा, लाठी लिए बैठी हूं, देखती हूं कैसे अन्दर आएगा। पूरी व्यवस्था कर दी। अंधेरा गहराने लगा। सोचा, कहां से आ गया ! कहीं भी तो कोई रास्ता नहीं है। हो न हो दरवाजे से ही आ रहा है। अन्धकार को पीटना शुरू कर दिया। काफी पीटा कि निकल जाओ मेरे घर से ! मेरी सास की मनाही है कि तुम्हें भीतर घुसना नहीं है ! खूब लाठियां बजाई। लाठी टूटने लगी। हाथ छिल गए। लहूलुहान हो गए। अंधेरा तो नहीं गया। परेशान हो गई। सास आई। दरवाजा खोला। कहा, यह क्या किया मैंने कहा था कि अंधेरे को मत आने देना घर में। वह बोली, देखो, मेरे हाथ देख लो। लहूलुहान हो गए। लाठी टूट गई। मैंने बहुत समझाया, बहुत रोका, पर इतना जिद्दी है कि माना ही नहीं और यह तो घुस ही गया। सास ने सिर पर हाथ रखा। कहा, बहूरानी ! अंधेरे को से मिटाया जाता है क्या अंधेरा से मिटता है समझी नहीं तुम बात को। सास ने दीया जलाया, अंधेरा समाप्त हो गया। उपाय के बारे में हमारी जानकारी सही नहीं होती तो हम प्रयत्न तो करते हैं, परिश्रम करते हैं, पर अंधेरा मिटता नहीं।

विधायकों के लिये नये निवास: पर किस कीमत पर

-एल.एस. हरदेनिया



इस समय मध्यप्रदेश में मंत्रियों तथा विधायकों के निवास को लेकर विवाद चल रहा है। शासन इनके लिये नये बंगलों के निर्माण की योजना बना रहा है। इन बंगलों के निर्माण के लिये जितनी भूमि की आवश्यकता है उसे प्राप्त करने के लिये हजारों पेड़ काटे जायेंगे। इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों के काटे जाने से भोपाल की जलवायु भी प्रभावित होगी। 1956 में जब भोपाल को मध्यप्रदेश की राजधानी बनाया गया था उस समय भोपाल एक अत्यधिक ठंडा स्थान था। उस समय यदि हम लोग खुले में सोते थे तो हमें रजाईयां ओढ़ना पड़ता था। परंतु धीरे-धीरे स्थिति बदलती गई। भारी संख्या में पेड़ काटे जाने लगे, खेती के जमीन पर निर्माण होने लगा। भोपाल कांक्रीट का जंगल होता गया। शहर में हजारों की संख्या में एयरकंडीशनर लगाये जाने लगे।

प्रश्न यह है कि क्या विधायकों के लिए भोपाल में अतिरिक्त निवासों की आवश्यकता है और यदि है भी तो उसके लिए जमीन प्राप्त करने हेतु क्या हजारों पेड़ काटने की आवश्यकता है जब भोपाल राजधानी बना था, उस समय भोपाल के विधानसभा की सदस्य संख्या 320 थी। छत्तीसगढ़ बनने के बाद 90 सदस्य छत्तीसगढ़ में शामिल कर लिये गये। इस तरह 90 निवास खाली हो गये। फिर प्रश्न यह है कि क्या राजधानी में विधायकों के लिए स्थायी निवास उपलब्ध करना आवश्यक है इस समय स्थिति यह है कि विधानसभा का सत्र बहुत ही कम समय के लिए आयोजित किया जाता है। कभी-कभी 3 और 4 दिन के अंदर ही विधानसभा का सत्रावास हो जाता है। इस तरह विधायकों को वर्ष में 8-10 दिन से ज्यादा भोपाल में रहने की आवश्यकता नहीं होती।

एक समय था जब भोपाल में विधायकों का तीसरा विश्राम गृह सिर्फ विधायकों के मेहमानों को ठहराने के लिए उपयोग किया जाता था। कई राज्यों में तो वर्षों तक विधायकों के निवास, यदि सत्र नहीं होता था तो उनका उपयोग लगभग होटल की तरह किया जाता था। हमें याद है कि हम लोग जब बंबई जाते थे तो कई बार हमें विधायकों के खाली निवास पर ठहराया जाता था। उसका किराया भी लिया जाता था। ज्ञात नहीं है परंतु हो सकता है कि इस तरह की व्यवस्था देश के अन्य राज्यों में भी होती हो। दुनिया का सबसे पुराना प्रजातंत्र ब्रिटेन का है। वहां दो सदन हैं, एक हॉउस ऑफ लार्ड और दूसरा हाउस ऑफ कामन्स। इनके सदस्यों को लंदन में ठहरने के लिए कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। जब सत्र होता है तो इन दोनों सदनों के सदस्य या तो होटल में ठहरते हैं या किसी के घर में किराया देकर ठहरते हैं। व्यवस्था ऐसी भी है कि यदि किसी सदस्य को मकान मालिक को किराया देना पड़ता है तो उसे उतने ही दिन का किराया देना पड़ता है जितने दिन इन सदनों की बैठक होती है। उसका प्रमाण पत्र सदस्यों को अपने सदन के सचिवालय से प्राप्त करना पड़ता है। जितने दिन का प्रमाण पत्र मिलता है उतने ही दिन का सदस्य को किराये की पात्रता होती है। इस समय जो विश्राम गृह भोपाल में हैं उनकी क्या स्थिति है यह ज्ञात नहीं है। कई पारिवारिक विश्राम गृह भी बन चुके हैं जिनमें रसोई घर, स्नान घर की भी व्यवस्था है। यदि वर्तमान में इन विश्राम गृहों की स्थिति कुछ कमजोर है तो उन्हीं को तोड़कर उन्हीं स्थानों पर नये मकान बनाये जा सकते हैं। परंतु बंगले और मकान बनाने के लिए नई जमीन की उपलब्धता के खातिर हजारों की संख्या में पड़ों का काटना पूरी तरह अनावश्यक है। इसके विरोध में भोपाल में आवाजें उठने लगी हैं और यदि सरकार का निर्णय नहीं बदला तो पेड़ों की कटाई रोकने के लिए एक बहुत बड़ा आंदोलन भी हो सकता है। जब भारत आजाद हुआ था तो यह प्रश्न चर्चा में आया था कि मंत्रियों और अन्य लोगों को दिल्ली में रहने के लिए क्या इंतजाम किए जायें। इस संबंध में महात्मा गांधी की राय स्पष्ट थी। उन्होंने परामर्श दिया था कि सरकार में काम करने वाले लोगों के लिए छोटे मकान ही यथेष्ट हैं। उन्होंने इस संबंध में तत्कालीन गवर्नर जनरल और प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर यह सलाह दी थी कि वे छोटे मकानों से ही काम चलायें। जिस देश में लाखों, करोड़ों लोग एक वक्त का भोजन कर पाते हैं उस देश में बड़े-बड़े महलों को बनवाकर उन पर फिजूल खर्ची न की जाये। गांधीजी ने पंडित नेहरू को अपने एक पत्र में लिखा था: हम अंग्रेजों की फिजूलखर्ची को अपना रहे हैं, जिसे हमारा देश बरदाश्त नहीं कर सकता। कुछ दिन बाद उन्होंने फिर लिखा: मुझे लगता है कि वाइसरॉय को किसी सादे मकान में जाने देना चाहिये और वर्तमान राजप्रासाद का उपयोग अधिक उपयोगी कामों के लिए करना चाहिये। पंडित नेहरू इससे सहमत थे। माउण्टबेटन इसके लिए तैयार थे-उनमें इसका उत्साह भी था। गांधीजी ने माउण्टबेटन को लिखा: क्या मैं बता सकता हूं कि राष्ट्र के अधभूखे करोड़ों ग्रामीणों के चुने हुए गवर्नर-जनरल के नाते आपने किसी सादे मकान में जाने की जो इच्छा प्रकट की है, उसका मेरे मन में कितना आदर है आशा है कि आपकी यह इच्छा पूरी की जा सकेगी। परन्तु पंडित नेहरू ने उसी दिन लिखे गये अपने पत्र में गांधीजी को समझाया कि हम काम में इतने व्यस्त हैं कि उपयुक्त स्थान ढूंढना और राजप्रासाद को छोड़कर दूसरे स्थान में जाने की व्यवस्था करना कठिन है। सारा कारण यही नहीं हो सकता था, क्योंकि भारतीय गवर्नर-जनरल के पदारूढ़ होने के बाद भी न तो उनके निवास में और न उसके ठाटबाट में कोई परिवर्तन किया गया। हमें यह भी बताया गया कि विदेशों के महान राजपुरूष राजभवन में जो स्तर रखा गया है उसे भी अपर्याप्त समझते हैं। गांधीजी को इससे निराशा हुई, परंतु उन्होंने अपनी निराशा से भी भलाई खींच निकाली। उत्तेजना के उन दिनों में, जब दिल्ली कब्रस्तान बन गया था, गवर्नर-जनरल के साथ हुई एक मुलाकात के दौरान गांधीजी को बताया गया कि किस तरह राजभवन दंगा-फसाद और रास्तों के शोर-गुल से दूर संकट-समिति की बैठकों और चचाओं के लिए एक शान्त एकान्त स्थान बन गया है। माउण्टबेटन को दी हुई अपनी पहले वाली सलाह की याद दिलाते हुए गांधीजी ने उनसे कहा: इसकी परवाह नहीं कि आप छोटे मकान में क्यों नहीं गये। जब मैं संकट-समिति को इस भवन की अखण्ड शान्ति में काम करते देखता हूँ तब अपने मन में कहता हूँ: शायद ईश्वर हम सबसे अधिक बुद्धिमान है। कारण, यह ठीक ही है कि संकट-समिति की बैठक ऐसे स्थान पर हो जहां उचित वातावरण में बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय किये जा सकें। परंतु गांधी जी द्वारा दी गई अनेक सलाहों की जिस तरह उपेक्षा की गई वही इस परामर्श के साथ भी हुआ। अभी हाल में समाचारपत्रों में छपा है कि भोपाल में मंत्रियों के बंगलों के सुधार में ही करोड़ों रुपए खर्च हुए हैं। किस मंत्री के बंगले के सुधार में कितना खर्च हुआ इसका विवरण भी समाचार पत्रों में छपा है।

अधिक ऋण के बोझ तले वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी

-प्रहलाद सबनानी

विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है। आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपए के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से 1 देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ौतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है। भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है। पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋणः सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है।

भारतीय समाज में पिता की अवधारणा

- डॉ. श्रीमती शारदा मेहता

भारतीय संस्कृति में पिता परिवार की धुरी होता है। उसका स्थान सर्वोपरि है। पांडव वनवास के समय जंगल में घूम रहे थे। वे प्यास से व्याकुल होने के कारण जलाशय, ढूँढ रहे थे। उन्हें एक स्थान पर जलाशय मिला। सर्वप्रथम सहदेव जलाशय पर पहुँचा। उसने हाथ में जल लेकर पीने का प्रयत्न किया। सहसा एक अदृश्य आवाज ने सहदेव से कहा कि मेरे प्रश्नों के उत्तर देकर ही जल ग्रहण करो। परन्तु सहदेव ने जल पी लिया और वह अचेत हो गया। उसके बाद नकुल, अर्जुन तथा भीम की भी वही स्थिति हुई। अंत में धर्मराज युधिष्ठिर आये। अपने चारों भाईयों की मृतप्राय अवस्था देखकर उन्हें शंका हुई। वे भी जलाशय के पास पहुँचे। अदृश्य आवाज से उन्होंने परिचय पूछा। वह एक यक्ष की आवाज थी। उसने युधिष्ठिर से अठारह प्रश्न पूछे। सही उत्तर प्राप्त होने पर चारों भाई जीवित हो गये। उन प्रश्नों में एक प्रश्न था कि आकाश से ऊँचा कौन है युधिष्ठिर ने तपाक से उत्तर दिया, पिताह्व। वास्तव में सर्वोच्च स्थान पिता को ही प्राप्त है। पिता बालक को उसकी जीवन यात्रा में सही दिशा प्रदान करते हैं। उसे स्वअनुशासित जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करते हैं। वह चाहते हैं कि उनका पुत्र उद्दंड न बने। सही रास्ता अपनाकर जीवन में उत्तरोत्तर ऊँचाइयों को प्राप्त कर पिता का नाम रोशन करे। पिता की अभिलाषा रहती है कि उनकी सन्तान बलिष्ठ बनें, किसी के सामने झुके नहीं और प्रत्येक समस्या का निदान निडर होकर करे। पिता सर्वदा हर क्षण कदम - कदम पर आने वाली समस्याओं के प्रति सचेत करते रहते हैं। एक सफल पिता की यह हार्दिक अभिलाषा रहती है कि जो कष्ट उन्होंने स्वयं उठाए हैं वह उनकी संतान को न उठाने पड़े। पिता चाहते हैं कि उनकी सन्तान जीवन में किसी से धोखा न खाये और समस्याओं का निदान निपुणता से बिना झुंझलाहट के कर ले। संस्कृत साहित्य के किसी विद्वान् कवि ने कहा हैः - जननी जन्मभूमिश्च जाह्नवी च जनार्दनः। जनकः पंचमश्चैव जकाराः पंच दुर्लभाः।। अर्थात ये पाँच ज कार इस संसार में दुर्लभ है। जननी (माता), जन्मभूमि (स्वदेश) जाह्नवी (गंगा नदी), जनार्दन (भगवान श्रीकृष्ण) तथा जनकः (पिता) इन पाचों का सुख संसार में भाग्यशाली व्यक्ति को ही प्राप्त होता है। भगवान विष्णु के साक्षात अवतार श्रीराम को माता कैकेयी के हठ के कारण पिता दशरथ जी वन को भेजते हैं तो भगवान श्रीराम धीर - गंभीर होकर सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं। जननी कौसल्या से वन गमन की आज्ञा माँगने जाते हैं। माता कौसल्या के हृदय की विशालता देखिये - सरल सुभाउ राम महतारी। बोली वचन धीर धरि भारी।। तात जाउँ बलि कीन्हेउ नीका। पितु आयसु सव धरमक टीका।।

श्रीरामचरितमानस, अयो. दो. 54 चै. 4 अर्थात सरल स्वभाव वाली श्रीरामचन्द्रजी की माता बड़ा धीरज धरकर वचन बोलीं - हे तात ! मैं बलिहारी जाती हूँ , तुमने अच्छा किया। पिता की आज्ञा का पालन करना ही सब धर्मों का शिरोमणि धर्म है। पिता का स्नेह केवल पुत्र पर ही नहीं पुत्री पर भी उतना ही रहता है। मनोवैज्ञानिकों के मतानुसार पिता अपनी पुत्री पर अधिक स्नेह करते हैं। माँ यदि अपनी बेटी को यदा - कदा डाँटती है, दुनिया की ऊँच - नीच के बारे में उसे कुछ समझाती है तो पिता माँ को एक झिड़की देकर टोक देता है और कहते हैं कि समय आने पर, जिम्मेदारी सिर पर पड़ने पर मेरी लाड़ली सब कुछ कर लेगी। वह तुमसे भी अच्छी बनेगी। बचपन में मैंने किसी पत्रिका में एक कहानी पढ़ी थी। सुज्ञ पाठकगण। उसका रसास्वादन करें। माता - पिता अपनी लाड़ली के लिए वर तलाश रहे थे।

आज का राशिफल

मेष आज आपको परिश्रम अधिक करना पड़ सकता है और आपके लिए सफलता के जबर्दस्त योग बन रहे हैं।

तुला आज कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जायेंगे।

वृषभ दिन उत्साह से भरा होगा और आपके सभी रुके कार्य बन जाएंगे। किसी काम में जल्दी न करें।

वृश्चिक लाभ का समय है। सुख में वृद्धि होगी और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी।

मिथुन आज का दिन सम्मान से भरा होगा और भाग्य आपका साथ देगा। मान सम्मान में वृद्धि होगी।

धनु आज आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज आपको शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा।

कर्क आज मेहनत करने के बाद आपको हर कार्य में वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

मकर आज दिन सफलता से भरा होगा और आपको हर कार्य में लाभ होगा। आपके धन में वृद्धि होगी।

सिंह करियर से जुड़े सभी कार्य बनते नजर आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा।

कुंभ समय सावधानी से बताने का है। हानि की आशंका है। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे।

कन्या दिन सफलता से भरा होगा। आज आपको उत्सव और त्योहार में शामिल होने के अवसर प्राप्त होंगे।

मीन आज लाभकारी समय है। आप अपने अच्छे व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं।

विशेष

ट्रंप ही नहीं बाइडेन का अंदाज भी निराला

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं तो आखिर उनके प्रतिद्वंदी जो वाइडन खामोश कैसे रह सकते थे। अतः उन्होंने भी ट्रंप को अपने ही खास अंदाज में जन्मदिन मुबारक हो का पैगाम भेजा, जिसकी चर्चा अब देश-विदेश में हो रही है। दरअसल राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रंप को चुनाव से जोड़कर बधाई देने की जगह उनकी कथित 78 उपलब्धियां गिनाते हुए उन्हें असफल और धोखेबाज इंसान तक कह डाला है। अब देखिए गाहे-बगाहे ट्रंप भी इसका जवाब उन्हें दे ही देंगे, क्योंकि सियासत में तो सब जायज जो ठहरा।

फिर सध जायेगा नेपाल

नेपाल में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच भारत ने एक बार फिर मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। दरअसल नेपाल के लुंबिनी प्रोविंस के प्यूथान जिले में एक स्कूल और हॉस्टल की नींव भारत ने रखी है। यह नींव भारत और नेपाल के बीच एक समझौते के तहत एक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (सामुदायिक विकास परियोजना) के रूप में रखी गई है। अब चूंकि 2003 से भारत सरकार नेपाल में विभिन्न क्षेत्रों में 551 से अधिक हाई इंपैक्ट कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किए हुए हैं और 490 परियोजनाओं का कार्य पूर्ण किया है। ऐसे में नेपाल का चीन की ओर जाना समझ से परे है, इसलिए यह परियोजना नेपाल को वापस साधने में कामयाब होगी इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता जताई जा रही है। कहा तो यही जा रहा है कि पड़ोसी के लिए और ज्यादा करना पड़े तो करना चाहिए क्योंकि अन्य फिर उस पर नजर नहीं उठाएंगे।

कार्टून कोना



आज का इतिहास

1869: आस्ट्रेलिया के भीतरी इलाकों की खोज करने वाले ब्रिटिश नागरिक चार्ल्स स्टुअर्ट का निधन हुआ. 1925: राष्ट्रवादी नेता चित्तरंजन दास का निधन . 1948: किसी विमान का पहला अपहरण मकाओ और होगकांग के बीच उड़ान के दौरान हुआ. जिसमें विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और अपहरणकर्ता ही बचा. 1952: खोए हुए विमान की तलाश कर रहे स्वीडिश विमान को सोवियत लड़ाकू विमानों को मार गिराया. 1975: ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका के बीच नौसैनिक सहयोग 169 वर्ष के बाद समाप्त हो गया. 1976: अश्वैतों के स्कूल में अफ्रीकी भाषा थोपने के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका में छात्रों ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया. 1977: जर्मनी के राकेट इंजीनियर बर्नर बानब्राउन का निधन हुआ,उसने वी-4 और वी- 2 राकेटों का डिजाइन तैयार किया था.

दैनिक पंचांग

16 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



रविवार 2024 वर्ष का 168 वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास ज्येष्ठ पक्ष शुक्ल
तिथि दशमी 04.44 बजे प्रातः को समाप्त। नक्षत्र हस्त 11.13 बजे को समाप्त। योग वरीयान 21.02 बजे को समाप्त। करण तैतिल 15.42 बजे तदनन्तर गर 04.44 बजे प्रातः को समाप्त। चन्द्रायु 9.5 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 23° 21'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872012
जूलियन दिन 2460477.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445 महीना जिलहेज तारीख 09 विशेष गंगा दशहरा, पितृ दिवस, सिंधु सम्राट महाराज दाहरसिंह शहीद दिवस।


ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	मिथुन	05.09 बजे से
चंद्र	कन्या में	कर्क	07.27 बजे से
मंगल	मेष में	सिंह	09.43 बजे से
बुध	मिथुन में	कन्या	11.55 बजे से
गुरू	वृष में	तुला	14.05 बजे से
शुक्र	मिथुन में	वृश्चिक	16.20 ब से
शनि	कुंभ में	धनु	18.36 बजे से
राहु	मीन में	मकर	20.41 बजे से
केतु	कन्या में	कुंभ	22.26 बजे से
राहुकाल 4.30 से 6.00 बजे तक		मीन	00.01 बजे से
		मेष	01.31 बजे से
		वृष	03.11 बजे से

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
उद्वेग	05.36 से 07.23	बजे तक	शुभ	05.36 से 07.09	बजे तक
चर	07.23 से 08.51	बजे तक	अमृत	07.09 से 08.41	बजे तक
लाभ	08.51 से 10.18	बजे तक	चर	08.41 से 10.14	बजे तक
अमृत	10.18 से 11.46	बजे तक	रोग	10.14 से 11.46	बजे तक
काल	11.46 से 01.14	बजे तक	काल	11.46 से 01.19	बजे तक
शुभ	01.14 से 02.41	बजे तक	लाभ	01.19 से 02.51	बजे तक
रोग	02.41 से 04.09	बजे तक	उद्वेग	02.51 से 04.24	बजे तक
उद्वेग	04.09 से 05.36	बजे तक	शुभ	04.24 से 05.53	बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभस्य श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidoor.com, Bangalore

संक्षिप्त समाचार

रूस और मिस्र भूमध्य सागर में करेंगे संयुक्त नौसैनिक अभ्यास



मास्को, एजेंसी। रूस के पैसिफिक फ्लीट (प्रशांत महासागर में रूसी नौसेना का बेड़ा) के दो युद्धपोत भूमध्य सागर में मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में भाग लेंगे। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को इसकी घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय के हवाले से बताया कि मिसाइल क्रूजर वर्याग और फ्रिगेट मार्शल शापोशनिकोव सहित पैसिफिक फ्लीट के लड़ाकू जहाजों का एक समूह मिस्र की नौसेना के साथ संयुक्त अभ्यास में भाग लेने के लिए मिस्र के बंदरगाह अलेक्जेंड्रिया के लिए रवाना हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि अभ्यास के दौरान मिस्र की नौसेना का प्रतिनिधित्व फ्रिगेट ईएनएस अल-कादिर द्वारा किया जाएगा। अभ्यास पैसेक्स (पैसेज एक्सरसाइज) प्रारूप में आयोजित किया जाएगा, जो विभिन्न देशों के बेड़ों के बीच युद्ध समन्वय तकनीकों में महारत हासिल करने पर केंद्रित है। अभ्यास में संयुक्त युद्धाभ्यास, संचार प्रशिक्षण और निरीक्षण कार्रवाई जैसे तत्व शामिल होंगे।

अमेरिका के 'एम्यूजमेंट पार्क में अचानक झूला हो गया खराब, चिल्लाते रह गए हवा में उल्टे लटके 30 लोग

पोर्टलैंड, एजेंसी। अमेरिका के ओरेगन राज्य के मनोरंजन पार्क में दर्जनों मेहमान उद्घाटन के दिन झूले में खराबी के कारण हवा उल्टे लटके रह गए। झूले में खराबी पार्क के गर्मियों के लिए खुलने के पहले दिन आई। अधिकारियों ने कहा कि मदद आने तक लगभग 30 लोग उल्टे लटके रहे। आपात सेवा के कर्मियों ने एक विशाल झूले में खराबी आने के कारण बीच हवा में करीब आधे घंटे तक लटके रहे 30 लोगों को सुरक्षित बचा लिया। यह झूला एक दशक पुराने 'एम्यूजमेंट पार्क में लगा हुआ था। अग्निशमन सेवा 'पोर्टलैंड फायर एंड रेस्क्यू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा कि दमकल कर्मियों ने 'ओक्स पार्क के इंजीनियरों के साथ मिलकर झूले को नीचे उतारा और साथ ही जरूरत पड़ने पर रस्सी के सहारे लोगों को नीचे उतारने के भी इंतजाम किए गए थे। इसने कहा कि झूले पर सवार सभी लोगों को नीचे उतार लिया गया और सभी लोग सुरक्षित हैं। पास के अन्य झूले पर सवार लोगों ने घटना का वीडियो बनाया जिसमें 'एटमॉसफियर नामक झूला हवा में रुका हुआ दिखाई देता है।

रामाफोसा एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति चुने गए, जूलियस मालेमा को बड़े अंतर से हराया

जोहान्सबर्ग, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीकी संसद ने सिरिल रामाफोसा को एक बार फिर से 5 सालों के लिए राष्ट्रपति के रूप में चुन लिया है, जबकि उनकी अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) ने एक कुछ पहले हुए आम चुनावों में केवल 40 प्रतिशत वोट ही हासिल किए थे। रामफोसा ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों नेता जूलियस मालेमा के खिलाफ जोरदार जीत हासिल की, जिसे संसद में भी नामांकित किया गया था। रामफोसा को 283 जबकि मालेमा को सिर्फ 44 वोट मिले। ऐसा अनुमान जताया जा रहा है कि रामफोसा बुधवार को अपने मंत्रिमंडल की घोषणा करेंगे। शुक्रवार रात जैसे ही चुनाव का परिणाम आया वैसे ही कई दिनों से चली आ रही चुनावी अटकलें भी खत्म हो गई। कुछ लोगों ने दक्षिण अफ्रीकी राजनीति में एक नए युग के रूप में गठबंधन का स्वागत किया, जिनका मानना है कि ये गठबंधन भाईचारे को बढ़ाएगा और बीमार अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। एएनसी महासचिव फिकिले मबालुला ने मीडिया से कहा कि हमको 60 लाख लोगों ने वोट दिया है, जो चाहते हैं कि हम लोगों के जीवन को बहेतर बनाने के लिए परिवर्तन लाएं। उन्होंने कहा कि एएनसी अकेले ये काम नहीं कर सकती है।

चीन के साथ अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाएगा रूस, पुतिन ने योजना को दी मंजूरी

बीजिंग, एजेंसी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। यह एक महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष परियोजना है जिसकी घोषणा दोनों करीबी पड़ोसियों ने पहले की थी। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'स्पूतनिक' ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (आईएलआरएस) से संबंधित दस्तावेज बुधवार को रूस के आधिकारिक कानूनी सूचना पोर्टल पर प्रकाशित किया गया। चीन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के मुख्य डिजाइनर वू वेइरेन ने इस साल अप्रैल में कहा था कि आईएलआरएस में चंद्र सतह पर खंड, चंद्र कक्षा पर खंड तथा पृथ्वी पर खंड शामिल होंगे तथा इसका निर्माण दो चरणों में किया जाएगा। वू के अनुसार, आईएलआरएस निर्माण परियोजना के पहले चरण में 2035 तक चंद्र दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में एक बुनियादी स्टेशन का निर्माण किया जाएगा।

दलाई लामा से मिलने अगले सप्ताह भारत आएगा अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल

वाशिंगटन , एजेंसी। यूएस हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के अध्यक्ष माइकल मैककॉल और पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी समेत अमेरिकी कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा से मिलने के लिए धर्मशाला पहुंचेगा। अमेरिकी कांग्रेस ने इस महीने तिब्बत की स्थिति और शासन पर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए एक कानून पारित किया है।

रूस की जब्त संपत्तियों से यूक्रेन को अरबों का लोन देंगे अमेरिका-यूरोप, पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा

वाशिंगटन, एजेंसी। यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका और उसके यूरोपीय सहयोगियों ने बड़ा कदम उठाया है। रूस की संपत्तियों को जब्त कर ये देश अब यूक्रेन को अरबों डॉलर का कर्ज देंगे। अमेरिका और यूरोपीय देशों ने रूस की प्रतिबंधित संपत्तियों को उस समय तक जब्त रखे जाने पर सहमति जताई है, जब तक कि वह यूक्रेन पर हमले के लिए क्षतिपूर्ति का भुगतान नहीं कर देता। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इस कदम से जी-7 शिखर सम्मेलन में नेताओं द्वारा कीव के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज की घोषणा करने का रास्ता साफ हो गया है। अधिकारी ने कहा कि पहला भुगतान इसी वर्ष किया जाएगा, लेकिन यूक्रेन को सारा पैसा खर्च करने में समय लगेगा। अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर समझौते की जानकारी दी, जिसे शुक्रवार को जी-7 नेताओं की विज्ञप्ति में शामिल किया जाएगा। रिपोर्टों के मुताबिक, जी-7 देशों के समूह ने यूक्रेन के लिए 50 अरब डॉलर का ऋण देने के लिए रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियों का इस्तेमाल करने की योजना की घोषणा की है।

पुतिन बोले- करारा जवाब मिलेगा
पुतिन इस कदम से भड़के हुए हैं। रूस के राष्ट्रपति ने पश्चिमी देशों द्वारा फ्रीज की गई रूसी संपत्तियों का इस्तेमाल करके ऋण पैकेज प्रदान करने के समझौते की



निंदा की है। उन्होंने कहा है कि रूस इस कदम का करारा जवाब देगा। शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक में बोलते हुए पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों के नेता हमारी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किसी तरह का कानूनी आधार बनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी चालों के बावजूद, वे चोरी ही कर रहे हैं। पुतिन ने कहा, चोरी तो चोरी होती है और चोर को सजा दिए बिना नहीं छोड़ सकते। पुतिन ने कहा कि ऐसे तो वे किसी की भी संपत्ति जब्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कदम उठाने वालों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता।

रूस की कौन सी संपत्तियों को जब्त कर यूक्रेन की मदद की जाएगी, इसको लेकर आने वाले एक हफ्ते में डील को अंतिम रूप दिया जा सकता है। यूक्रेन को इस साल के अंत तक पैसे मिलने की उम्मीद है। हालांकि, रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार को इस समझौते को खारिज करते हुए कहा कि यह सिर्फ कागज़ के टुकड़े हैं। रूसी समाचार एजेंसियों ने जखारोवा के हवाले से कहा, ये समझौते कुछ भी नहीं हैं। इनमें कोई भी कानूनी आधार नहीं है। सब फर्जी है। क्या हैं रूस की फ्रीज की हुई संपत्तियां? रूस द्वारा 2022 में यूक्रेन पर आक्रमण करने के बाद कई पश्चिमी देशों ने अपने क्षेत्र में रूसी सेंट्रल बैंक की संपत्तियां फ्रीज कर दी हैं। ये संपत्तियां लगभग 300 बिलियन डॉलर की हैं। जब्त की गई संपत्तियों से ब्याज के माध्यम से सालाना लगभग 3 बिलियन डॉलर की आय हुई है, और अमेरिका लंबे समय से इस पैसे का इस्तेमाल यूक्रेन के लिए करने को कहता रहा है। अधिकांश संपत्तियां यूरोपीय संघ के भीतर रखी और मैनेज की जाती हैं। यूरोपीय संघ के अधिकारियों का कहना है कि इन संपत्तियों से जो भी ब्याज बना है वह कॉन्ट्रैक्ट के हिसाब से रूस नहीं देना है और इसलिए वह पैसा उन्हीं देशों के पास रह सकता है जहां ये संपत्तियां हैं। हालांकि कई देशों ने रूस की फ्रीज की गई संपत्तियों को यूक्रेन को सौंपने के लिए दबाव डाला है - लेकिन यह विवादास्पद मामला है, और इसके लिए संभवतः अदालतों से मंजूरी की आवश्यकता होगी और यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो सकता है।

ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बोले सचिन पायलट- बीजेपी को अहंकार ले डूबा

लंदन, एजेंसी। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीए सचिन पायलट ने इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के ब्लावात्निक स्कूल ऑफ गवर्नमेंट के स्टूडेंट्स और टीचर्स से संवाद किया।सचिन पायलट ने भाजपा के अबकी बार 400 पार के नारे पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने जिस तरह अहंकार में आकर 400 सीट जीतने का नारा दिया, उसमें घमंड झलक रहा था। पायलट ने कहा कि बीते 10 साल में सरकार ने एकतरफा फैसले लेने की कोशिश की है। उन्होंने नोटबन्दी को बिना तैयारी के लिया गया निर्णय बताया और कहा कि जिस तरह बिना तैयारी के नोटबन्दी की गई, उसके खराब परिणाम आए. लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पायलट ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की छवि खराब करने के कई प्रयास किए. पायलट ने कहा- राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए भाजपा और उनके समर्थक मीडिया ने कई संसाधन झोंके। सोशल मीडिया समेत कई जगहों पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के प्रयास हुए। सचिन पायलट ने भाजपा के कमजोर प्रदर्शन के पीछे के कारण भी गिनाए. उन्होंने कहा भाजपा की नीतियों से जनता परेशान हो गई थी। बीते 10 साल के शासन में पार्टी ने एकतरफा फैसले किए थे।

आप एक धोखेबाज हैं; बाइडेन ने ट्रंप को इस अंदाज में कहा हैप्पी बर्थडे

वाशिंगटन, एजेंसी। हाल ही में हश मनी मामले में दोषी ठहराए गए अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौके पर राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। साथ ही उन्होंने अपनी चुनावी अभियान से भी जोड़ा है। जो बाइडेन ने अपने चुनावी अभियान के तहत डोनाल्ड ट्रंप को दिलचस्प अंदाज में बधाई दी। डोनाल्ड ट्रम्प 78 वर्ष के हो गए और इसलिए बाइडेन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों को गिनाया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ट्रम्प के कार्यों के साथ अपने कार्यों की तुलना करते हुए एक वीडियो भी पोस्ट किया है। जो बाइडेन की ओर से ट्रम्प को जन्मदिन के संदेश जारी किया गया। इसमें उन्होंने कहा, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति एक असफल और धोखेबाज़ व्यक्ति हैं।

अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने वाले हैं और राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाले दो प्रमुख-पार्टी के उम्मीदवार (ट्रम्प और राष्ट्रपति जो बाइडेन) अमेरिका के इतिहास के अब तक के सबसे उम्रदराज उम्मीदवार हैं। जो बाइडेन 81 साल के हैं, जबकि ट्रम्प 78 वर्ष के हैं। बाइडेन के कैंपेन की ओर से एक वीडियो जारी कर लिखा गया, जन्मदिन मुबारक हो, डोनाल्ड। आप एक बदमाश, एक असफल, एक धोखेबाज और हमारे लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था, अधिकारों और भविष्य के लिए खतरा हैं,। इसमें आगे बाइडेन ने कहा, अमेरिका की ओर से, आपके 79वें जन्मदिन के लिए हमारा गिफ्ट पहले से ही यह सुनिश्चित करना होगा कि आप फिर कभी राष्ट्रपति न बनें। इसके अलावा, बाइडेन एडमिनिस्ट्रेशन ने ट्रम्प की 78 उपलब्धियों की एक दिलचस्प लिस्ट भी शेयर किया। इसमें कहा गया कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति विभिन्न आरोपों में दोषी ठहराए जाने वाले पहले राष्ट्रपति हैं। रिपब्लिकन ट्रंप और उनके डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी राष्ट्रपति जो बाइडेन के बीच उम्र और दिमागी सेहत चर्चा का विषय रहती है।

बाइडेन यह भी नहीं जानते कि वे कहाँ हैं: ट्रंप : डोनाल्ड ट्रंप ने अपने जन्मदिन पर फ्लोरिडा में भीड़ को संबोधित किया और जो बाइडेन को दूसरा कार्यकाल संभालने के लिए बहुत कमज़ोर बताया। ट्रंप ने कहा, हमारे देश को अक्षम लोग बर्बाद कर रहे हैं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, सभी राष्ट्रपतियों के लिए एक एप्टीट्यूड टेस्ट होनी चाहिए। बाइडेन का मज़ाक उड़ाते हुए ट्रंप ने कहा कि बाइडेन अक्सर यह भी नहीं जानते कि वे कहाँ हैं।

म्यांमार में जनता तक नहीं पहुंच पाएंगी सूचनाएं, सैन्य सरकार ने वीपीएन को ब्लॉक किया

नाएप्यीडॉ , एजेंसी। म्यांमार की सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर मुफ्त संचार को रोकने, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या वीपीएन तक पहुंच बंद करने के लिए बड़े पैमाने पर काम शुरू कर दिया है। मोबाइल फोन ऑपरेटरों, इंटरनेट सेवा प्रदाताओं, प्रमुख विपक्षी समूह और मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सूचना को प्रतिबंधित करने का यह काम मई महीने के आखिरी में ही शुरू हो गया था। पहले भी कई बार इंटरनेट सेवाओं को रोका जा चुका है आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार को हटाकर फरवरी 2021 में सत्ता संभालने वाली सैन्य सरकार ने इंटरनेट पर ट्रैफिक को कम करने के लिए पहले भी कई कोशिश की है। खासतौर से जब सेना सत्ता पर काबिज हुई थी, उस वक्त उन्होंने इंटरनेट पर काफी प्रतिबंध लगाया। मोबाइल पर वीपीएन ऐप पाए जाने के बाद 25 लोग गिरफ्तार सरकारी फंड से चलने वाले रेडियो फ्री एशिया ने बताया कि म्यांमार के मध्य तटीय अय्यारवाडी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों इस सप्ताह सुरक्षा बलों ने गिरफ्तार करके जुर्माना लगाया गया है। इन सभी लोगों के मोबाइल फोन पर वीपीएन ऐप पाया गया था, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने कार्रवाई की। सेना को देश भर में लोकतंत्र समर्थकों से कड़ी सशस्त्र चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण गृहयुद्ध जैसे हालात हैं।

यदि यूक्रेन अपने सैनिकों को वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी। स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन से पहले, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को कहा कि अगर यूक्रेन डोनबास, खेरसॉन और जापोरिज्जिया से अपने सैनिकों को पूरी तरह से वापस बुला ले, तो रूस उसके साथ बातचीत को तैयार है।

आरटी के मुताबिक पुतिन ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि कीव द्वारा सैनिकों की वापसी की घोषणा करने और नाटो में शामिल होने की योजना को छोड़ने पर हम उसके साथ संघर्ष विराम और बातचीत शुरू कर देंगे।

रूसी राष्ट्रपति ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिम देश और यूक्रेन फिर से उसके शांति प्रस्ताव को अस्वीकार करते हैं, तो भविष्य में रक्तपात के लिए वे खुद जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा कि रूस अस्थायी युद्ध विराम नहीं, बल्कि स्थायी शांति चाहता है। पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। राष्ट्रपति पुतिन ने जोर देकर कहा कि यूक्रेन की सरकार को देश की रूसी भाषी आबादी के अधिकारों और स्वतंत्रता की भी गारंटी देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी समझौतों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी जानी चाहिए और रूस के खिलाफ पश्चिमी प्रतिबंधों को हटाया जाना चाहिए। रूसी राष्ट्रपति ने 15 और 16 जून को स्विट्जरलैंड में प्रस्तावित यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन को कीव की वर्तमान सरकार को वैधता देने की कोशिश करार दिया। क्योंकि यूक्रेनी नेता व्लादिमीर जेलेंस्की का राष्ट्रपति कार्यकाल पिछले महीने समाप्त हो चुका है। उन्होंने इस साल होने वाला राष्ट्रपति चुनाव भी रद्द कर दिया है।

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन के साथ संघर्ष शुरू होने के समय क्रीमिया प्रायद्वीप के लिए भूमि गलियारे की सुरक्षा की गारंटी देने पर मॉस्को खेरसॉन और जापोरिज्जिया क्षेत्रों पर सैद्धांतिक रूप से कीव को संप्रभुता बनाए रखने के लिए तैयार था। ये क्षेत्र अब रूस का हिस्सा बन गए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, बाद में, इन दोनों क्षेत्रों के निवासियों ने जनमत संग्रह में रूस में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूक्रेन युद्ध सांस्कृतिक रूप से करीबी दो देशों के बीच संघर्ष नहीं है, बल्कि यह आक्रामक और लापरवाह पश्चिमी नीतियों का परिणाम है। राष्ट्रपति पुतिन ने रूसी संपत्तियों को जब्त करने के पश्चिमी देशों के निर्णय को चोरी करार दिया और ऐसा करने वालों को दंडित करने का संकल्प लिया। उन्होंने दावा किया कि रूस की संपत्तियों को यूक्रेन में स्थानांतरित करने का कदम वैश्विक वित्तीय प्रणाली को तहस-नहस कर देगा। पश्चिमी देशों के इस दावे को खारिज करते हुए कि रूस नाटो देशों पर हमला कर सकता है, उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह बकवास है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश हथियारों की होड़ को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। पुतिन ने कहा कि यूरोप के लिए मुख्य खतरा रूस से नहीं, बल्कि सैन्य, राजनीतिक, तकनीकी और वैचारिक रूप से अमेरिका पर उसकी निर्भरता से है। उन्होंने कहा कि उनके देश और नाटो के पास सह-अस्तित्व और साथ मिलकर काम करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, क्योंकि वे एक ही महाद्वीप पर स्थित हैं। खराब संबंधों के बावजूद इस वास्तविकता को झुठलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी मौजूद थे।

जी-7 से इतर पीएम मोदी ने की जापान के प्रधानमंत्री से मुलाकात, हाई स्पीड रेल परियोजना को लेकर चर्चा

अपुलिया, एजेंसी। इटली के अपुलिया में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन से परे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत में पांच ट्रिलियन येन के निवेश के साथ मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना को लेकर चर्चा हुई। पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री से की मुलाकात भारत-जापान के संबंधों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री के कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, भारत-जापान संबंधों को बढ़ावा दे रहे हैं। इटली में जी-7 सम्मेलन से इतर पीएम मोदी ने जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इन दोनों नेताओं के बीच व्यापार, लोगों से लोगों तक, सरकार से सरकार तक जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। पीएमओ ने एक्स पर कहा, चर्चा में रक्षा, हाई स्पीड रेल बुनियादी ढांचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को बढ़ावा देने के साथ बी2बी, पी2पी और ज2जी संबंधों और व्यापार को मजबूत करना शामिल था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा, लगातार तीसरी बाद प्रधानमंत्री पद संभालने



के लिए फुमियो किशिदा ने पीएम मोदी को बधाई दी। पीएम मोदी ने इस बधाई के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने पुष्टि की कि तीसरे कार्यकाल में जापान के साथ द्विपक्षीय संबंधों को प्राथमिकता मिलेगी। बयान में आगे कहा गया, भारत और जापान सात अहम क्षेत्रों में सहयोग करेंगे, इसमें मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल प्रोजेक्ट, भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मक साझेदरी शामिल हैं। पीएम मोदी ने ट्वीट कर दी जानकारी पीएम मोदी ने भी एक्स पर जापान के प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की जानकारी दी। उन्होंने कहा, इटली में जी7 से इतर जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मिलकर खुशी हुई। शांति, सुरक्षित और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के साथ मजबूत संबंध महत्वपूर्ण हैं। हम रक्षा, तकनीक, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा और डिजीटल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में एक साथ काम करने के लिए तत्पर हैं। अपने दूसरे पोस्ट में पीएम मोदी ने जर्मनी चांसलर के साथ कुछ तस्वीरें साझा की। इसी के साथ उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि उनके साथ आज की बैठक सार्थक रही।

वेस्ट बैंक में इजरायली रेड में 3 फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्लाह, एजेंसी। उत्तरी वेस्ट बैंक के जेनिन में कबातिया शहर में इजरायली सेना ने रेड की जिसमें तीन फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायल ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को बताया कि गुरुवार को एक घर के अंदर रेड डाली गई जिसमें तीन युवकों की मौत हो गई। ये जानकारी फिर जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने सिन्हुआ न्यूज एजेंसी को दी।

इजरायली सेना ने कई घंटों तक घर को घेरे रखा जहां तीनों युवक थे। उनकी पहचान उजागर नहीं की गई है। सोशल मीडिया पर डाले गए वीडियो में एक इजरायली बुलडोजर को घर में मारे गए लोगों में से एक के शव को बाहर निकालते और उसे जमीन पर पटकते हुए दिखाया गया है। तीनों युवक इस्लामिक जिहाद के जेनिन बटालियन से जुड़े थे और जेनिन में ही रहते थे। इजरायली सेना इनका कई महीनों से पीछा कर रही थी।

सूत्रों ने बताया कि इजरायली सेना ने घर पर धावा बोला, तलाशी ली और पूरा ऑपरेशन चलाया। किसी को भी आसपास आने नहीं दिया गया। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली सेना ने तीनों युवक पर तब हमला किया जब वे एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे। इजरायली सैनिकों ने एम्बुलेंस कर्मचारियों और पत्रकारों पर भी गोलियां चलाई और उन्हें घर के अंदर जाने से रोका। गवर्नर ने



कहा कि इजरायली सेना ने घर को बुलडोजर से ध्वस्त करने के बाद पानी और बिजली का कनेक्शन भी काट दिया। इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्राई ने एक बयान में पुष्टि की कि एक सप्ताह में दूसरी बार, इजरायल रक्षा बलों, शिन बेट सुरक्षा एजेंसी और सीमा सुरक्षा बलों ने जेनिन में आतंकवादी गतिविधियों को विफल करने के लिए ऑपरेशन चलाया। एड्रेई ने कहा कि इजरायली बलों ने कई संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया है और वहां कुछ के साथ मुठभेड़ भी हुई। आधिकारिक फिलिस्तीनी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक वेस्ट बैंक और ईस्ट यरुशेलम में इजरायली सेना ने 500 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार दिया है।

कैंसर से जूझ रहीं केट मिडलटन अपना हाल बताते हुए भावुक हुईं; प्रधानमंत्री सुनक बोले- पूरा देश आपके साथ

लंदन, एजेंसी। ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम की पत्नी प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन कैंसर से जूझ रही हैं। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। हाल ही में खबर आई थी कि अपनी तबियत के कारण वह शायद शाही कामकाज पर नहीं लौट पाएंगी। हालांकि, इस बीच राजकुमारी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने बताया कि वह कीमोथेरेपी ले रही हैं, जिससे उनकी तबियत में सुधार हो रहा है।

अभी इलाज चलता रहेगा : इस साल की शुरुआत में केट ने अपने कैंसर होने की जानकारी दी थी। अब उन्होंने तबियत को लेकर नया अपडेट दिया है। द प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ वेल्स के आधिकारिक हैंडल से एक्स पर साझा किए गए बयान में उन्होंने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा, %मेरा इलाज चल रहा है। यह कुछ और महीनों तक चलेगा।% वहीं, केट मिडलन के पोस्ट पर ब्रिटेन के पीएम ऋषि सुनक समेत कई लोगों ने प्रतिक्रियाएं दीं। पीएम ने कहा, %राजकुमारी का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं।

थका हुआ महसूस करते हो : वेल्स की राजकुमारी ने कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है। मगर वह पूरी तरह से खतरे से बाहर नहीं हैं। उन्होंने अपनी स्वास्थ्य यात्रा में अच्छे दिन और बुरे दिन के अस्तित्व को साहसपूर्वक स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि बुरे दिनों में आप अपने आपको कमजोर, थका हुआ महसूस करते हो। आपको आराम करना पड़ता है। मगर अच्छे दिनों में आप ताकतवर महसूस करते हो। आप अच्छा महसूस करने का पूरा लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने अपने परिवार के साथ राजा के जन्मदिन पर होने वाली परेड में शामिल होने के



लिए उत्सुक होने की बात भी कही। उन्होंने अंत में लिखा, आपकी निरंतर समझ के लिए और आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद, जिन्होंने इतनी बहादुरी से अपनी कहानियों को मेरे साथ साझा किया है। मैं जानता हूं कि पूरा देश... पीएम सुनक ने एक्स पर लिखा, प्रिंसेस ऑफ वेल्स का संदेश उन लोगों या उनके परिवारों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक है, जो कैंसर से लड़ रहे हैं। वे उनके शब्दों में उसी संघर्ष को पहचानेंगे और उनकी ताकत से आशा और प्रेरणा लेंगे। मैं जानता हूं कि पूरा देश उनके साथ है। मार्च में कैंसर होने का लगा पता दरअसल, केट मिडलटन पेट की सर्जरी के लिए अस्पताल में भर्ती हुई थी, लेकिन सर्जरी के दौरान ही उन्हें कैंसर से पीड़ित होने का पता चला। मार्च में केट मिडलटन ने सार्वजनिक बयान जारी कर कहा कि वह कैंसर का इलाज करा रही हैं और जब तक उनकी तबीयत ठीक नहीं हो जाती, वे सार्वजनिक जिम्मेदारियों से दूर रहेंगी। राजकुमारी को मिला जनता का अभूतपूर्व समर्थन केट मिडलटन ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था, मैं ठीक हूं और हर दिन मजबूत हो रही हूं। केट ने कहा था कि सर्जरी से उबरने के दौरान आपके समर्थन और शुभकामना संदेशों के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद कहना चाहती हूं। ये दो महीने हमारे पूरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से कठिनाई भरे रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, मेरे पास एक शानदार मेडिकल टीम है, जिसने मेरी बहुत देखभाल की है। इसके लिए मैं मेडिकल टीम की बहुत आभारी हूं। कैंसर के बारे में बच्चों को बताने में लगा था समय केट मिडलटन अपने बच्चों को भी इस बारे में बता चुकी हैं कि वह कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने कहा था कि हमें अपने बच्चों जॉर्ज, शार्लेट और लुइस को सब कुछ समझाने में काफी समय लगा। हमें बच्चों इस तरह बताना था कि उन पर इसका असर न पड़े।

संक्षिप्त समाचार

डिफेंस कंपनियों के शेयर में आया तूफानी उछाल, 20 फीसदी तक चढ़े स्टॉक



नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में आज कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शानदार तेजी देखने को मिली है। बाजार आज उछाल के साथ बंद हुआ है। शेयर बाजार में तीन सत्रों से जारी तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण शुक्रवार को 434.88 लाख करोड़ रुपये के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 270.4 अंक या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 77,081.30 पर पहुंच गया था। शेयर बाजार में इस तेजी के चलते बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 4,34,88,147.51 करोड़ रुपये के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। तीन दिनों की तेजी के दौर में निवेशकों की संपत्ति में कुल 7.93 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। डिफेंस कंपनियों के शेयरों में आज बंपर तेजी देखने को मिली है। डिफेंस कंपनियों के शेयर आज 20 फीसदी तक चढ़ गए हैं। आज भारत डायनामिक्स, बीईएल, पारस डिफेंस, कोचीन शिपयार्ड और भारत फोर्ज के शेयरों में उछाल देखने को मिला है। डिफेंस कंपनियों को डिफेंस सेक्टर के एक्सपोर्ट टारगेट से तगड़ा बूस्ट मिला है। सरकार अगले 5 वर्षों में डिफेंस सेक्टर के एक्सपोर्ट्स को 50 हजार करोड़ रुपये पहुंचाना चाहती है। डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह ने बीते गुरुवार को इसकी घोषणा की थी। आज पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर 20 फीसदी अपर सर्किट के साथ 1157.25 रुपये पर पहुंच गए। पारस डिफेंस के शेयर में पिछले एक महीने में 60 फीसदी से ज्यादा उछाल आया है। बीईएमएल लिमिटेड के शेयर आज 17 फीसदी से ज्यादा उछले हैं। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयर 14 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ 3874 रुपये पर जा पहुंचे हैं। भारत डायनामिक्स के शेयर में 6 फीसदी से ज्यादा उछाल देखा गया है।

कुवैत में बड़ी संख्या में भारतीय करते हैं काम



नई दिल्ली, एजेंसी। कुवैत की एक बिल्डिंग में लगी भीषण आग में करीब 50 भारतीय नागरिकों की मौत हो गई है। यह भीषण आग दक्षिणी मंगाफ जिले में एक बिल्डिंग में लगी थी। आग के कारण बिल्डिंग पूरी तरह से तबाह हो गई है। जिस बिल्डिंग में आग लगी, उसमें 160 से ज्यादा मजदूर रहते थे। भारत सरकार भी इस घटना पर लगातार नजर बनाए हुए है। कुवैत की इकोनॉमी में भारतीयों का बड़ा योगदान रहता है। भारतीय बड़ी संख्या में हर साल कुवैत जाते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कुवैत में करीब 10 लाख भारतीय बसते हैं। कुवैत में हॉस्पिटल्स से लेकर तेल के कुओं और फैक्टरी में काम करने वाले ज्यादातर लोग भारतीय हैं। अगर आप कुवैत की वर्कफोर्स को देखेंगे तो इसमें भारतीयों का नंबर सबसे ज्यादा है। कुवैत के तेल के कुंओं में बड़ी संख्या में जहां भारतीय काम करते हैं। वहीं यहां की इंफ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री में भी भारतीय लेबर काम करती है।

चीन से पंगा पड़ रहा महंगा! इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को 15 अरब का नुकसान, एक लाख नौकरियां फुर्र





नई दिल्ली, एजेंसी। चीन के साथ जारी तनाव भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए काफी महंगा साबित हो रहा है। इस कारण पिछले चार साल में भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों को 15 अरब डॉलर का प्रॉडक्शन लॉस हुआ है। साथ ही इस दौरान करीब 100,000 नौकरियों का मौका भी हाथ से निकल गया। चीन के नागरिकों को वीजा जारी करने में देरी और भारत में काम कर रही चीनी कंपनियों की जांच के बीच ऐसा हुआ है। विभिन्न मंत्रालयों को भेजे गए ज्ञापन में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग इंडस्ट्री ने कहा कि भारत ने 2 अरब डॉलर के वैल्यू एडिशन नुकसान के अलावा 10 अरब डॉलर का निर्यात अवसर भी खो दिया है। इंडस्ट्री के लोगों के मुताबिक चीनी अधिकारियों के 4,000-5,000 वीजा आवेदन सरकार की मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। इससे देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री की विस्तार योजनाओं में बाधा आ रही है। यह स्थिति तब है जब सरकार ने 10 दिन के भीतर बिजनस वीजा आवेदनों को मंजूरी देने के लिए एक व्यवस्था बना रखी है।

इंडिया सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन और मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी लॉबी ग्रुप ने केंद्र सरकार से चीनी अधिकारियों के लिए वीजा मंजूरी में तेजी लाने का अनुरोध किया है। अभी इसमें एक महीने से अधिक समय लग रहा है। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि चीनी अधिकारियों की जरूरत टेक और स्किल ट्रांसफर, मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स की स्थापना और कमीशनिंग, एफिशियंसी प्रोसेसेज की स्थापना और मेंटनेंस के लिए है। साथ ही चीनी की उन कंपनियों के अधिकारियों के वीजा आवेदन भी लंबित हैं, जिन्हें स्थानीय कंपनियों के साथ पार्टनरशिप में यहां मैन्युफैक्चरिंग बेस बनाने के लिए बुलाया गया है।

कैसे निकलेगा समाधान

आईसीईए ने कहा कि हमारी घरेलू मूल्य संवर्धन योजना पर गंभीर असर पड़ा है। जब मोबाइल के लिए पीएलआई योजना (2020-21 में) शुरू की गई थी, तो उम्मीद थी कि आपूर्ति श्रृंखला चीन से हट जाएगी। लेकिन इस गतिरोध और प्रेस नोट 3 (भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से निवेश की अधिक जांच अनिवार्य करना) के कारण सप्लाई चेन के ट्रांसफर में भारी गिरावट आई है। यह एसोसिएशन ऐपल, ओप्पो, वीवो, डिक्सन टेक्नोलॉजीज और लावा जैसे टॉप मोबाइल ब्रांड्स और मैन्युफैक्चरर्स का प्रतिनिधित्व करता है। आईसीईए का अनुमान है कि अगर भारत और चीन के बीच बिजनस एक्टिवीज सामान्य होती तो भारतीय कंपनियों का वैल्यू एडिशन वर्तमान 18 प्रतिशत से बढ़कर 22-23 प्रतिशत होता। इससे घरेलू मोबाइल फोन ईकोसिस्टम में सालाना 15,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त डीवीए कंट्रीब्यूशन होता।

आईसीईए के चेयरमैन पंकज मोहिंद्रू ने ईटी से कहा, हमें उम्मीद है कि एक संतुलित समाधान निकलेगा। इससे उद्योग की चिंताएं दूर होंगी और साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा हितों में संतुलन बना रहेगा। इंडस्ट्री किसी भी देश के आगे झुकने को नहीं कह रहा है लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि आत्मनिर्भरता का रास्ता चीन के दबदबे वाली वैल्यू चेन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने काफी हद तक अपने नुकसान की भरपाई कर ली है और वह अधिक प्रतिस्पर्धी बन गया है। फिर भी भारत को वियतनाम, मलेशिया और मैक्सिको जैसे देशों के मुकाबले नए प्रकार का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिनकी चीन से पूंजी, प्रौद्योगिकी और कौशल तक फ्री एक्सेस का फायदा मिल रहा है।

उद्योग के लोगों का कहना है कि चीनी नागरिक भी गिरफ्तारी और पूछताछ के डर से भारत आने से डरते हैं। एक अधिकारी ने कहा, अगर किसी फैक्ट्री को स्थापित करने में मदद के लिए 50 इंजीनियरों की जरूरत है, तो केवल 10 या उससे कम ही लोग आने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि 2020 से भारत-चीन रिश्तों में आई तल्खी के कारण चीनी कंपनियों की गहरी जांच हो रही है। इस कारण इन कंपनियों ने भारत में आगे निवेश करना बंद कर दिया है। इससे सप्लाई चेन के विकास में अड़चन आ रही है। अगर ये कंपनियां भारत छोड़ने का फैसला करती हैं, तो इससे प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज की उपलब्धता पर बड़ा असर पड़ेगा, रोजगार खत्म होगा और बड़ी संख्या में मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स बंद हो जाएंगी। उदाहरण के लिए एक बड़ी चीनी कंपनी ने ऐपल आईपैड बनाने के लिए भारत में एक प्लांट स्थापित करने की प्रतिबद्धता जताई थी। लेकिन वह वियतनाम चली गई और वहां सालाना 8-10 अरब डॉलर मूल्य के आईपैड का उत्पादन कर रही है। इसी तरह चीन के स्मार्टफोन ब्रांड्स भी भारत की प्रमुख मोबाइल पीएलआई योजना में भाग लेने से कतरा रहे हैं। एक सूत्र ने कहा कि यदि चीनी कंपनियों को मोबाइल पीएलआई में भाग लेने से नहीं रोका जाता, तो भारत 2020 से कम से कम 5-7 अरब डॉलर का अतिरिक्त एक्सपोर्ट रेवेन्यू कमा सकते थे। वित्त वर्ष 2024 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स, टेलीकॉम और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया। इसमें 44 प्रतिशत चीन से और 56 प्रतिशत हांगकांग से आया।

चीनी की मिठास पड़ेगी महंगी, बढ़ सकते हैं दाम



नई दिल्ली, एजेंसी। आने वाले समय में चीनी की मिठास लेने के लिए आपको ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ सकता है। दरअसल, राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर कम से कम 42 रुपए प्रति किलोग्राम करने का आग्रह किया ताकि बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। वहीं, समाचार रिपोर्टों से पता चला है कि सरकार 1 अक्टूबर से शुरू होने वाले 2024-25 के आगामी सीजन के लिए चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य (स्क्स) को बढ़ाने पर विचार कर रही है। अगर सरकार हस्तिनापुर की मांग को मांगते हुए चीनी की स्क्स में बढ़ोतरी करती है तो इसका असर खुदरा मार्केट में देखने को मिलेगा। चीनी की प्रति किलो कीमत बढ़ सकती है यानी आपको चीनी खरीदने के लिए अधिक पैसे चुकाने होंगे। जानकारों का कहना है कि चीनी की कीमत प्रति किलो 3 से 4 रुपए बढ़ सकती है। न्यूनतम बिक्री मूल्य वर्ष 2019 से 31 रुपए प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रखा गया है, जबकि सरकार ने हर साल गन्ना उत्पादकों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) में वृद्धि की है। एनएफसीएसएफ के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने एक बयान में कहा कि महासंघ ने खाद्य मंत्रालय के अधिकारियों को आंकड़े सौंपे हैं, जिसमें चीनी उत्पादन लागत में लगातार वृद्धि दिखाई दे रही है, जिससे न्यूनतम विक्रय मूल्य को गन्ने के एफआरपी के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक हो गया है।

एक ही दिन में पलट गई एलन मस्क की दुनिया, नंबर वन रईस की कुर्सी हाथ से गई

बेजोस फिर बने नंबर वन, जेंसन हुआंग टॉप 10 की दहलीज पर



नई दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के अमीरों की लिस्ट में एक ही रात में भारी उलटफेर देखने को मिला है। एलन मस्क के हाथ से एक ही दिन में नंबर वन रईस की कुर्सी छिन गई है। मस्क गुरुवार को दुनिया के सबसे बड़े रईस बने थे लेकिन शुक्रवार को वह दूसरे नंबर पर खिसक गए। ब्लूमबर्ग बिलिनेयर इंडेक्स के मुताबिक हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन मस्क की नेटवर्थ में 3.19 अरब डॉलर की गिरावट आई। उनकी नेटवर्थ अब 203 अरब डॉलर रह गई है जबकि ऐमजॉन के जेफ बेजोस 206 अरब डॉलर के साथ उनसे आगे निकल गए हैं। बेजोस की नेटवर्थ में इस साल 29.3 अरब डॉलर की तेजी आई है जबकि मस्क की नेटवर्थ 25.7 अरब डॉलर गिरी है। लंबे समय तक दुनिया के सबसे बड़े रईस की कुर्सी पर काबिज रहे बर्नार्ड अरनॉल्ट 198 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ तीसरे नंबर पर खिसक गए हैं।

फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ मार्क जकरबर्ग 179 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ अमीरों की लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 51 अरब डॉलर की तेजी आई है। लैरी पेज 157 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ पांचवें और माइक्रोसॉफ्ट के फाउंडर 155 अरब डॉलर के साथ छठे नंबर पर हैं। स्टीव बाल्मर (153 अरब डॉलर) सातवें, लैरी एलिसन (150 अरब डॉलर) आठवें, सर्गेई ब्रिन (147 अरब डॉलर) नौवें और वॉरेन बफे (134 अरब डॉलर) दसवें नंबर पर हैं। एआई चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग 116 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ 11वें नंबर पर आ गए हैं। इस साल उनकी नेटवर्थ में 71.7 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

अंबानी-अडानी की नेटवर्थ

दुनिया के टॉप 12 अरबपतियों में 11 अमेरिका के हैं। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी 113 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 13वें नंबर पर है। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ में 68.5 करोड़ डॉलर की तेजी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन की नेटवर्थ इस साल 16.2 अरब डॉलर बढ़ी है। इस बीच अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी 107 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 14वें नंबर पर हैं। शुक्रवार को उनकी नेटवर्थ 69.6 अरब डॉलर बढ़ी और इस साल इसमें 22.3 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।

चांदी की पायल-बिछिया, कड़े-छल्ले सब खोटे, 70 प्रतिशत गहनों में गिलट और एल्युमिनियम की चमक

नई दिल्ली, एजेंसी। बड़े या अमीर लोग तो सोने के गहने खरीदते-पहनते हैं। लेकिन गरीब लोग पाई-पाई जोड़कर पायल, बिछिया जैसे चांदी के छोटे गहने खरीदते हैं। जैसे इनकी आमदनी कम है, वैसे ही इनकी पहुंच भी कम है। इसलिए वे अपने गांव-कस्बे या पास के शहर के सुनार से ही ये गहने खरीद लेते हैं। ऐसे ही चांदी के गहने खरीदने वाले यह जानकर हैरान हो जाएंगे कि उनकी बचत के करोड़ों रुपए हर दिन ठगे जा रहे हैं। दरअसल, ऐसे चांदी के गहने 70 फीसदी तक नकली हैं। कुछ ज्वैलर्स गिलट को चांदी कह कर बेच रहे हैं। इन गहनों पर चांदी नहीं बल्कि अल्यूमिनियम की चमक है।

कैसे पकड़ में आया फर्जीवाड़ा

सफेद चांदी का काला सच सामने लाया है दैनिक भास्कर अखबार ने। इस अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक जयपुर के सर्राफा ट्रेडर्स कमेटी की लैब में एक साल में विभिन्न शहरों व कस्बों से शुद्धता की जांच के लिए चांदी के गहने लाए गए। लैब में लाए गए 12306 चांदी की पायल, छल्ला, कड़ा, चेन, घुंघरू, बिछिया, नेकलेस को जांचा गया। लैब की जो रिपोर्ट आई, वह आपको हिला देगी।

क्या आई रिपोर्ट

लैब की रिपोर्ट के मुताबिक वहां लाए गए कुछ गहनों में तो एक भी फीसदी चांदी थी ही नहीं थी। वहां जांचे गए 90 फीसदी गहने मानक से कमतर पाए गए। मतलब कि सबमें अशुद्धता और मिलावट। अखबार के मुताबिक, आजकल बाजारों में बिकने वाले चांदी के 66 फीसदी जेवरों में 60 से 70 फीसदी तक जस्ता तथा एल्युमिनियम की मिलावट की जा रही है। कुछ ज्वैलर तो गिलट के गहने चांदी की बताकर बेच रहे हैं। लैब में आए करीब 70 फीसदी गहनों में गिलट और एल्युमिनियम की चमक पाई गई।



आगरा, मथुरा, नाथद्वारा तथा राजकोट से मंगाए गए चांदी के मंगलसूत्र, चूड़ियां, लौंग, पाजेब, चेन, एंकलेट को जांचा गया। ये भी नकली। इन गहनों को यदि वक्त-बेवक्त बेचने जाएं तो जितने पैसे लगाए हैं, उसका आधा पैसा भी नहीं मिलता। अक्सर लोग भरोसे में किसी लोकल ज्वैलर्स से ये गहने खरीद लेते हैं। लेकिन उन्हें ठगी का अहसास तब होता है जब उसे वे बेचे जाते हैं।

हॉलमार्क वाले गहने ही खरीदें

यूं तो गहनों की शुद्धता जांचने के लिए हॉलमार्क पर भरोसा किया जा सकता है। लेकिन, भारतीय मानक ब्यूरो केवल सिल्वर ज्वैलरी हॉलमार्क के लिए लाइसेंस लेने वाले ज्वैलर्स के गहनों में शुद्धता जांचता है। जिनके पास लाइसेंस नहीं, उनके गहने नहीं जांचता है। ब्यूरो का कहना है कि हॉलमार्क चांदी के गहने ही खरीदें, ताकि उन्हें पूरी शुद्धता मिले।

कहां से आ रहे हैं खोटे गहने

जयपुर के लैब में जो चांदी के खोटे गहने पकड़े गए, उनमें से अधिकतर आगरा, मथुरा, नाथद्वारा तथा राजकोट से आए गहने थे। जयपुर के स्वर्णकारों का कहना है कि इन्हीं शहरों से चांदी के खोटे जेवर आ रहे हैं। इसी की वजह से सभी सुनार बदनाम हो रहे हैं।

अनुमान के मुताबिक, सिर्फ राजस्थान में ही हर दिन औसतन एक हजार किलो चांदी के गहने बिकते हैं। इनकी अनुमानित कीमत गहनों के मेकिंग चार्ज मिलाकर 10 करोड़ बैठती है। इनमें से 70 प्रतिशत गहनों में शुद्धता 10 से 80 प्रतिशत ही रहती है। यानी हर दिन महिलाओं से बचत का 3 से 4 करोड़ रुपए मिलावटी चांदी के गहने बेचकर ठगे जा रहे हैं। मिलावटी चांदी के जेवर का कारोबार रोकने का फिलहाल कोई सरकारी सिस्टम है ही नहीं। नाप-तौल विभाग के अधिकारी कभी-कभार ज्वैलर्स की दुकान तक जाते जरूर हैं, लेकिन उनकी जांच माप-तौल तक ही सीमित रहती है। वे तराजू को चेक कर लौट जाते हैं। वे गहनों का कभी सैंपल नहीं उठाते, ना ही इस तरह का कोई सिस्टम बनाया है। हां, ग्राहक चाहे तो भारतीय मानक ब्यूरो के हॉलमार्किंग सेंटर पर जा कर जांच करा सकते हैं।

कैसी चांदी के गहने लें

सुनारों का कहना है कि अच्छे गहने स्टर्लिंग चांदी के रूप में बेचे जाते हैं। ऐसे गहनों में 92.5 प्रतिशत चांदी होती है। इसलिए इस पर .925 या 925 की मुहर लगी होती है। शुद्ध चांदी नरम होती है, इसलिए गहने को मजबूती देने के लिए तांबा, जस्ता या निकल मिलाया जाता है। लेकिन वह साढ़े सात फीसदी से अधिक नहीं होना चाहिए।

ट्राई ने कई सिम, मोबाइल नंबरों पर शुल्क लगाने की खबरों का खंडन किया



नई दिल्ली, एजेंसी। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन खबरों को सिरे से नकार दिया जिनमें कहा गया था कि वह कई सिम और मोबाइल नंबर रखने के लिए ग्राहकों पर शुल्क लगाने के बारे में सोच रहा है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने इस मुद्दे पर स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि दूरसंचार पहचानकर्ता (टीआई) संसाधनों का एकमात्र संरक्षक होने के नाते दूरसंचार विभाग ने सितंबर 2022 में नियामक से संपर्क किया था। इस दौरान देश में फोन नंबर संसाधनों के कुशल प्रबंधन और विवेकपूर्ण उपयोग के लिए संशोधित राष्ट्रीय नंबरिंग योजना पर ट्राई से सिफारिशें मांगी गई थीं। बयान के मुताबिक, ट्राई ने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना (एनएनपी) के संशोधन पर अपना परामर्श पत्र जारी किया जिसका मकसद दूरसंचार पहचानकर्ता (टीआई) संसाधनों के आवंटन और उपयोग को प्रभावित करने वाले सभी कारकों का आकलन करना है। ट्राई ने कहा कि इसका उद्देश्य ऐसे संशोधन प्रस्तावित करना भी है, जो आवंटन नीतियों और उपयोग प्रक्रियाओं को बेहतर बनाएंगे ताकि वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के लिए टीआई संसाधनों का पर्याप्त भंडार सुनिश्चित हो सके। नियामक ने कहा, यह अटकलें कि ट्राई कई सिम या फोन नंबर संसाधन रखने के लिए ग्राहकों पर शुल्क लगाने का इरादा रखता है।

विदेश के बाद अब देश में भी मसालों पर उठे सवाल

कंपनियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन की तैयारी में एफएसएसएआई

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेश के बाद अब देश में भी कई मसाला कंपनियों के मसालों पर सवाल उठने लगे हैं। इनमें एमडीएच और एवरेस्ट भी शामिल हैं। ये वही कंपनियां हैं जिनके कुछ मसालों पर सिंगापुर और हॉन्ग कॉन्ग ने पाबंदी लगाई है। राजस्थान के स्वास्थ्य अधिकारियों ने इन कंपनियों के मसालों में स्वीकार्य मात्रा से ज्यादा कीटनाशक पाए जाने की बात कही है। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एमडीएच और एवरेस्ट सहित मसाला बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इनके खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के तहत इन कंपनियों के खिलाफ जुर्माना लगाने से लेकर मसालों को वापस बाजार से हटाने तक कुछ भी हो सकता है।

इकॉनमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य ने कई ब्रैंड के मसालों के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध करते हुए पत्र लिखा था। इसमें कहा गया था कि इन मसालों में कीटनाशक और कीट नियंत्रण दवाओं की मात्रा अधिक होने के कारण ये खाने योग्य नहीं हैं। एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि हालांकि राजस्थान द्वारा किए गए परीक्षणों में ईटीओ (इथाइलीन ऑक्साइड) नहीं मिला। लेकिन कुछ कीटनाशक और दूषित पदार्थ अधिक पाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एफएसएसएआई रिपोर्ट का विश्लेषण करने के बाद नियमों के अनुसार कार्रवाई करेगा। पिछले महीने ही फूड रेगुलेटर ने सभी ब्रैंड्स के मसालों पर देशव्यापी कार्रवाई करने के बाद इन दो प्रमुख ब्रैंड्स को क्लीन चिट दे दी थी। यह कार्रवाई सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग द्वारा दो सबसे ज्यादा बिकने वाले भारतीय ब्रैंड एमडीएच और एवरेस्ट के कुछ मसालों की बिक्री बंद करने के बाद की गई थी। इनमें ईटीओ की मात्रा ज्यादा पाई गई थी। ईटीओ एक ऐसा कीटनाशक है जो मानव उपभोग के लिए सही न हीं है। लंबे समय तक इसके सेवन करने पर कैंसर का खतरा पैदा कर सकता है। वहीं, एफएसएसएआई के सूत्रों ने बताया कि 34 रिपोर्टों में से 28 में ईटीओ का कोई निशान नहीं मिला। उन्होंने यह भी कहा कि एफएसएसएआई के वैज्ञानिक पैनल ने लैब रिपोर्टों की जांच की है और पाया है कि उनमें ईटीओ का कोई निशान नहीं है। सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग द्वारा इन मसालों की बिक्री बंद करने के बाद एफएसएसएआई ने पिछले महीने महाराष्ट्र और गुजरात में एवरेस्ट की दो फैक्ट्रियों से नौ नमूने और एमडीएच की 11 मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों से 25 नमूने लिए थे। एफएसएसएआई ने पहले इन मसालों को उपभोग के लिए सुरक्षित घोषित करने से पहले कहा था कि हर एक सैंपल का विश्लेषण गुणवत्ता मानकों के अनुसार किया गया था।



टीसीएस को करारा झटका, अमेरिकी कोर्ट ने ठोका 194 मिलियन डॉलर का जुर्माना



नई दिल्ली, एजेंसी। सबसे बड़ी भारतीय आईटी कंपनी टीसीएस को अमेरिका में करारा झटका लगा है। एक अमेरिकी अदालत ने टाटा समूह की आईटी कंपनी के ऊपर अरबों डॉलर का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने खुद इसकी जानकारी दी। टीसीएस ने शुक्रवार को बताया कि डलास डिवीजन के नॉदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ टेक्सास के यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने उसके ऊपर 194 मिलियन डॉलर से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना ट्रेड सीक्रेट का दुरुपयोग करने के आरोप के कारण लगाया गया है। टीसीएस के ऊपर कंप्यूटर साइंस कॉरपोरेशन (सीएससी) ने ट्रेड सीक्रेट के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। सीएससी को अब डीएक्ससी टेक्नोलॉजी कंपनी के नाम से जाना जाता है। टीसीएस के द्वारा शेयर बाजारों को दी गई जानकारी के अनुसार, उसके ऊपर 194.2 मिलियन डॉलर से ज्यादा का जो जुर्माना लगा है ।



संस्कृत में कॅरियर संभावनाएँ

संस्कृत पुरानी इंडो-आर्यन की एक मानकीकृत बोली है, जो दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में वैदिक संस्कृत के रूप में उत्पन्न हुई। सबसे पुरानी इंडो-यूरोपियन भाषा, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत इंडो-यूरोपियन अध्ययनों में एक प्रमुख स्थान रखती है। संस्कृत, हिंदू धर्म की प्राथमिक साहित्यिक भाषा है; हिंदू धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म और जैन धर्म की एक दार्शनिक भाषा; और एक साहित्यिक भाषा और प्राचीन और मध्ययुगीन भारत और नेपाल की भाषा। हिंदू और बौद्ध संस्कृति को दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य एशिया के कुछ हिस्सों में प्रसारित करने के कारण, प्रारंभिक मध्य युगीन काल के दौरान इनमें से कुछ क्षेत्रों में उच्च संस्कृति की भाषा भी थी। भारत की सबसे पुरानी भाषा जिसे देवभाषा भी कहा जाता है, वह संस्कृत है।

संस्कृत पुरानी इंडो-आर्यन की एक मानकीकृत बोली है, जो दूसरी सहस्राब्दी ईसा पूर्व में वैदिक संस्कृत के रूप में उत्पन्न हुई। सबसे पुरानी इंडो-यूरोपियन भाषा, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत इंडो-यूरोपियन अध्ययनों में एक प्रमुख स्थान रखती है। संस्कृत साहित्य में कविता और नाटक के साथ-साथ वैज्ञानिक, तकनीकी, दार्शनिक और धार्मिक ग्रंथों की एक समृद्ध परंपरा शामिल है। संस्कृत को पिछले 3,500 वर्षों से पढ़ाया जा रहा है और इसकी विरासत भारत की सच्ची संस्कृति को समृद्ध करते हुए लंबे समय से जारी है। माना जाता है कि सबसे पुरानी इंडो-यूरोपियन भाषाओं में से एक, जिसके लिए पर्याप्त लिखित दस्तावेज मौजूद हैं, संस्कृत तेजी से आम लोगों के बीच एक लोकप्रिय भाषा विकल्प बन रही है।

संस्कृत में उच्च शिक्षा के लिए यूनिवर्सिटी और कोर्सेज

भारत में संस्कृत पाठ्यक्रमों में नामांकन दर्ज करने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है और कई छात्र विभिन्न शास्त्री पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पेश किए जाने वाले शिक्षा शास्त्र और शिक्षा आचार्य पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। तो, अगर आप भी संस्कृत में कोई कोर्स करना चाहते हैं तो आप संस्कृत विश्वविद्यालयों की सूची देख सकते हैं, जिन्हें यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है:

- कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय, दरभंगा
- कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बेंगलुरु
- कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्व विद्यालय, नागपुर
- कुमार भास्कर वर्मा संस्कृत और प्राचीन अध्ययन विश्वविद्यालय, नलबाड़ी, असम
- महर्षि महेश योगी वैदिक विश्व विद्यालय
- सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्व विद्यालय, वाराणसी
- श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, इर्नाकुलम
- श्री सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, गुजरात
- उत्तराखंड संस्कृत विश्व विद्यालय, हरिद्वार

लगभग इन सभी जगहों पर बीए, एमए, बीएड, पीजी डिप्लोमा और पीएचडी प्रोग्राम ऑफर किये जाते हैं और शास्त्री, आचार्य, शिक्षा शास्त्री, शिक्षा आचार्य, संयुक्ताचार्य (एकीकृत), योग विज्ञान शास्त्री, योग विज्ञान आचार्य, विद्यानिधि, विद्यानिधि (पीएचडी के समकक्ष), विद्यावाचस्पति, ज्योतिष शास्त्र में सर्टिफिकेट / डिप्लोमा इत्यादि कोर्सेज उपलब्ध हैं।



फिजियोथैरिपी कोर्स कर करियर को दें नई उड़ान

12वीं के बाद अपनी रुचि अनुसार छात्र बेल्थ केयर सेक्टर में अपना करियर बना सकते हैं। इस आर्टिकल में हम आपको टॉप कॉलेज, एडमिशन और फीस आदि के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस क़ॉलेज से यह कोर्स कर आप अपने करियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं।

12वीं कक्षा के छात्र मेडिकल और पैरामेडिकल कोर्सेस के बारे में इंटरनेट से जानकारी हासिल करते हैं। छात्र हेल्थ केयर सेक्टर में अपनी रूचि और इच्छा के अनुसार करियर बनाने का सपना लेकर आते हैं। वहीं कोरोना महामारी के दौरान हेल्थ केयर सेक्टर में शामिल लोगों ने जिस तरह से दिन-रात लोगों के लिए काम किया और अपनी ड्यूटी की, उसे कोई भुला नहीं सकता है। सेवा के इसी भाव से और अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कई छात्र मेडिकल व पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देखते हैं। दिल्ली के टॉप पैरामेडिकल के कोर्स बैचलर ऑफ फिजियोथैरपी कॉलेज, जहां पर छात्र फिजिकल थैरेपिस्ट या फिजियोथैरेपी बनने का अपना सपना पूरा कर सकते हैं। इन टॉप संस्थानों से यह कोर्स पूरा करने के बाद छात्र किसी भी प्राइवेट और सरकारी अस्पताल या क्लीनिक आदि में नौकरी पा सकते हैं। इस क्षेत्र में शुरूआत में आप 3 से 4 लाख रुपये का वेतन प्राप्त कर सकते हैं।

क्या है बीपीटी

बीपीटी को बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी कहा जाता है। बता दें कि यह एक अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है। इस कोर्स की अवधि 4 साल की होती है। यह कोर्स मानव संरचना से संबंधित जैसे पोस्ट फैक्चर दर्द, मूवमेंट के लिए एक्सरसाइस और शारीरिक दर्दों से निजात दिलाने में सहायक होती है।

बैचलर ऑफ फिजियोथैरेपी के लिए योग्यता

- 12वीं सांइस स्ट्रीम से पास होना अनिवार्य है।
- पीसीबी के सब्जेक्ट पढ़ा होना अनिवार्य है।
- अंग्रेजी का ज्ञान होना जरूरी है।
- इसके अलावा 12वीं में कम से कम 50% अंक होना चाहिए।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को 5% की छूट प्राप्त है।
- इस कोर्स में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु 17 साल होनी चाहिए।

प्रवेश परीक्षा

इस कोर्स को करने के लिए छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना जरूरी है। कुछ संस्थानों में एडमिशन परीक्षा के आधार पर होता है तो वहीं कुछ संस्थान डायरेक्ट एडमिशन देते हैं।

संस्थान

- आईपीयू सीईटी
- वीईई
- बीसीईसीई
- एलपीयूएनईएसटी
- आईईएमजीई

बीपीटी कॉलेज की लिस्ट

वैसे तो भारत में 200 अधिक कॉलेज बीपीटी का कोर्स ऑफर करते हैं। इनमें से 80त्न कॉलेज प्राइवेट हैं। यहां हम आपको बेस्ट बीपीट कॉलेज के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां से आप यह कोर्स कर सकते हैं।

- जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली - 135,000 रुपये फीस
- केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुड़गांव - 115,000 फीस
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (जीजीएसआईपीयू), नई दिल्ली - 93,100 रुपये
- जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई), नई दिल्ली - 21,800 रुपये
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा - 116,000 रुपये
- हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एचआईएमएसआर), नई दिल्ली - 264,500 रुपये
- पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक - 12,395 रुपये (प्रथम वर्ष फीस)
- गुरुग्राम विश्वविद्यालय, गुड़गांव - 40,000 रुपये
- गलगोटिया विश्वविद्यालय - 75,000 रुपये
- डीपीएसआरयू - 56,000 रुपये





12वीं में मिले हैं कम नंबर तो ये हैं आपके लिए 5 बेस्ट ऑप्शन

इस वक्त लगभग सभी बोर्ड की तरफ से 12वीं के रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। कुछ छात्रों के बहुत अच्छे नंबर आए हैं तो कुछ के थोड़ा कम अंक मिले हैं। जिन छात्रों को थोड़ा कम अंक मिले हैं, वे थोड़ा परेशान हैं कि वे करियर किस क्षेत्र में बनाए ऐसे छात्रों को लिए हम यहां पर 5 ऐसे ऑप्शन बता रहे हैं जिसकी मदद से वे शानदार करियर बना सकते हैं

फैशन डिजाइनिंग

12वीं में कम अंक पाने वाले छात्र फैशन डिजाइनिंग में करियर बना सकते हैं। आद के दौर में इस कोर्स को करने वाले छात्रों की बहुत ज्यादा डिमांड है। ऐसे में छात्र फैशन डिजाइनिंग का कोर्स किसी भी यूनिवर्सिटी या फिर इंस्टीट्यूट से कर सकते हैं। इसके अलावा छात्र NIFT से भी यह कोर्स कर सकते हैं। कोर्स करने के बाद छात्रों का आसानी से प्लेसमेंट भी हो जाता है।

फोटोग्राफी

12वीं में कम अंक हैं और फोटोग्राफी में इंटरेस्ट है तो छात्र फोटोग्राफी या फिर सिनेमाटोग्राफी का कोर्स करके करियर बना सकते हैं। कोर्स करने के बाद छात्र वीडियोग्राफी, मॉडल फोटो शूट, एड शूट आदि के क्षेत्र में करियर बना सकते हैं।

स्पोर्ट्स में करियर

अगर आप किसी भी स्पोर्ट्स में अच्छे हैं तो स्पोर्ट्स में भी करियर बना सकते हैं। इसके लिए आप बीपीएड, एमपीएड का कोर्स भी कर सकते हैं। बहुत से अभ्यर्थियों को इसी कोटे के आधार पर सरकारी नौकरी भी आसानी से मिल जाती है।

मास कम्युनिकेशन और मीडिया

छात्र मास कम्युनिकेशन में भी करियर बना सकते हैं। इसके लिए वे IIMC में एडमिशन ले सकते हैं। इसके अलावा भी कई अन्य मीडिया के संस्थान हैं, जहां से छात्र मास कम्युनिकेशन करके करियर बना सकते हैं।

सिविल सर्विसेज या स्टेट सर्विसेज की तैयारी

अगर छात्रों के ज्यादा अच्छे अंक नहीं आए हैं तो उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। क्योंकि संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सर्विसेज की परीक्षा या फिर स्टेट सर्विसेज की परीक्षा में बैठने के लिए 55 प्रतिशत अंक जरूरी होते हैं। ऐसे में छात्र खुद को टाइम देकर इन परीक्षाओं की भी तैयारी कर सकते हैं। इसके लिए वे कोचिंग का भी सहारा ले सकते हैं। तैयारी अच्छी होने पर छात्रों का आसानी से चयन हो जाएगा।





12वीं के बाद छात्रों के सामने कॅरियर को लेकर कई तरह की कंफ्यूजन होती है। हालांकि 12वीं के बाद अपने कॅरियर ऑप्शन के बारे में पता होना चाहिए। ऐसे में छात्र बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स कर सकते हैं।

12वीं के बाद करें बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन का कोर्स

12वीं के बाद छात्रों के सामने अपने कॅरियर को लेकर काफी कंफ्यूजन रहते है। छात्रों को कंफ्यूजन होती है कि 12वीं के बाद उनके लिए कौन सा कोर्स बेस्ट रहेगा। कौन से कोर्स में वह अपना बढ़िया कॅरियर बना सकते हैं। हालांकि छात्रों को पता होना चाहिए कि 12वीं के बाद उनके पास कौन-कौन से कॅरियर ऑप्शन होते हैं। इन्हीं कोर्सों में से एक बीबीए है। बीबीए यानी की बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन तीन साल के ग्रेजुएशन स्तर की डिग्री है। 12वीं पास करने के बाद छात्र बीबीए का कोर्स कर सकते हैं। इस कोर्स में छात्रों को बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन से संबंधित चीजें सिखाई व बताई जाती हैं।

बीबीए क्वालिफिकेशन

जो भी छात्र बीबीए कोर्स में एडमिशन लेना चाहते हैं, उनको किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या स्कूल से 12वीं उसके समकक्ष एग्जाम पास होना आवश्यक है। वहीं कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र के कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना जरूरी है।

ऐसे लें बीबीए में एडमिशन

सभी कॉलेजों में बीबीए कोर्स में एडमिशन लेने की प्रक्रिया अलग-अलग होती है। वहीं कुछ कॉलेजों में मेरिट के आधार पर इस कोर्स में एडमिशन दिया जाता है। वहीं कुछ कॉलेजों में विश्वविद्यालय, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है।

बीबीए कोर्स

बीबीए कोर्स विभिन्न स्पेशलाइजेशन में अपनी डिग्री प्रदान करता है। हालांकि यह छात्र पर पूरी तरह से निर्भर करता है कि वह बीबीए डिग्री पूरी किस स्पेशलाइजेशन के साथ करना चाहते हैं।

- बीबीए इन फाइनेंस
- बीबीए इन टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन टूर एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन बिजनेस एनालिटिक्स
- बीबीए इन एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट
- बीबीए इन सप्लाई चैन मैनेजमेंट
- बीबीए इन बैंकिंग एंड इंश्योरेंश
- बीबीए इन स्पोर्ट्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट
- बीबीए इन कम्युनिकेशन मैनेजमेंट
- बीबीए इन एयर ट्रैवल मैनेजमेंट
- बीबीए इन लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन कंप्यूटर एप्लीकेशन
- बीबीए इन ऑपरेशन्स मैनेजमेंट
- बीबीए इन डिजिटल मार्केटिंग
- बीबीए इन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- बीबीए इन इंटरनेशनल बिजनेस
- बीबीए इन इवेंट मैनेजमेंट
- बीबीए इन एंटरप्रन्योरशिप
- बीबीए इन मीडिया मैनेजमेंट
- बीबीए इन रिस्क मैनेजमेंट
- बीबीए इन ई-कॉमर्स
- बीबीए इन अकाउंटिंग
- बीबीए इन फॉरेन ट्रेड
- बीबीए इन इंश्योरेंस
- बीबीए इन मार्केटिंग
- बीबीए इन बैंकिंग
- बीबीए इन टूरिज्म
- बीबीए इन मैनेजमेंट

संक्षिप्त समाचार

ऑस्टेलियन ओपन

एचएस प्रणय को मिली हार, टूर्नामेंट में समाप्त हुई भारतीय चुनौती, इस खिलाड़ी ने दी शिकस्त

सिडनी, एजेंसी। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। भारत के शीर्ष रैंकिंग के सिंगलस खिलाड़ी एचएस प्रणय की हार के साथ ही ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई है। प्रणय को अपने से ऊंची रैंकिंग के जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार मिली। भारत का कोई भी खिलाड़ी इस सुपर 500 टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने



में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष सिंगल्स वर्ग में समीर वर्मा और महिला सिंगल्स में आकर्षि कश्यप के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिक्स्ड जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा।

लय बरकरार नहीं रख सके प्रणय- प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया, लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। नाराओका ने दूसरे गेम में 5-5 की बराबरी के बाद अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। विश्व रैंकिंग के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी लोह किन यू को हराकर उलटफेर करने वाले समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज खिलाड़ी ने उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

टेनिस

सुमित का शानदार प्रदर्शन जारी, पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी। नागल ने इससे पहले शुरुआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टर फाइनल में इटली के गैर वरीय एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को



पेरूगिया चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टर फाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा।

आखिरी गेंद पर द. अफ्रीका ने

तोड़ा नेपाल का सुपर-8 में पहुंचने का सपना



किंग्सटाउन, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप के 31वें मैच में नेपाल को 1 रन से हरा दिया। इस मैच में नेपाल के पास अफ्रीकी टीम के खिलाफ बड़ा उलटफेर करने का एक सुनहरा मौका था, लेकिन वह ऐसा नहीं कर सके।

टूर्नामेंट में बने रहने के लिए नेपाल को आखिरी गेंद पर दो रन की जरूरत थी, लेकिन हेनरिक क्लासेन ने नॉन-स्ट्राइकर छोर पर नेपाल के गुलसन झा को रन आउट कर दिया, जिससे सुपर ओवर की संभावना खत्म हो गई। यह नेपाल के लिए दिल तोड़ने वाला अंत था, जिसने मैच के अधिकांश समय में दक्षिण अफ्रीका से बेहतर प्रदर्शन किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए नेपाल की टीम ने दक्षिण अफ्रीका को मात्र 115 के स्कोर पर रोक दिया था और लक्ष्य का पीछा करते काफी अच्छी स्थिति में थी। पूरे मुकाबले में नेपाल ने दक्षिण अफ्रीका पर दबदबा बनाए रखा। नेपाल के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 14वें ओवर तक 85/2 का स्कोर बना लिया था, यहां से नेपाल इतिहास रचने के बेहद करीब था। लेकिन दूसरी पारी के आखिरी 18 गेंदों में मैच की कहानी पूरी तरह से पलट गई।

तबरेज शम्सी ने साउथ अफ्रीका की इस जीत में अहम भूमिका निभाते हुए चार महत्वपूर्ण विकेट झटके।

मैच का टर्निंग पॉइंट आखिरी के 3-4 ओवर रहे। आखिरी के पांच ओवर में नेपाल को 25 रन चाहिए थे। टीम के पास 7 विकेट हाथ में थे। यहां से दक्षिण अफ्रीका ने मैच पलटा और अपने नाम कर लिया। इस दौरान नेपाल ने 4 विकेट खोए और 25 रन बनाने में भी नाकाम रहा। नेपाल 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 114 रन ही बना सका।



मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं : नीरज चोपड़ा



नई दिल्ली, एजेंसी। स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कई बार इतिहास रचा है। उन्होंने एथलेटिक्स में भारत के लिए कई गोल्ड जीते, लेकिन इस दिग्गज में कभी अहंकार नहीं आया। आमतौर पर खिलाड़ी लाइमलाइट में आने के बाद अपने लक्ष्य से भटक जाते हैं, मगर नीरज का ध्यान अपने लक्ष्य से टस से मस नहीं हुआ। भारतीय स्टार एथलीट ने जियोसिनेमा के गेट सेट गोल्ड पर दिनेश कार्तिक से बात की और उन्हें जैवलिन थ्रो की मूल बातें बताईं। नीरज ने बताया कि कैसे विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में उनका थ्रो ही एकमात्र ऐसा थ्रो है जिससे वे संतुष्ट हैं। नीरज ने कहा, आज तक, मैं अपने केवल एक थ्रो से संतुष्ट हुआ, जो विश्व अंडर-20 चैंपियनशिप 2016 में 86.48 मीटर था। वह एक ऐसा थ्रो था जिसके बारे में मुझे लगा कि यह एक खास और अनोखा थ्रो था, लेकिन उसके बाद से मैं किसी भी थ्रो से संतुष्ट नहीं हुआ। मुझे लगता है कि मैं अभी अपने शिखर पर नहीं पहुंचा हूं। मैंने स्वर्ण पदक जीता है और कई प्रतियोगिताएं जीती हैं, लेकिन मुझे अभी भी लगता है कि मैं अपने सर्वश्रेष्ठ तक नहीं पहुंचा हूं और मैं अभी भी अपने थ्रो से संतुष्ट नहीं हूं। नीरज ने बताया उन्हें दोस्तों के साथ घूमना पसंद है। साथ ही उन्हें शॉपिंग करने का बहुत शौक है, लेकिन अब वो इस पर कम पैसे खर्च करते हैं क्योंकि इससे पैसा बर्बाद होता है। नीरज ने यह भी बताया कि उन्होंने कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान अपना समय हॉलीवुड फिल्में देखकर कैसे बिताया। उन्होंने कहा, लॉकडाउन के दौरान मैंने सर्वश्रेष्ठ आईएमडीबी रेटिंग वाली फिल्में देखीं। 26 वर्षीय नीरज इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ जैवलिन थ्रो एथलीटों में से एक हैं। वे मौजूदा ओलंपिक (टोक्यो 2020) और विश्व चैंपियन (बुडापेस्ट 2023) हैं। उन्होंने यूजीन में विश्व चैंपियनशिप 2022 में रजत पदक जीता।

कंफर्म: पाकिस्तान टी20 विश्वकप 2024 से बाहर

पिछले सीजन में खेला था इंग्लैंड से फाइनल



नईदिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम टी20 क्रिकेट विश्व कप 2024 में सुपर 8 में पहुंचने में फेल हो गई है। पाकिस्तान को यूएसए और भारत से मुकाबला गंवाना महंगा पड़ गया। शुक्रवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में आयरलैंड और यूएसए का मुकाबला बारिश के कारण रद्द होने से पाकिस्तान को घाटा पड़ा। पाकिस्तान को सुपर 8 में आगे बढ़ने के लिए यहां यूएसए की हार चाहिए थी लेकिन मुकाबला रद्द होने से यूएसए एक अंक लेकर सुपर 8 के लिए क्वालिफाई कर गया। पाकिस्तान के लिए एक बुरी खबर और भी है। उनका आगामी मुकाबला इसी लॉडरहिल के मैदान पर होना है। जहां आगामी दिनों में बारिश बताई जा रही है। अगर वह मुकाबला न हुआ तो पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सिर्फ एक जीत के साथ ही बाहर हो जाएगा। पाकिस्तान के लिए यह बड़ा झटका होगा क्योंकि टी20 विश्व कप के पिछले 2022 संस्करण में वह इंग्लैंड के साथ फाइनल खेली थी।

ऐसे रहे पाकिस्तान के मुकाबले

बनाम यूएसए: सुपर ओवर में हारे- पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम ने 44 तो शादाब खान के 40 रनों की बदौलत 159 रन बनाए। जवाब में यूएसए ने मोनाक पटेल के 50, गौंस 35, एरोन जोंस 36 की मदद मैच टाई करवा लिया। सुपर ओवर में अफगानिस्तान ने पहले खेलते हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 13 रन ही बना पाई और 5 रन से मुकाबला गंवा दिया।

बनाम भारत: 6 रन से हारे- भारतीय टीम ने पहले खेलते हुए ऋषभ पंत के 42 रनों की बदौलत 119 रन बनाए थे। नसीह और हारिस ने 3-3 विकेट निकाले। जवाब में पाकिस्तान की टीम 113 रन ही बना पाई। जसप्रीत बुमराह 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट लेने में सफल रहे।

बनाम कनाडा: 7 विकेट से जीते- कनाडा ने पहले खेलते हुए एरोन जोनसन के 52 रनों की बदौलत 106 रन ही बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद आमिर और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए। पाकिस्तान ने जवाब में खेलते हुए मोहम्मद रिजवान के 53 और बाबर आजम के 33 रनों की बदौलत जीत हासिल कर ली।

निष्कर्ष

पाकिस्तान को यूएसए और भारत से हार के कारण बड़ा घाटा पड़ा। वहीं, यूएसए की टीम कनाडा और पाकिस्तान पर जीत और आयरलैंड के खिलाफ मैच रद्द होने से अंक तालिका में पांच अंक बनाने में सफल रहा। पाकिस्तान अगला मुकाबला जोकि आयरलैंड के खिलाफ है, जीतने में भी सफल हो गया तो भी उनके 4 ही प्वाइंट होंगे।

रिपोर्ट

अनुशासन तोड़ने पर शुभमन गिल टीम इंडिया से बाहर

नईदिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया प्रबंधन ने एक बार फिर से अनुशासन तोड़ने पर खिलाड़ियों पर चाबुक चलाया है। इस पर यह चाबुक शुभमन गिल और आवेश खान पर चला है। दोनों प्लेयर टी20 क्रिकेट विश्व के लिए टीम इंडिया के साथ अमेरिका में हैं। इन्हें यूएसए लेग के मैच खत्म होने के बाद देश लौटने के लिए बोल दिया गया है। पहले लगा था कि न्यूयॉर्क में किसी खिलाड़ी के चोटिल न होने की सूरत में यह फैसला लिया गया है लेकिन बाद में रिपोर्ट्स आई कि शुभमन को अनुशासन के मामले में सजा दी जा रही है। यह मामले और क्रिकेट फैंस की और चर्चा पा गया जहां यह खबर सामने आई कि शुभमन ने इंस्टाग्राम पर रोहित शर्मा को अनफॉलो कर दिया है। टी20 विश्वकप शुरू होने से पहले चर्चा थी कि शुभमन को टीम इंडिया में शामिल नहीं किया जाएगा। क्योंकि भारत के पास पहले से यशस्वी जायसवाल जैसा ओपनर है। लेकिन फिर से टीम प्रबंधन ने शुभमन पर भरोसा जताया और उन्हें बतौर ट्रेवलिंग रिजर्व टीम के साथ रखा। उनके साथ रिंकू सिंह, अवेश खान और खलील अहमद भी ट्रेवलिंग रिजर्व थे। लेकिन इन चारों क्रिकेटरों को अब तक एक भी मौका नहीं मिला है क्योंकि टीम इंडिया के बल्लेबाज हो या गेंदबाज, इस समय शानदार लय में चल रहे हैं। अंदरूनी रिपोर्टों के मुताबिक गुजरात टाइटंस के कप्तान के स्वदेश वापस जाने का कथित कारण अनुशासनात्मक मुद्दे हैं। जब से वह अमेरिका में हैं तब से उन्हें टीम के साथ यात्रा करते नहीं देखा गया है। इसके अलावा अफवाह है कि वह अपना समय टीम से दूर बिताते हैं और साइड बिजनेस में व्यस्त रहते हैं।



इसी बीच शुभमन गिल की इंस्टाग्राम फोलोइंग लिस्ट में रोहित शर्मा का नाम न होना भी क्रिकेट प्रशंसकों को हैरान कर रहा है। शुभमन अक्सर सीनियर क्रिकेटरों की फोटोज पर कमेंट करने के चलते चर्चा में रहते थे लेकिन क्रिकेट प्रशंसक पा रहे हैं कि अब वह रोहित शर्मा को इंस्टाग्राम पर फालो नहीं कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कुछ इन्हीं कारणों के चलते कुछ महीने पहले इशान किशन को भी टीम से हटा दिया गया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई।

टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने युगांडा को 40 रन पर निपटाया

फिर किया धांसू रनचेज... बने कई अनचाहे रिकार्ड



त्रिनिदाद, एजेंसी। न्यूजीलैंड ने युगांडा को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के मुकाबले में मसलकर रख दिया. सुपर 8 की होड़ से बाहर हो चुकी न्यूजीलैंड की टीम ने युगांडा को पहले 18.4 ओवर में 40 रन पर आउट कर दिया, फिर पावरप्ले के अंदर ही टारगेट को चेज कर लिया. युगांडा का 40 रन का स्कोर उसका दूसरा सबसे कम स्कोर है, इससे पहले उसने इसी वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ महज 39 रन बनाए थे, जो नीदरलैंड्स के साथ टी20 वर्ल्ड कप का संयुक्त रूप से सबसे कम स्कोर है. एक समय लग रहा था कि युगांडा की टीम टी20 वर्ल्ड कप में सबसे कम स्कोर के शर्मनाक रिकॉर्ड को बना देगी. शनिवार (15 जून) को त्रिनिदाद के तारोबा में ब्रायन लारा स्टेडियम में इस मैच में कीवी कप्तान केन ने टॉस जीता और पहले पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

यूएसए की टीम ने रच दिया इतिहास

टी-20 वर्ल्डकप 2024

अमेरिका की टीम ने क्रिकेट जगत में तहलका मचा दिया है। उसने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 राउंड के किए क्वालीफाई कर लिया है। अमेरिका की टीम ने पाकिस्तान, आयरलैंड और कनाडा की टीमों को पछाड़ते हुए दूसरे दौर में अपनी जगह बनाई है। बता दें, ये पहला मौका है जब अमेरिका की टीम टी20 वर्ल्ड कप में खेल रही है। उसने अपने डेब्यू सीजन में ही अपने खेल से सभी को हैरान कर दिया है।



अमेरिका की टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अपना पहला मैच आयरलैंड के खिलाफ खेला था। इस मैच में अमेरिका ने 195 रन के टारगेट को चेज करके जीत हासिल की थी। वहीं, अपने दूसरे मैच में उसने पाकिस्तान को हराया था। इस मैच में उसने सुपर ओवर में बाजी मारी थी। हालांकि उसे अपने तीसरे मैच में टीम इंडिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

डेब्यू सीजन में रच दिया इतिहास- टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब कोई टीम ने अपने डेब्यू सीजन में ही दूसरे दौर के लिए क्वालीफाई किया है। इससे पहले ये कारनामा आयरलैंड की टीम ने ही किया था।



रवि तेजा की मिस्टर बच्चन की शूटिंग हुई पूरी! मेकर्स जल्द कर सकते हैं रिलीज डेट का खुलासा

रवि तेजा तेलुगु सिनेमा के मशहूर अभिनेता हैं। वह अपनी एक्शन कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इस वजह से उनके फैंस ने उन्हें मास महाराजा की उपाधि दी है। रवि तेजा आखिरी बार पर्दे पर इस साल फरवरी में रिलीज हुई फिल्म ईगल में नजर आए थे। फिल्म को कार्तिक गट्टामनेनी ने निर्देशित किया था। ईगल एक एक्शन थ्रिलर फिल्म थी, जो बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ी फ्लॉप रही थी। अब अभिनेता की आगामी फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है।

मिस्टर बच्चन में नजर आएंगे रवि तेजा ईगल के फ्लॉप हो जाने के बाद अभिनेता को अब एक सफल फिल्म की बेहद जरुरत है, इसलिए उन्होंने अपना ध्यान अपनी आगामी फिल्म पर केंद्रित कर दिया है। उनकी आगामी फिल्म का नाम मिस्टर बच्चन है, जिसे हरीश शंकर द्वारा निर्देशित किया जा रहा है। फिल्म का टैगलाइन रखा गया है नाम तो सुना होगा। निर्माताओं ने इस फिल्म की घोषणा पिछले साल दिसंबर में की थी। इस दौरान अभिनेता का फर्स्ट लुक भी जारी किया गया था, जिसमें रवि तेजा चश्मा लगाए स्कूटर चलाते नजर आ रहे हैं और उनका हेयर स्टाइल 70 के दशक की फिल्मों में नजर आने वाले अमिताभ बच्चन के जैसा है। अभिनेता को इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और निर्माता जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट का भी एलान कर देंगे।

फिल्म में रवि तेजा और भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। वहीं, फिल्म का निर्माण पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद द्वारा किया जा रहा है। अभिनेता के फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बता दें कि मिस्टर बच्चन हिंदी फिल्म रेड की आधिकारिक रीमेक है। राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित फिल्म रेड में सिंघम अगेन अभिनेता अजय देवगन, सौरभ शुक्ला और इलियाना डिक्रूज प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए थे। फिल्म में अभिनेता अजय देवगन का बेहतरीन अभिनय देखने को मिला था, जिसकी वजह से उन्हें काफी सराहना भी मिली थी। फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी। ऐसे में रवि तेजा के फैंस के लिए उन्हें अजय देवगन वाले किरदार में देखना काफी दिलचस्प अनुभव होगा।



साउथ की फिल्मों में भी अपना जलवा दिखाएंगी जान्हवी, पैन इंडिया स्टार्स के साथ नजर आएंगी

जान्हवी कपूर की डिमांड इन दिनों कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है। उनकी आगामी ऐसी पांच फिल्में हैं, जिनसे जान्हवी की किस्मत और भी ज्यादा चमक जाएगी। इन सभी पांच फिल्मों में से जान्हवी के खाते में दो बड़ी साउथ फिल्में भी हैं।

बॉलीवुड ही नहीं, जान्हवी कपूर साउथ डायरेक्टर्स की भी पहली पसंद बनती जा रही हैं। जल्द ही जान्हवी जूनियर एनटीआर, राम चरण के अलावा कई स्टार्स के साथ फिल्मों में धमाल करती नजर आएंगी। निर्देशक शशांक खेतान की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी की शुटिंग मई में शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में जान्हवी के साथ वरुण धवन नजर आएंगे। दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री एक बार फिर से देखने को मिलेगी। इस फिल्म से पहले दोनों ने एक साथ फिल्म बवाल में काम किया था। यह एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म होगी। यह फिल्म 18 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म देवरा भाग 1 यानी एनटीआर 30 की बात करें तो जान्हवी कपूर इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म में जान्हवी पैन इंडिया स्टार जूनियर एनटीआर के साथ स्क्रीन साझा करेंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार जान्हवी देवरा से साउथ फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। उनकी यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। इस फिल्म में सैफ अली खान भी नजर आ सकते हैं। जान्हवी पैन इंडिया स्टार अभिनेता राम चरण के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाली हैं। जान्हवी फिल्म आरसी 16 में राम चरण के साथ नजर आएंगी। यह एक मेगा बजट फिल्म है। इसकी शूटिंग इसी महीने जून से शुरू हो सकती है।

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म उलझ का टीजर पहले ही आ चुका है। यह फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होगी। इस फिल्म में जान्हवी एक यंग डिप्लोमैट के रोल में दिखाई देंगी। निर्देशक सुधांशु सरिया की फिल्म उलझ का टीजर दर्शकों को बेहद पसंद आया था। जान्हवी ने बीते साल उलझ की शूटिंग शुरू की थी, जिसका अपडेट उन्होंने फैंस के साथ सोशल मीडिया पर साझा किया था। जान्हवी ने उलझ में इंडियन फॉरेस्ट सर्विस ऑफिसर का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी पूरी तरह से देशभक्ति पर आधारित है। यह फिल्म 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

निर्देशक एस.एस राजामौली ने आरआरआर से दुनियाभर में खूब भौकाल काटा। अब बारी है उनकी अगली फिल्म की, जो है एसएसएमबी29 यह फिल्म का टेंटेटिव टाइटल है। अब तक इस फिल्म का नाम फाइनल नहीं किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कास्टिंग चल रही है। हो सकता है कि इस फिल्म में महेश बाबू नजर आएं। इस फिल्म को लेकर अब तक कई जानकारियां सामने आ चुकी हैं। हो सकता है कि इस फिल्म में जान्हवी कपूर भी हों।



बॉक्स ऑफिस पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 एक ही दिन देगी दस्तक

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं अब इसी दिन रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने जा रही है। सिनेमा प्रेमियों के लिए जहां एक साथ दो या अधिक दो से अधिक फिल्में अगर एक ही दिन बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होती हैं तो फायदे का सौदा होता है वहीं फिल्म मेकर्स के लिए यह अच्छी बात नहीं होती है। कई बार दर्शकों के बंट जाने से बॉक्स ऑफिस पर इसका सीधा प्रभाव देखने को मिलता है। सूत्रों की मानें तो इस साल दीवाली पर दो बड़ी फिल्में एक साथ रिलीज होने जा रही हैं। इसमें अजय देवगन की सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 शामिल हैं। चलिए जानते हैं भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी ने इस क्लैश के बारे में क्या कुछ कहा है।



तीन साल पहले से तय थी भूल भुलैया 3 की तारीख

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी जैसे कलाकारों से सजी फिल्म भूल भुलैया 3 इस साल दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में अभी से ही काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं अब इसी दिन रोहित शेट्टी की फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने जा रही है। भूल भुलैया 3 के निर्देशक अनीस बज्मी इस विषय पर बाते करते हुए कहते हैं, हमने तीन साल पहले ही भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट का एलान कर दिया था।

अनीस बज्मी अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, देखिए कोई भी निर्देशक या लेखक या निर्माता अपनी फिल्म को लेकर कॉन्फिडेंट ही होता है, लेकिन बॉक्स ऑफिस टकराव फिर भी कोई नहीं चाहता है। कोई भी कुछ भी बोल ले, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर अगर एक साथ दो या दो से अधिक फिल्में एक साथ रिलीज हो रही हैं तो नुकसान होना लगभग तय है।

भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट में नहीं बदलाव

भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन इस साल दीवाली पर एक साथ रिलीज होने जा रही है। दर्शकों के लिए यह धमाकेदार खबर है वही फिल्म निर्देशक अनीस बज्मी इस बात से खुश नहीं हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप भूल भुलैया 3 की रिलीज डेट को आगे पीछे करेंगे। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, देखिए अभी तक हमने इस विषय में सोचा नहीं है। अजय देवगन मित्र हैं और बॉक्स ऑफिस को कई बार टालना हमारे हाथ में नहीं होता है।

रश्मिका की तरह पुष्पा 2 के कपल सॉन्ग पर ठुमके लगाती नजर आईं हंसिका मोटवानी

हंसिका मोटवानी ने कुछ ही देर पहले अपना एक डांस वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है इस वीडियो में हंसिका पुष्पा 2 के कपल सॉन्ग पर रश्मिका की तरह डांस करती नजर आ रही हैं। फिल्म पुष्पा 2 का कपल सॉन्ग हर किसी को पसंद आया। हंसिका तमिल और तेलुगु फिल्मों की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। हंसिका का यह वीडियो साशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।




गिप्पी ग्रेवाल के म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी तेजस्वी प्रकाश

प्रकाश के साथ नए म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगे। दरअसल, गिप्पी ने गुरुवार को तेजस्वी प्रकाश के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कीं और बताया कि उनका नया म्यूजिक वीडियो रिवॉल्वर जल्द ही रिलीज होने वाला है। गिप्पी ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में वह शर्ट, ब्लेजर और पैंट के साथ येलो कलर के आउटफिट में नजर आ रहे हैं। उन्होंने ब्लैक शूज पहने हैं। वहीं बिग बॉस 15की विनर तेजस्वी प्रकाश ने ऑरेंज कलर की स्लीवलेस बॉडीकॉन ड्रेस पहनी हुई हैं। वहीं बैकग्राउंड में बड़े अक्षरों नें जी जी लिखा हुआ है। इस पोस्ट को शेयर करते हुए गिप्पी ने कैप्शन में लिखा, रिवॉल्वर वीडियो जल्द ही आ रहा है... तेजस्वी को पिछली बार नागिन 6 में बतौर लीड एक्ट्रेस देखा गया था। वह जस्सी गिल के दूर होवा गे, यासर देसाई के रुला देती है और कुलविंदर बिल्ला के कलाकार जैसे सॉन्ग वीडियो में भी दिखाई दी। वहीं गिप्पी ने कैरी ऑन जट्टा 3, हनीमून, मौजा ही मौजा, लखनऊ सेंट्रल और मंजे बिस्तरे जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में उनकी शिंदा शिंदा नो पापा रिलीज हुई। इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस हिना खान नजर आईं, वहीं उनके बेटे के रोल में शिंदा ग्रेवाल दिखे। फिल्म का निर्देशन अमरप्रीत छाबड़ा ने किया। इस फिल्म की बात करें तो कहानी बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है। कनाडा में रह रहे गिप्पी अपने शरारती बेटे शिंदा को डिसिप्लिन सिखाने के लिए भारत ले जाने का प्लान बना रहे हैं।



इस मशहूर ब्रिटिश वेब सीरीज की तर्ज पर बन रही है यश की फिल्म टॉक्सिक



साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म केजीएफ 2 के बाद से अब तक सुपरस्टार यश बड़े पर्दे पर नहीं नजर आए हैं। फिलहाल वह अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक को लेकर व्यस्त हैं, जिसको लेकर कहा जा रहा है कि ये एक मशहूर ब्रिटिश वेब सीरीज की तर्ज पर बन रही है।

यश कन्नड़ फिल्मों के मशहूर अभिनेता हैं। वह साल 2022 में रिलीज हुई अपनी आखिरी रिलीज फिल्म केजीएफ 2 से वह देश भर में मशहूर हो चुके हैं। केजीएफ फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थीं। केजीएफ 2 के बाद से ही अभिनेता बड़े पर्दे पर नजर नहीं आए हैं। ऐसे में उनके फैंस उन्हें वापस से बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेताब हो रहे हैं। हालांकि, अब अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वह अपनी आगामी फिल्म टॉक्सिक में नजर आने वाले हैं। यश ने इस फिल्म के लिए महिला निर्देशक गीतू मोहनदास के साथ हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस फिल्म में विशेष तौर पर भाई-बहन की भावना दिखाई जाएगी। इसके लिए निर्माताओं ने बहन की भूमिका के लिए पहले बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर को चुना था, लेकिन करीना आखिरी समय में तारीखों की समस्या का हवाला देते हुए पीछे हट गईं। इसके बाद टीम ने मशहूर अभिनेत्री नयनतारा से संपर्क किया और उन्होंने तुरंत फिल्म के लिए हामी भर दी। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारी सामने आ रही है। अब कहा जा रहा है कि ये फिल्म एक लोकप्रिय ब्रिटिश वेब सीरीज के तर्ज पर बनाई जा रही है।

इस मशहूर वेब सीरीज के तर्ज पर बनाई जा रही है टॉक्सिक

इस वक्त कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग शुरू की जा चुकी है। फिल्म के मुख्य किरदार यश और नयनतारा ने भारत में फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म को लेकर निर्देशक की तरफ से 200 दिनों की शूटिंग की योजना बनाई गई है, जिसका एक बड़ा हिस्सा लंदन में शूट किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक लोकप्रिय ब्रिटिश वेब सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स की तर्ज पर होने वाली है, जिसमें यश एक स्टाइलिश डॉन के रूप में नजर आएंगे।

कियारा भी आएंगी नजर

बता दें कि फिल्म में यश और नयनतारा के अलावा हिंदी फिल्मों की जानी पहचानी अभिनेत्री कियारा आडवाणी भी नजर आने वाली हैं। वह इस फिल्म में अभिनेता यश की प्रेमिका के रूप में नजर आने वाली हैं। इस गैगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म की टैगलाइन है, बड़े लोगों के लिए परी कथा। टॉक्सिक की रिलीज डेट 10 अप्रैल 2025 तय की गई है।